सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19 न्यू | 28 अधि |
| धर्मशाला | 26 न्यू | 35 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,188.99 |
| निफ्टी | 25,003.05 |
| सोना | 97145 |
| चांदी | 105285 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की हुई सगाई

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 9 जून 2025 | 27 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 161, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## सुक्खू शिपकी ला से करेंगे 'सीमा पर्यटन' की शुरुआत

### भारत-चीन सीमा से सटे खूबसूरत इलाकों का भ्रमण कर सकेंगे पर्यटक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में 'सीमा पर्यटन' पहल का शुभारंभ करने जा रहे हैं। अपने आगामी दो दिवसीय किन्नौर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री शिपकी ला गांव से इस पहल की शुरुआत करेंगे। इसका उद्देश्य देशभर के पर्यटकों को किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों में भारत-चीन सीमा से सटे खूबसूरत इलाकों का अनुभव करने का अवसर प्रदान करना है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह पहल पर्यटकों को लेपचला, शिपकी ला ग्यू मठ, खाना दुमटी, सांगला, रानी कंडा, छितकुल और लाहौल-स्पीति के चयनित क्षेत्रों तक पहुंचने की सुविधा देगी। इससे पर्यटक इन दूर-दराज के जनजातीय




क्षेत्रों की संस्कृति और रहन-सहन से अवगत हो सकेंगे। राज्य सरकार के लगातार प्रयासों के बाद केंद्र सरकार से इस विषय पर सकारात्मक परिणाम मिले हैं, जिससे इन क्षेत्रों में पर्यटन और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

### आईटीबीपी व सेना सुनिश्चित करेगी सुरक्षित आवागमन

**इस** पहल का लक्ष्य सीमावर्ती क्षेत्रों में सतत पर्यटन को बढ़ावा देना, राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करना और क्षेत्र की अनूठी जनजातीय विरासत को संरक्षित करना भी है। पहले इन क्षेत्रों में जाने के लिए विशेष अनुमति की आवश्यकता होती थी, लेकिन अब स्थानीय निवासी और प्रमाणित पर्यटक वैध पहचान पत्र दिखाकर इन स्थानों पर जा सकते हैं। आईटीबीपी और सेना सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेंगी। यह कदम स्थानीय बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा, आजीविका के अवसर बढ़ाएगा और दूरस्थ जनजातीय समुदायों में राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देगा।

## प्रदेश सरकार की हालत देख कांग्रेसी भी रोने को मजबूर : अनुराग ठाकुर

### सांसद ने पुलिस व्यवस्था पर उठाए सवाल, पूछा- यह राज या जंगल राज?

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल में कांग्रेस की सरकार की हालत पर तंज करते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि अब तो कांग्रेसी भी रोने को मजबूर हो चुके हैं। उनके पास थोड़ी देर बैठो, सारी स्थिति बयां हो रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश ऐसा नहीं था, जैसा इस कांग्रेस सरकार ने बना दिया है। यहां पुलिस सिस्टम अपनी हालत खुद बयां कर रहा है। यहां राज है या जंगल राज? हम बिहार राज्य में जंगल राज बारे सुना करते थे, कांग्रेस की वजह से हिमाचल में भी ऐसे हालात देखे जा सकते हैं। अनुराग ठाकुर रविवार को हमीरपुर जिले के दौरे पर थे।

### मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां बताईं



**ऊना।** अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को ऊना भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के समक्ष मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ केंद्र की एनडीए सरकार ने भारत के आम जनमानस के हित व गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सर्वकल्याण से विकसित भारत के संकल्प सिद्धि की ओर बढ़ रहा है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### जयशंकर यूरोप की एक हफ्ते की यात्रा पर रवाना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर सात दिन के विदेश दौरे पर



रहेंगे। वे आठ से 14 जून तक बेल्जियम, फ्रांस और यूरोपीय संघ की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान विदेश मंत्री फ्रांस में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। साथ ही बेल्जियम में विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने समकक्ष से बात करने के साथ ही प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत और फ्रांस ने रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं। फ्रांस के साथ हमारे संबंध गहरे विश्वास और प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। दोनों देश कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर समान दृष्टिकोण साझा करने के अलावा निकटता से सहयोग करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### कोलंबिया में राष्ट्रपति प्रत्याशी को मारी गोली

**एजेंसी, बोगोटा।** साउथ अमेरिकी देश कोलंबिया में राष्ट्रपति उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को चुनाव प्रचार के दौरान गोली मार दी गई। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। हालत नाजुक बनी हुई है। घटना स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम की है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक उरीबे को तीन गोलियां लगी है, इनमें से एक गोली के उनके सिर में लगने की खबर है। उरीबे राजधानी बोगोटा में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। कोलंबिया में 2026 में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। मिगुएल उरीबे राष्ट्रपति पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। 39 वर्षीय उरीबे विपक्षी सेंट्रो डेमोक्रेटिको कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य हैं। पार्टी ने बयान जारी कर बताया कि उरीबे को संबोधन के दौरान हमलावर ने पीठ में गोली मारी। पुलिस ने 15 साल के आरोपी हमलावर को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप-मस्क को जान से मारने की धमकी

**एजेंसी, सना।** अलकायदा की यमन शाखा के नेता साद बिन अतेफ अल अवलाकी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क को जान से मारने की धमकी दी है। पिछले साल यमन में अलकायदा समूह की कमान संभालने के बाद जारी अपने पहले वीडियो संदेश में साद ने गाजा में इसरायल-हमास पर बात करते हुए ट्रंप और मस्क को धमकी दी है। अतेफ अल-अवलाकी का यह वीडियो संदेश शनिवार सुबह अलकायदा समर्थकों ने इंटरनेट पर जारी किया है। अवलाकी ने मिस्र, जॉर्डन और दूसरे अरब देशों के नेताओं को भी मार डालने की धमकी दी है। उसने इनको गाजा में महिलाओं और बच्चों की मौतों के लिए जिम्मेदार कहा है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बिल्ल कलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में हो रहा भव्य पार्क का निर्माण -पेज 2
- हिमाचल में दुग्ध क्रांति से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली नई उड़ान -पेज 3
- सेब पर संकट से प्रदेश के बागवानों की बढ़ी चिंता -पेज 6
- सीएम साहब! दुग्ध सोसायटियों को जल्द जारी किया जाए बजट -पेज 11
- एनएसडीएल में फंसी कर्मियों की पूंजी वापस करे केंद्र -पेज 12


## सोनिया गांधी दिल्ली रवाना

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सोनिया गांधी रविवार को शिमला से वापस दिल्ली रवाना हो गईं। वह यहां से



पहले सड़क मार्ग से चंडीगढ़ पहुंचीं और वहां से फ्लाइट से दिल्ली रवाना हुईं। बीते कल उनका बीपी बहुत बढ़ गया था। इसके बाद वह रूटीन जांच के लिए आईजीएमसी शिमला पहुंची थीं। यहां पर उनके सारे टेस्ट सामान्य पाए गए व डॉक्टर ने उन्हें वापस भेज दिया था। सूत्रों की मानें तो दिल्ली में वह सेकेंड ओपिनियन ले सकती हैं। हालांकि अभी वह पूरी तरह से स्वास्थ्य हैं। सोनिया गांधी 2 जून को ही शिमला आई थीं। वह यहां छराबड़ा में फार्म हाउस पर ठहरी हुई थीं, जबकि उनकी बेटी प्रियंका गांधी उनसे 2 हफ्ते पहले ही यहां आ गई थीं। प्रियंका गांधी का शिमला से 13 किलोमीटर दूर छराबड़ा में एक फार्म हाउस है। यह घर पहाड़ी शैली में बनाया गया है। इंटीरियर में देवदार की लकड़ी से सजावट की गई है। मकान के चारों तरफ हरियाली और पाइन के खूबसूरत पेड़ हैं। सामने हिमालय के बर्फ से ढके पहाड़ नजर आते हैं। सोनिया, प्रियंका और राहुल गांधी अक्सर गर्मियों में छुट्टियां मनाने के लिए यहां आते हैं।

# मणिपुर : प्रदर्शनकारियों ने वाहन फूंके, चलाईं गोलियां

### मैतई संगठन अराम्बाई तेंगगोल के नेता की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर में मैतेई संगठन अराम्बाई टेंगोल के नेता कर्ण सिंह को रविवार को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। उन पर 2023 में हिंसा भड़काने के आरोप हैं। इनकी गिरफ्तारी की खबर फैलने के बाद मणिपुर में हिंसा भड़क गई।

मैतेई नेता की रिहाई की मांग करते हुए प्रदर्शनकारियों ने इंफाल के क्वाकेथेल और उरीपोक में सड़क के बीचों-बीच टायर और पुराने फर्नीचर जलाए व कई वाहनों में आग लगा दी। एयरपोर्ट का भी घेराव किया गया। इंफाल के अलग-अलग इलाकों में प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश भी की। गुस्साई भीड़ ने इंफाल वेस्ट जिले के खुरई लामलोंग में एक बस को भी आग के हवाले कर दिया।



प्रदर्शनकारियों द्वारा जलाई गई एक बस।

क्वाकेथेल में कई गोलियों की आवाजें सुनी गईं, लेकिन यह पता नहीं चल पाया कि गोलियां किसने चलाईं। तीन लोगों के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है।

सरकार ने 7 जून की रात 11:45 बजे से पांच दिनों के लिए 5 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सर्विस सस्पेंड कर दी है। इनमें इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर शामिल हैं। इंफाल ईस्ट और बिष्णुपुर में कर्फ्यू भी लगाया गया है।

गौरतलब है कि मणिपुर में मई 2023 को कुकी-मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो आज भी जारी है। दो सालों में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई व 1500 से ज्यादा घायल हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### राजभवन जाने वाले मार्गों पर सुरक्षा बढ़ाई

**राजभवन** की ओर जाने वाली सड़कों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। केंद्रीय बलों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जो भी व्यक्ति जारी आदेशों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 15 जून तक नई सरकार बनने की संभावना

**मणिपुर** में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन है, लेकिन मौजूदा विधानसभा भंग नहीं हुई है, सिर्फ निलंबित है। हालांकि, 30 अप्रैल को 21 विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भेजकर राज्य में तत्काल लोकप्रिय सरकार बनाने की मांग की थी। ऐसे में 15 जून तक नई सरकार बनने की उम्मीद है।

## गोहर में खाई में गिरी जीप 2 लोगों की मौत, 20 घायल




गोहर के सनपालू नाला के पास गहरी खाई में गिरी मालवाहक जीप।

**अनंत ज्ञान, गोहर**

मंडी जिले के गोहर उपमंडल की ग्राम पंचायत शाला के सनपालू नाला के पास रविवार दोपहर एक जीप गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार भूरला और झमाड़ गांव के लोग मझोठी में एक बुजुर्ग के अंतिम संस्कार में भाग लेने जीप में जा रहे थे। दोपहर करीब 1 बजे जैसे ही वाहन सनपालू नाला के समीप पहुंचा, चालक ने नियंत्रण खो दिया और जीप लगभग 50 मीटर गहरी खाई में चट्टानों के बीच जा गिरी। हादसे में बोधराज पुत्र लछी राम और नीलमणी पुत्र शाहडू, निवासी भूरला की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण धमाके और चीख-पुकार सुनकर तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही गोहर थाना पुलिस और एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची। घायलों को सिविल अस्पताल गोहर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर कर दिया गया।

वहीं, एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, तहसीलदार गोहर कृष्ण कुमार भी मौके पर पहुंचे और प्रशासन की ओर से घायलों व मृतकों के परिवारों को तात्कालिक राहत मुहैया करवाई गई।

## पूर्व सीजेआई खन्ना ने मांगा था जस्टिस वर्मा से इस्तीफा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना ने इनहाउस रिपोर्ट के आधार पर जस्टिस यशवंत वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा था। इसके लिए राजी न होने पर सीजेआई खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर जस्टिस वर्मा को हटाने की सिफारिश की थी। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। इससे पहले एएनआई ने बताया था कि केंद्र सरकार जस्टिस वर्मा को पद से हटाने के लिए संसद के मानसून सत्र में प्रस्ताव ला सकती है। कानूनी जानकारों के मुताबिक अगर वे इस्तीफा देते हैं, तो उन्हें रिटायर्ड जज की तरह पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। संसद में प्रस्ताव लाकर हटाए जाने पर पेंशन आदि कुछ नहीं मिलेगा।



**नहीं दिया, तो पद से हटाने की सिफारिश भी की**

दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहे जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लग गई थी। आग बुझाने पहुंची फायर सर्विस टीम को बोरियों में भरे 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले थे। मामला बढ़ने पर उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, उन्हें कोई भी न्यायिक काम नहीं दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## विमल नेगी मामला : पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल

### केंद्रीय जांच ब्यूरो के पास केस जाने से हिमाचल पुलिस की साख भी दांव पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता विमल नेगी मौत मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, यह सिर्फ एक मौत की गुत्थी नहीं, बल्कि पुलिस व्यवस्था पर डगमगाते विश्वास का मामला बनता जा रहा है। उच्च न्यायालय के ताजा आदेश, जिसमें छुट्टी पर चल रहे शिमला के पूर्व एसएसपी संजीव गांधी पर की गई व्यक्तिगत टिप्पणियों को हटाने का निर्देश दिया गया है, ने इस मामले को एक नया मोड़ दिया है, जहां न्यायिक समीक्षा और पुलिस की जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं।

एकल न्यायाधीश पीठ ने 23 मई को जब इस मामले को सीबीआई को सौंपा था, तो उसने स्थानीय पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच की दक्षता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए थे। नेगी परिवार के लगातार आरोपों और स्थानीय पुलिस की जांच से असंतुष्टि के बीच, उच्च न्यायालय का यह कदम न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक माना गया था। अब, संजीव गांधी की याचिका पर उच्च न्यायालय का आंशिक राहत देना, जहां व्यक्तिगत टिप्पणियों पर नोटिस जारी किया गया है, यह दर्शाता है कि अदालत पुलिस अधिकारियों की व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का भी ख्याल रख रही है, लेकिन साथ ही यह भी दोहराया है कि जांच का हस्तांतरण सही था, क्योंकि महत्वपूर्ण साक्ष्य और गवाहों के बयानों को सुरक्षित रखने के लिए एक केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच आवश्यक है। यह परोक्ष रूप से स्थानीय पुलिस की साक्ष्य सुरक्षित रखने की क्षमता पर संदेह को उजागर करता है।

जब एक उच्च न्यायालय को किसी मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपनी पड़ती है, तो यह स्थानीय पुलिस की विश्वसनीयता पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह लगाता है। यह न केवल वर्तमान अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करता है, बल्कि जनता के मन में पुलिस पर भरोसे को भी कम करता है। संजीव गांधी को व्यक्तिगत राहत मिलने के बावजूद, मूल मुद्दा 'स्थानीय पुलिस की जांच की अक्षमता या अनिच्छा' बरकरार है।

### क्या जांच को प्रभावित किया गया?



**एक** ऐसे मामले में जहां मृतक की पत्नी ने अपने पति पर विभागीय प्रताड़ना का आरोप लगाया है और फिर शव भी रहस्यमय परिस्थितियों में मिलता है, में स्थानीय पुलिस की भूमिका हमेशा गहन जांच के दायरे में रहेगी। क्या प्रारंभिक जांच में कोई कोताही बरती गई? क्या किसी दबाव में तथ्यों को दबाने या मोड़ने का प्रयास किया गया? सीबीआई की टीम इन सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। सीबीआई का शिमला एसपी कार्यालय में रिकॉर्ड खंगालना यह बताता है कि वह प्रारंभिक जांच के हर पहलू पर सवाल उठा रहे हैं।

## हिमाचल में चार दिन मौसम साफ

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल में अगले चार दिन मौसम साफ रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग शिमला के अनुसार, 11 जून तक पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहेगा, जिससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों के तापमान में 3 से 4 डिग्री की वृद्धि होगी। इन क्षेत्रों में बारिश के कारण तापमान सामान्य से कम चल रहा था। 12 जून को एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। यह पश्चिमी विक्षोभ 13 जून को और मजबूत होगा, जिसके चलते प्रदेश के मध्यम और अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश का पूर्वानुमान है। प्रदेश के सात शहरों का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है, जिसमें ऊना का तापमान सर्वाधिक 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## पाकिस्तान बोला- 80 जेट, 400 मिसाइलों के साथ आया था भारत

### घबराया पाक हथियारों के लिए अब अमेरिका के आगे गिड़गिड़ाया

**एजेंसी, वॉशिंगटन/इस्लामाबाद**

भारत के मिसाइल हमले के बाद से पाकिस्तान घबराया हुआ है। उसे अब अपने भविष्य को लेकर डर सता रहा है और उसने अमेरिका से एडवांस हथियारों की मांग की है। एक 13 सदस्यीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल इन दिनों वॉशिंगटन पहुंचा है, जहां उसने अमेरिकी हथियारों की मांग की। पाकिस्तान के केंद्रीय मंत्री मुसादिक मलिक ने अमेरिका से उन्हें वायु रक्षा प्रणाली और लड़ाकू विमान देने का आग्रह किया है। मलिक का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है कि 'भारत 80 फाइटर जेट के साथ आया था, हर जेट में 5 मिसाइलें थीं। इनमें से कुछ परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हैं। 400 मिसाइलें... आप सोच सकते हैं कि हमारा क्या होता। अगर हमारे पास वायु रक्षा प्रणाली नहीं होती, तो हम मलबे में दबे होते।' इससे साफ पता चलता है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ जो डींग मार रहा था, वह बिलकुल झूठी है। (अनंत ज्ञान)

### भारत की तकनीक बहुत एडवांस

**मलिक** ने कहा, 'भारत जो तकनीक इस्तेमाल कर रहा है, वह बहुत एडवांस है। इसलिए हम कहते हैं कि लाओ, वे तकनीकें हमें दो, हम उन्हें आपसे खरीद लेंगे।' पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल वॉशिंगटन में है, जो अमेरिकी अधिकारियों और सांसदों से बातचीत के लिए गया है। मलिक इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा है।

### पाकिस्तान के झूठे दावों की खुली पोल

**मुसादिक** मलिक के बयान ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है। एक तरफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने देश के लोगों के सामने जीत का दावा कर रहे हैं, वहीं उनकी कैबिनेट के मंत्री अमेरिका से मदद मांग रहे हैं। शहबाज शरीफ ने तो हद ही कर दी और इस सैन्य टकराव के बाद पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल की उपाधि से नवाज दिया।

**साइबर क्राइम** ऑनलाइन ठगी का नया जाल, पांच महीनों में 1200 से अधिक मामले दर्ज

## हिमाचल में साइबर अपराधों में उछाल ने डराया

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** देवभूमि हिमाचल प्रदेश अब साइबर अपराधियों के निशाने पर है। साल 2025 में अब तक, इंटरनेट ब्राउजिंग से संबंधित साइबर अपराधों में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है। इस अवधि में राज्य भर से 1204 शिकायतें सामने आई हैं। इन मामलों में फर्जी वेबसाइटों, फिशिंग लिंक, दुर्भावनापूर्ण पॉप-अप और ऑनलाइन धोखाधड़ी के जरिए लोगों को ठगा जा रहा है, जिससे आम जनता के लिए इंटरनेट का उपयोग और भी जोखिम भरा हो गया है।

यह चौंकाने वाला आंकड़ा साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों के लिए भी चिंता का विषय बन गया है। 2025 वर्ष के पहले पांच महीनों में दर्ज किए गए साइबर क्राइम के मामले, पिछले पूरे साल (2024) में दर्ज कुल 3,261 शिकायतों का लगभग 37 प्रतिशत है। यह वृद्धि दर्शाती है कि प्रदेश में साइबर अपराधी कितनी तेजी से अपनी पहुंच बढ़ा रहे हैं और नई-नई तरकीबों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। इन सभी शिकायतों को टोल-फ्री साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज किया गया है।




### ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए बरतें ये सावधानियां

**राज्य** सीआईडी की साइबर क्राइम सेल ने नागरिकों को इन जालसाजों से बचाने के लिए तत्काल दिशा-निर्देश जारी किए हैं। साइबर सेल ने विशेष रूप से इंटरनेट ब्राउज करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है। किसी भी वेबसाइट पर जाने से पहले उसके यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर (यूआरएल) को बेहद ध्यान से देखें। मामूली बर्तनी संबंधी बदलावों पर नजर रखें। संदिग्ध वेबसाइटों की स्कैनिंग जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं का उपयोग करके किसी भी संदिग्ध वेबसाइट को स्कैन करें।

### अपराधी लापरवाही व जागरूकता की कमी का उठा रहे फायदा

**साइबर** क्राइम के डीआईजी मोहित चावला ने मौजूदा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल युग में जब लगभग हर कोई दैनिक आधार पर इंटरनेट का उपयोग करता है, शिकायतों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि इंटरनेट ब्राउज करते समय अत्यधिक सतर्क रहने और साइबर अपराधियों द्वारा बिछाए गए जाल में न फंसने की कितनी आवश्यकता है। डीआईजी चावला ने इस बात पर जोर दिया कि साइबर अपराधी अक्सर उपयोगकर्ताओं की लापरवाही या जागरूकता की कमी का फायदा उठाकर उन्हें वित्तीय और व्यक्तिगत रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। डीआईजी चावला ने हिमाचल प्रदेश के लोगों से साइबर सेल द्वारा जारी इन सुरक्षा दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करने और किसी भी संदिग्ध या संभावित हानिकारक ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर देने की अपील की है।



मोहित चावला
डीआईजी
साइबर क्राइम

# बिल्ल कलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में हो रहा भव्य पार्क का निर्माण

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** मुख्यमंत्री सुक्खू के दिशा-निर्देश पर नादौन विधानसभा क्षेत्र की पंचायत फस्टे के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल बिल्ल कलेश्वर महादेव मंदिर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए एक भव्य पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इस धार्मिक स्थल में बनाए जा रहे पार्क का निर्माण कार्य वर्तमान समय में प्रगति पर हैं। खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने बताया कि मनरेगा योजना एवं 15वें वित्त आयोग कनवर्जन (अभिशरण) के सहयोग से बनाए जा रहे इस पार्क के निर्माण पर अब तक 20 लाख की बजट राशि खर्च की जा चुकी हैं, जबकि इस पार्क को भव्य रूप देने के लिए लगभग 35 लाख की बजट राशि खर्च करने का प्रावधान रखा हैं।

अधिकारी ने इस धार्मिक स्थल पर बनाए जा रहे पार्क के बारे में बताया कि इस पार्क में भगवान शिव (गंगाधरेश्वर) की एक 20 फुट ऊंची मूर्ति की स्थापना की गई है जो कि यहां आने वाले पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी एवं एक लगभग 20 फुट ऊंचे एक कैलाश पर्वत का भी निर्माण किया जा रहा हैं वो भी मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। अधिकारी ने बताया कि भगवान गंगाधरेश्वर एवं कैलाश पर्वत के निर्माण का खर्चा क्षेत्र के प्रसिद्ध उधमी एवं समाजसेवी प्रभात चौधरी के द्वारा उठाया जा रहा है। यही नहीं इस पार्क में बच्चों के खेलने के लिए झूले भी लगाए जा रहे हैं एवं पार्क को आकर्षित बनाने के लिए हरी घास एवं फूलदार और सजावटी पौधे भी लगाए जा रहे हैं।

### पार्क निर्माण पर 35 लाख खर्च करने का लक्ष्य

अधिकारी ने कहा कि शीघ्र निर्माण कार्य को पूरा किया जाएगा ताकि नादौन के प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के बाद यहां अतिशीघ्र पर्यटकों की चहल कदमी बढ़ सके।



### कहां स्थित है ये प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल

**ये** ऐतिहासिक धार्मिक स्थल नादौन से 8 किलोमीटर दूर कस्बा बड़ा की पंचायत फस्टे के गांव बटाहली में ब्यास नदी के किनारे स्थित हैं। इस मंदिर के पास बह रही ब्यास नदी इसकी सुंदरता को ओर चार चंद लगाती हैं।

### पांडवों के इतिहास से जुड़ा है धार्मिक स्थल का नाम

**नादौन** विधानसभा क्षेत्र की पंचायत फस्टे में स्थित बिल्ल कलेश्वर. महादेव मंदिर के निर्माण का इतिहास पांडवो के इतिहास से जुड़ा हैं। लोगों का कहना है कि इस मंदिर का निर्माण पांडवो ने अपने अज्ञात वास के दौरान किया था, लेकिन आज दिन तक इसे पर्यटन के रूप में विकसित नहीं किया जा सका जबकि इस धार्मिक स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की आपार संभावनाएं हैं। अब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपनी दूरदर्शी सोच के चलते इस धार्मिक स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का बीड़ा उठाया हैं।

# 20 माह से लटकी बीआरसीसी भर्ती

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** प्रदेश भर अक्तूबर 2023 को शुरू हुई बीआरसीसी पदों की भर्ती का परिणाम आज तक जारी नहीं हो सका है। इस भर्ती के विज्ञापन के बाद हाईकोर्ट में दर्ज सी डब्ल्यू पी 9447/2023 के तहत बीआरसीसी भर्ती पर रोक हाईकोर्ट ने लगाई थी। 7 नवंबर 2024 तक भर्ती इसी स्टे आदेश के कारण शुरू नहीं हो सकी। इसके बाद समग्र शिक्षा अभियान को भर्ती पूरी करने की आज्ञा हाईकोर्ट ने अपने निर्णय में दे दी।

आखिर समग्र शिक्षा अभियान ने नए सिरे से 282 पदों पर बीआरसीसी भर्ती विज्ञापन 30 नवंबर 2024 को जारी किया। इसके बाद भर्ती प्रक्रिया गूगल फार्म से शुरू की गई जिस कारण अनेकों तकनीकी परेशनियां बाद में सामने आईं और भर्ती हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 24 दिसंबर, 2024 तय हुई। अनेकों आवेदकों ने अपना नाम आवेदन सूची में शामिल नहीं होने की शिकायत दी तो शिक्षकों के नाम समग्र शिक्षा अभियान ने उनके अनुरोध पर भर्ती प्रक्रिया में जनवरी, 2025 में शामिल किए।

19 फरवरी, 2025 तक आवेदकों के नाम फाइनल किए गए और फिर 23 मार्च को लिखित परीक्षा रखी गई मगर शिक्षकों की बोर्ड परीक्षा ड्यूटी के कारण इसे 6 अप्रैल, 2025 को आयोजित किया गया। इस परीक्षा में उत्तीर्ण शिक्षकों के साक्षात्कार 26 मई, 2025 से 2 जून, 2025 तक आयोजित हुए मगर अब हाईकोर्ट में सी डब्ल्यू पी 9227/2025 के तहत भर्ती का अंतिम परिणाम जारी करने के लिए हाईकोर्ट की परमीशन लेनी होगी। इस मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई 2025 को तय हुई है।

ऐसे में इस भर्ती का परिणाम जारी करने हेतु हाईकोर्ट से अनुमति लेने हेतु याचिका दायर करने की अपील राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार और महाअधिवक्ता से की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि 20 माह से लंबित इस भर्ती का परिणाम जारी करने हेतु जल्द सुनवाई हेतु अर्जी हाईकोर्ट में देकर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। इस याचिका में सभी प्रार्थी जेबीटी हैं तो अप्पर प्रामरी बीआरसीसी पदों पर उनका क्लेम मान्य नहीं होगा क्योंकि अप्पर प्राइमरी बीआरसीसी पदों को केवल प्रवक्ता या टीजीटी से भरा जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### दीन हित मंडल भोरंज ने होनहारों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, जाहू।** उपमंडल भोरंज के तहत दीन हित मंडल भोरंज ने होनहारों को सम्मानित किया। सन सकाई होटल बस्सी के सभागार में नव रत्न होनहार बेटियों को सम्मानित किया गया। ये बच्चे दसवीं और बाहरवीं कक्षा में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में टाप टेन में रहे है। इस शुभ अवसर पर कैरियर पॉइंट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजीव शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। दीन हित मण्डल के अध्यक्ष डॉ. बीआर शर्मा ने व मुख्यातिथि ने होनहार बच्चों और उपस्थित जन समूह का स्वागत किया। इस अवसर पर टॉप मैरिट में स्थान ग्रहण करने वाले होन हारों तथा उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया। 9 होनहारों को 5100 रुपए का चैक, स्मृति चिन्ह, टी शर्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रत्येक होनहार को एक-एक सहजना (मोरिंगा) का औषधीय पौधा भी प्रदान किया। डॉ. बीआर शर्मा ने होनहार बच्चों को आश्वासन दिया कि उच्च शिक्षा में दीन हित मण्डल संस्था बच्चों का सहयोग करेगी। दसवीं कक्षा में अक्षरा, ईशा, दीक्षा कुमारी, जानवी, पलक शर्मा, सिमी ठाकुर, प्रेयाशी सांडिल तथा बारहवी कक्षा से कृतिका शर्मा तथा सोनाल को क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में डॉ. कुलवंतराय सेवा निवृत डीन, अंर्तराष्ट्रीय वाली-वाल कोच विद्या सागर शर्मा, सेवा निवृत निदेशक कृषि हेम राज शर्मा, समाज सेवी पवन डोगरा, गुलशन संधू, मेजर रघुवीर सिंह, करतार चौहान, अमर सिंह, डॉ. प्रेम शर्मा, पीसी राणा आदि ने भाग लिया।

### उम्मीदवारों की क्वालिफिकेशन हो तय

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** समाज सेवी एवं विकास सभा ज्वालामुखी के अध्यक्ष अमर चंद कमल ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर प्रक्रिया शुरू हो गई है। कहीं पंचायतों का पुर्नगठन हो रहा है तो कई नई पंचायतें बनाई जा रही हैं। वर्तमान में पंचायतों का विकास करवाने, पंचायत स्तर पर लोगों के केसों की सुनवाई व निपटारा करने के अलावा समाजिक भाईचारा बनाए रखने में अहम रोल होता है। पंचायतों में छोटे मोटे झगड़ों का निपटारा भी किया जाता है जिससे लोग अदालती कार्रवाई वच जाते हैं और उन्हें पंचायत स्तर पर ही सही निर्णय मिल जाता है जिससे दोनों पक्ष सहमत व संतुष्ट भी हो जाते हैं। जिससे दोनों पक्षों को राहत मिलती है। ऐसे में पंचायत उम्मीदवारों की बेसिक क्वालिफिकेशन भी काफी मायने रखती है। अमर चंद कमल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि पंचायत चुनावों के लिए उम्मीदवारों की बेसिक क्वालिफिकेशन तय की जाए ताकि विकास कार्यों सहित अन्य कार्यों में पंचायत प्रतिनिधि स्वयं नियमों वाईलाज का अध्यन करके पारदर्षिता लाने में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

### महाराणा प्रताप पार्क में झूलों पर गिरा पेड़

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर के महाराणा प्रताप पार्क में चीड़ का पेड़ गिरने से काफी नुकसान हुआ है। पेड़ के कारण झूले सहित ओपन एयर जिम के उपकरण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गनीमत यह रही की हादसे के दौरान वहां कोई मौजूद नहीं था। अन्यथा बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। जिला मुख्यालय से 500 मीटर दूर लोक निर्माण विभाग कलोनी के साथ स्थित इस पार्क में प्रतिदिन सैकड़ों लोग सैर करने और बच्चों के घूमाने के लिए लाते हैं लेकिन पेड़ के गिरने से लोग पार्क में जाने से गुरेज कर रहे हैं। इससे पूर्व भी पार्क में डंगा गिरने से काफी नुकसान हुआ था अब पेड़ के कारण टूटे हुए झूलों की मरम्मत नए सिरे से होगी। नगर निगम हमीरपुर की ओर से डेढ़ वर्ष पूर्व 10 लाख रुपये की लागत से पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य करवाया गया है। कार्य के दैरान पार्क में महाराणा प्रताप की मूर्ति के साथ सजावटी लाइटें, वर्षा शालिका, बेंच, ओपन एयर जिम, सहित खेलने के लिए झूले स्थापित किए गए हैं ताकि शहर के लोगों को उचित स्थान मिल सके।अब झूलों और ओपन एयर जिम के उपकरणों के टूटने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि पार्क के साथ बनाई गई पार्किंग में चौकीदार का कमरा भी है। पेड़ को हटाने के बारे में अवगत करवाया है लेकिन अभी तक पेड़ को हटाने में कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्क के साथ स्थापित पेड़ों की समय पर कांट छांट न होने से अक्सर बारिश के दौरान पेड़ों के गिरने का खतरा बना रहता है। उन्होंने पेड़ को हटाने की मांग की है। वहीं आयुक्त अभिषेक कुमार गर्ग ने कहा कि इस बारे में कोई भी शिकायत नहीं आई है। पार्क का निरीक्षण करवाया जाएगा ताकि समस्या का स माधान किया जा सके। कर्मचारियों को पेड़ को हटाने के निर्देश दिए जाएंगे।

### कोरोना को लेकर हमीरपुर मेडिकल कॉलेज अलर्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज कोरोना को लेकर अलर्ट हो गया है। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर रमेश भारती ने बताया कि कोरोना को लेकर हमीरपुर मेडिकल कॉलेज ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अभी तक सिरमौर जिला में एक कोरोना का मामला सामने आया है। जिसके चलते प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुये कहा कि लोग एहतियात बरतें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करें।जिला स्वास्थ्य विभाग भी कोरोना के मामलों को लेकर अलर्ट पर है। सभी बीएमओ से खांसी, जुकाम, बुखार से पीड़ित मरीजों की निगरानी की जा रही है। वहीं मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के प्रधानाचार्य डॉक्टर रमेश भारती ने बताया कि प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो करोड़ों को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है लोग उसकी पूरी तरह से पालन करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी में सर्दी जुकाम के सिंटम हो तो वह मुंह पर मास्क बांधकर या अपने हाथों को बार-बार साबुन या सेनीटाइज से साफ करें। वहीं डॉक्टर रमेश भारती ने बताया कि प्रदेश स्वास्थ्य सचिव द्वारा गाइडलाइंस जारी की गई है कि अस्पतालों में आने वाले मरीजों को और तामीरदारों को मुंह पर मास्क बंद कर आना चाहिए या मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में भी अनिवार्य किया गया है उन्होंने लोगों से अपील की है कि करोड़ों के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी गाइडलाइंस का पूरी तरह से पालन करें ताकि कोरोना को हराया जा सके। आपको बता दें कि मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त मात्रा में मास्क, पेरासिटामोल सहित अन्य दवाइयां उपलब्ध हैं। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए दवाइयों सहित अन्य सामग्री की भी पुन: जांच की जा रही है। जहां-जहां कमी दिख रही है, उस कमी को पूरा करने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। मेडिकल कॉलेज में अभी तक कोरोना के टेस्ट शुरू नहीं हुए हैं। रोजाना यहां पर 1000 से अधिक मरीजों की ओपीडी होती है। इसके चलते मरीजों की भीड़ रहती है। मरीजों को अधिक सजगता बरतने की अपील की गई है और साथ कोरोना से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास पर्याप्त इंतजाम हैं।

# पैच वर्क के लिए बरसात का इंतजार

## कोहली से हमीरपुर तक सड़क का हाल खराब, क्यों नहीं हो रहा सुधार

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** पेचवर्क के लिए एनएचएआई (नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया) आखिर किसका इंतजार कर रही है। कोहली से हमीरपुर तक सड़क मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। एक या दो जगहों पर दो सप्ताह पहले थोड़ा सा काम हुआ, लेकिन अब विराम लग चुका है।

यह सड़क कई जगह से बुरी तरह जर्जर से हो चुकी है, लेकिन मुरम्मत नहीं हो रही। अब कुछ ही देनों में बरसात शुरू होने वाली है। वैसे इस बार मौसम इतना गर्म हुआ नहीं है, इसलिए यदि बरसात शुरू हो गई तो फिर पैच लगाने का कोई फायदा होने वाला नहीं। क्योंकि पहले भी ऐसा हो चुका है। बरसात में फिर सड़क उखड़ जाएगी, तभी तो लोग पूछ रहे हैं कि क्या विभाग बरसात शुरू होने का इंतजार कर रहा है। सही समय पर यदि मरम्मत नहीं होगी, तो फिर कब होगी?

कारण यह है कि कोहली तक तो घुमारवीं की तरफ से पैच वर्क लग चुका है। सड़क की ठीक-ठाक मुरम्मत हो चुकी है। गसोती खड्डु पुल के पास सड़क का एक हिस्सा अभी अधूरा है। उस पर जो स्थिति बनी हुई है, वह भी भयानक है। क्योंकि अचानक यह खराब सड़क दुर्घटनाओं को बुलावा दे रही है।





सड़क पर जगह-जगह पड़े हुए गड्ढे।

### किन जगहों पर है सड़क का हाल खराब

**हनुमान** मंदिर के पास से लेकर मट्टन सिद्ध के नीचे डुग्घा तक की सड़क की हालत भी खराब है। पेट्रोल पंप और उसके पीछे बस स्टैंड स्टॉप तक सड़क पर कई जगह गड्ढे बने हुए हैं और वाहन चालकों के लिए यह गड्ढे गाड़ियों में खराबी पैदा कर रहे हैं।

अनंत ज्ञान खास खबर

### डैमेज पुलिया के काम से लग रहा जाम

**कोहली** बाजार में डैमेज हुई पुलिया का काम भी अब शुरू तो हुआ है, लेकिन वहां जाम की समस्या भी खड़ी हो गई है। इसके आगे सारी सड़क हमीरपुर की तरफ को आने वाली जर्जर हालत में है। उसकी ठीक-ठाक मरम्मत नहीं हो रही हल्के फुल्के एक दो जगह पैच लगाए गए हैं। इस सड़क को बेहतर तरीके से बनाया जाना चाहिए। क्योंकि यह कई बार उखड़ चुकी है।

दो सप्ताह पहले एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विक्रम मीणा ने कहा था कि बहुत जल्द इस पर पैच वर्क हो जाएगा लेकिन काम अभी भी अधूरा है।

# मल्टीटास्क वर्कर, पैरा पंप ऑपरेटर के लिए युवा कर रहे इंटरव्यू का इंतजार

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की विधानसभा के साथ लगती बड़सर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को अब लगता है की दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हो गए हैं।

मामला बड़सर डिविजन जल शक्ति विभाग का है। जहां लगभग 1 वर्ष पूर्व इसी विभाग में मल्टीटास्क वर्कर एवं पैरा पंप ऑपरेटर की पोस्ट रिक्त होने के चलते विभाग ने इन पोस्टों को भरने के लिए क्षेत्र के युवाओं से दस्तावेज मांगे थे परंतु आज लगभग एक वर्ष होने को है, लेकिन विभाग ने किसी प्रकार का कॉल लेटर नहीं भेजा है जिसके चलते क्षेत्र के जिन-जिन युवाओं ने मल्टी टास्क वर्कर के साथ-साथ पैरा पंप ऑपरेटर के फॉर्म भरे थे उन्हें मायूसी ही हाथ लगी है।

इन लोगों का कहना है कि एक तरफ तो सरकार व्यवस्था परिवर्तन की बात करती है फिर बड़सर विधानसभा के साथ ऐसा भेदभाव क्यों?। क्षेत्र के युवाओं का कहना है क्या हम पाकिस्तान से हैं या फिर बड़सर की युवा के साथ धोखा किया जा रहा है। इनका कहना है कि जब सरकार और विभाग के आल्हा अधिकारियों ने अन्य विधानसभा क्षेत्रों में मल्टी टास्क वर्कर और पैरा पंप ऑपरेटर की भर्ती कर दी गई है।

### युवाओं ने एक वर्ष पहले भरे थे फॉर्म, पर अब ठोकरे खोने को हो रहे मजबूर

ज्ञात रहे की बड़सर जल शक्ति विभाग में 25 के करीब युवाओं की भर्ती होनी थी परंतु आज दिन तक मामला अधर में ही लटका है।

### जल्द शुरू होगी भर्ती की प्रतिक्रिया

**जल** शक्ति विभाग बड़सर हर्ष शर्मा बड़सर में कई इशू रहे हैं। कभी एक्शन का तबादला हो जाना आड़े आया है। अब सरकार ने एक्शन की भी नियुक्ति कर दी है बहुत जल्दी मल्टीटास्क वर्कर एवं पैरा पंप ऑपरेटर की भर्ती की प्रतिक्रिया शुरू होगी।

# बड़सर में अनुराग ठाकुर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** अनुराग ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि बड़सर मेरी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के संगठनात्मक मजबूती और जनता के बीच विश्वास का माहौल स्पष्ट रूप से देखा गया। बड़सर में अनुराग का यह दौरा लोगों के दिलों में एक नई उम्मीद और विश्वास की भावना छोड़ गया।

ऑपरेशन संदूर पर कांग्रेस के नेताओं पर बड़े प्रहार करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं, इससे ऐसा लगता है कांग्रेस के नेता भारत और भारत माता को नीचा दिखाने के लिए सब कर रहे हैं उनकी ऐसी क्या मजबूरी है। जब सिंदूर ऑपरेशन हुआ इस पर भी सवाल खड़े करना कांग्रेस के एक नेता की ऐसी क्या मजबूरी है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों से आए लोगों ने विभिन्न समस्याएं रखीं, जिनमें सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेंशन से जुड़े मुद्दे शामिल थे। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि अनुराग का दौरा केवल औपचारिकता नहीं था, बल्कि जनता से सीधा संवाद और समाधान का सशक्त उदाहरण रहा।



कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिनमें भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश, प्रदेश संजीव शर्मा, संजीव शर्मा आदि ने केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया।

# हरियाली को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी के समीरपुर मंडल ने सिंदूर ऑपरेशन के पश्चात दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब करने के उद्देश्य से भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर लौटे कैप्टन अनुराग सिंह ठाकुर का उनके गृह क्षेत्र में भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल ने पार्टी के 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण भी किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व विधायक अनिल धीमान, कमलेश कुमार, समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली, महामंत्री एडवोकेट संजीव, कैप्टन हिटलर, अशोक ठाकुर, दलवीर ठाकुर, ठाकुर जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा और मंडल मीडिया प्रभारी अनीश ठाकुर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान कैप्टन अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में विदेशों में पाकिस्तान के नापाक इरादों को बेनकाब किया।

### अनुराग ठाकुर का समीरपुर मंडल में जोरदार स्वागत

उन्होंने कहा कि आज, सिंदूर ऑपरेशन के बाद जब हम अपने देशवासियों के बीच लौटे हैं, तो इस पौधरोपण अभियान के जरिए हरियाली और एकता का संदेश देने का प्रयास किया गया है। पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से एकजुटता का संदेश दिया और देश की सुरक्षा व हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेटस को राइफल 22 की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत फायरिंग अभ्यास व पीटी सत्र के साथ हुई।

कैडेट्स ने अपनी शारीरिक फिटनेस और टीम वर्क को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न अभ्यासों में भाग लेते हुए बहुत उत्साह और अनुशासन का प्रदर्शन किया। पीटी सत्र के बाद, कैडेट्स ने ड्रिल अभ्यास में भाग लिया व वरिष्ठ कैडेट्सों ने फायरिंग सत्र जारी रखा। कैंप कमांडेंट कर्नल एसएस रावत की मौजूदगी में सुबह से दोपहर तक फायरिंग का अभ्यास जारी रहा। कैडेटों को लाइव फायरिंग से पहले मस्कट फायरिंग का अनुभव दिया गया। कैंप के कैडेटों को राइफल 22 के बारे में बताया गया और फायरिंग की मूल बातें बताई गईं। इसके बाद पुलिस थाना भोरंज से जांच अधिकारी एएसआई संजीव पुंडीर ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि नशा करना आजकल सबसे आम बात हो गई है और कई युवा नशे की लत में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं, इसलिए, हमारे युवाओं के बीच नशे के बुरे प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

# 'वेस्ट वॉरियर अवॉर्ड' से भलेठ स्कूल सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलेठ को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्य स्तर पर 'वेस्ट वॉरियर अवॉर्ड' से नवाजा गया है।

यह सम्मान ऐतिहासिक होटल पीटरहॉफ में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) और हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद (हिमकॉस्ट) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम में राज्य भर के विभिन्न स्कूलों को उनकी पर्यावरणीय पहलों के लिए सम्मानित किया गया।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलेठ ने स्कूल परिसर में हरित पहलुओं को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विद्यालय ने अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। प्रिंसिपल मंजरी वी महाजन जो स्वयं स्कूल की इको क्लब इंचार्ज हैं, ने इन पहलों के माध्यम से छात्रों में पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित किया है। उनके अनुसार 'यह पुरस्कार हमारे विद्यालय के समर्पित शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों और ग्राम पंचायत दाड़ला के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है'। प्रिंसिपल ने जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम की विशेष सराहना की जिनके सहयोग से विद्यालय यह उपलब्धि हासिल कर सका।

# फसल को चट कर रही दीमक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर और आसपास के अधिकतर क्षेत्रों में दीमक (सीणक) दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। फसलों और घरों में लगी लकड़ी के साथ-साथ अब पेड़-पौधों को भी दीमक नष्ट कर रही है। हर वर्ष भारत में दीमक की वजह से करोड़ों रुपये की फसलों, वन संपदा, इमारती लकड़ी एवं भंडारण को नुकसान होता है। नेरी महाविद्यालय में कीट विज्ञान विभाग के एचओडी डॉ. वीरेंद्र ने नेरी महाविद्यालय में दीमक की बामी का निष्कासन किया, जो मृदा के करीब तीन फुट नीचे थी। इसकी चौड़ाई 3.8 फुट एवं बामी की चिमनियों की लंबाई तीन फुट थी।

**पहल** — बच्चों की शिक्षा के लिए दी जा रही हजारों रुपए की छात्रवृत्ति

# श्रमिकों के बच्चों के सपने साकार कर रहा कामगार कल्याण बोर्ड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

रोजाना दिहाड़ी-मजदूरी करके अपने परिवारों का पालन-पोषण करने वाले श्रमिकों के बच्चे भी क्या उच्च शिक्षा या व्यावसायिक शिक्षा के सपने ले सकते हैं?

आम तौर पर यह तो असंभव ही लगता है। लेकिन, श्रमिकों के कल्याण के लिए हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा आरंभ की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ने अब इस असंभव कार्य को भी संभव कर दिखाया है।

जी हां, जिला हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की शिक्षा सहायता योजना का लाभ उठाकर कई श्रमिकों के बच्चे अब बेहतरीन शिक्षा हासिल कर रहे हैं। इसी योजना का लाभ उठाकर जिला हमीरपुर के गांव चमनेड़ के एक श्रमिक नरेश कुमार के बच्चे आज फीस के बारे में किसी भी तरह की चिंता के बगैर अच्छी व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बच्चों की शिक्षा के लिए चिंताग्रस्त नरेश कुमार को जब भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिली तो उसकी तो चिंता ही दूर हो गई।

### विभिन्न योजनाओं से श्रमिकों को मिल रही सुविधाएं : ज्योति

**ज्योति** कुमार का कहना है कि बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों को कई सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। श्रमिकों के उपचार, बच्चों के जन्म, शिक्षा और शादी इत्यादि से लेकर मकान निर्माण तथा कई अन्य कार्यों के लिए भी बोर्ड की ओर से सहायता राशि दी जा रही है। ज्योति कुमार ने बताया कि बोर्ड ने उनकी बेटी के नाम 51 हजार रुपए की एफडी भी की है।

### मदद मिलने से मिली राहत

**बमसन** ब्लॉक के श्रमिक नरेश कुमार को अपने दोनों बच्चों की शिक्षा की चिंता सता रही थी। लेकिन, दसवीं और बारहवीं कक्षा में पढ़ रहे दोनों बच्चों को भी कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से 24 हजार की मदद मिलने से नरेश कुमार को राहत मिली है। धौलासिद्ध जल विद्युत परियोजना में कार्य कर रहे अन्य श्रमिक नवीन कुमार के दोनों छोटे-छोटे बच्चों के लिए भी 8200-8200 रुपए और संजीव कुमार के बच्चों को 16,400 रुपए की मदद बहुत बड़ा सहारा साबित हुई है।

# बद्दी यूनिवर्सिटी में 2025-26 सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

बद्दी यूनिवर्सिटी ऑफ एमरजिंग साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, बद्दी (हिमाचल प्रदेश) ने हमीरपुर जिले के पट्टा क्षेत्र में एक सफल प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रवि कुमार, यशदीप सिंह चंदेल और रोहित भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रमुख विशेषताओं, उपलब्ध पाठ्यक्रमों और करियर अवसरों की जानकारी साझा की। यूनिवर्सिटी में विभिन्न क्षेत्रों में स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनमें प्रमुख रूप से इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, फार्मेसी, प्रबंधन, कृषि, बेसिक साइंसेज, नर्सिंग और पैरामेडिकल शामिल हैं।

छात्रों को अब तक अधिकतम 18 लाख वार्षिक और औसतन 5-6 लाख वार्षिक के पैकेज प्राप्त हुए हैं। विश्वविद्यालय से पासआउट छात्र झायडस, टॉरेंट, सिप्ला, बेबो टेक्नोलॉजी, ग्लेनमार्क जैसी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत हैं।

बद्दी यूनिवर्सिटी छात्रों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक हॉस्टल सुविधा, लॉन्ड्री, आधुनिक कैंटीन आदि उपलब्ध कराती है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### 10 ग्राम चिट्टे समेत एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** जिला कुल्लू के भुंतर स्थित सिऊंड में पुलिस टीम ने 10 ग्राम चिट्टा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जब थाना भुंतर की टीम सिऊंड में गश्त पर थी तो उस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी के दौरान 10 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपी की पहचान साहिल परमार (36) पुत्र सुरेश परमार निवासी गांव कहुधार, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। उक्त व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।


चिट्टे समेत गिरफ्तार आरोपी।

### कलबोग से कई भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक हलचल के बीच कोटखाई के उबादेश क्षेत्र की ग्राम पंचायत कलबोग से भाजपा के कई सक्रिय कार्यकर्ताओं ने आज भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। यह घटनाक्रम शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर हुआ बताया जा रहा है। कांग्रेस में शामिल होने वाले प्रमुख कार्यकर्ताओं में गाँव जराई से रामलाल व नीरज, कलबोग से हरदेव आजाद, मधुबन से नवीन राजटा, चमैंन से दीक्षित मोघटा और करालटू से शुभम राजटा शामिल हैं। इन सभी कार्यकर्ताओं का शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने रामलाल, नीरज, हरदेव आजाद, नवीन राजटा, दीक्षित मोघटा और शुभम राजटा को पार्टी का पटका पहनाकर औपचारिक रूप से कांग्रेस परिवार में शामिल किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने सभी नए सदस्यों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा और उनके अनुभवों का लाभ पार्टी के विकास में लिया जाएगा।

### कोटखाई में मां-बेटी खड्ड में डूबीं, मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई के समीप गिरी खड़ में कपड़े धोते समय हुए एक दर्दनाक हादसे में मां-बेटी की डूबने से मौत हो गई। यह दुखद घटना आज दोपहर उस समय हुई जब ममता शर्मा का पैर फिसल गया और वह खड़ में जा गिरीं। अपनी बेटी को बचाने के प्रयास में उनकी माता कांता शर्मा (निवासी कोटखाई दरबार भी खड़ में कूद गई। दुर्भाग्यवश, दोनों को बचाया नहीं जा सका और उनकी डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, ममता शर्मा खड्ड के किनारे कपड़े धो रही थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से उनका पैर फिसला और वह गहरे पानी में गिर गई। बेटी को डूबता देख मां कांता शर्मा ने बिना किसी देरी के उन्हें बचाने के लिए खड्ड में छलांग लगा दी और दोनों ही पानी के तेज बहाव में बह गईं। इस हृदय विदारक घटना से पूरे कोटखाई और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोग इस दुखद हादसे पर गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# हिमाचल में दुग्ध क्रांति से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली नई उड़ान

## सरकार की एमएसपी और 'हिम गंगा' योजना ने पशुपालकों की बदली तकदीर, महिलाएं बन रहीं सशक्त

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने पिछले अढ़ाई वर्षों में डेयरी सेक्टर में अभूतपूर्व बदलाव लाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। 8 जून को जारी रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू किया है। इस पहल से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, साथ ही ग्रामीण सशक्तिकरण और समृद्धि की नई मिसाल कायम हुई है।



जानकारी के अनुसार सरकार वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 2.25 लाख लीटर गाय का दूध 51 रुपए प्रति लीटर (गुणवत्ता के आधार पर) और 7,800 लीटर भैंस का दूध 61 रुपए प्रति लीटर के समर्थन मूल्य पर खरीद रही है। इसके अलावा, एक पायलट परियोजना के तहत बकरी का दूध 70 रुपए प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है। इन स्थिर और सुनिश्चित दरों ने पशुपालकों को आर्थिक रूप से मजबूत किया है।

बताया गया है कि हिम गंगा योजना ने ग्रामीण स्तर पर डेयरी उत्पादन में बड़ा बदलाव लाया है। इस योजना के तहत हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में 268 नई दुग्ध सहकारी समितियां बनाई गई हैं। विशेष रूप से, हमीरपुर की 46 समितियों में से 20 का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कांगड़ा जिले में 222 सहकारी समितियां स्थापित की जा चुकी हैं, जिनसे 5,166 किसान जुड़े हैं।

### पशुपालकों को दिया जा रहा 2 रुपए प्रति लीटर परिवहन भत्ता

**सरकार** ने दूरदराज के क्षेत्रों में दूध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पशुपालकों को 2 रुपए प्रति लीटर का परिवहन भत्ता भी प्रदान किया है, जिससे छोटे और सीमांत किसानों की पहुंच बाजार तक आसान हुई है। साथ ही, दूध सहकारी समितियों को प्रोत्साहित करने के लिए परिवहन भत्ते को 1.50 रुपए से बढ़ाकर 3 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है, जिस पर सालाना लगभग 6 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं।

### स्थायी व समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र हो रहा प्रदान: सीएम सुक्खू

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ये सुधार केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह प्रदेश को एक स्थायी और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने का प्रयास है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि, महिला सशक्तिकरण और सहकारी संस्थाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हिमाचल प्रदेश का यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए एक उदाहरण बनेगा।



# अवैध शराब फैक्टरी पर मेहरबानी, महिलाओं पर केस करवाती है सुक्खू सरकार : जयराम

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी से जारी बयान में कहा कि नालागढ़ में गांव के भीतर खुल रहे शराब के ठेके का मातृशक्ति द्वारा विरोध किया गया और उनसे पंचायत के बाहर ठेका खोलने का अनुरोध किया गया। यही बात सरकार को बहुत नागवार गुजरी है और शराब ठेके का विरोध करने वाली 30 से 35 महिलाओं समेत अन्य लोगों के खिलाफ सरकार ने मामला दर्ज करवाया है। अगर शराब का ठेका उस जगह से हटकर कहीं और खुल जाता तो कौन सी आफत आ जाती?


नेरचौक में घायलों से मिलते नेता प्रतिपक्ष व अन्य।

हैरानी की बात है कि यह वही सरकार है जो प्रदेश में अवैध शराब फैक्टरी पर मेहरबानी दिखाती है और करोड़ों की अवैध शराब पकड़े जाने पर भी मुकदमा नहीं दर्ज करवाती है। काला अंब में लोगों के दबाव में अवैध शराब फैक्टरी पकड़ी गई। लगभग 3 लाख 95 अंग्रेजी शराब के ब्रांड लेवल मिले, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न हो इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय ने भी हस्तक्षेप किया। शराब फैक्टरी पर मेहरबानी और शराब ठेके का विरोध करने वाली महिलाओं पर एफआईआर दर्ज करवाने वाली सुक्खू सरकार का वास्तविक चेहरा सामने आ गया है। सुक्खू सरकार स्कूल-कॉलेज, अस्पताल बंद करने और शराब के ठेके खोलने के बहाने खोज रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने देश के 27 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और 'सबका साथ सबका विकास' के विजन से यह सफलता हासिल हुई है। मोदी सरकार गरीबों, पिछड़ों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तिकरण की सरकार है।

जयराम नेर चौक स्थित लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज पहुंचे और नाचन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाला में सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों से मिलकर उनका हालचाल जाना और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से मिलकर सभी को बेहतर से बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दुर्घटना पर शोक प्रकट करते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान उनके साथ नाचन विधायक विनोद कुमार, मंडी भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद समेत अन्य स्थानीय नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सुक्खू सरकार ने युवाओं से किया विश्वासघात: बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीएम सुक्खू पर बेरोजगार युवाओं के साथ विश्वासघात करने का गंभीर आरोप लगा है। भाजपा नेता डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री के उस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है, जिसमें उन्होंने सरकारी नौकरी देने की गारंटी से इनकार किया है।

बिंदल का दावा है कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले एक लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, जिसके बल पर वे सत्ता में आए, लेकिन अब मुख्यमंत्री अपने वादे से मुकर रहे हैं।



डॉ. बिंदल ने मुख्यमंत्री के एक मीडिया साक्षात्कार का हवाला दिया, जिसमें सुक्खू ने कथित तौर पर कहा कि हमने सरकारी नौकरी देने का वादा किया, गारंटी दी, यह सर्वथा गलत है। बिंदल के अनुसार, यह बयान उन बेरोजगारों के साथ सीधा विश्वासघात है, जिन्हें चुनाव से पहले कांग्रेस ने 67 हजार खाली पदों और 33 हजार नए पद सृजित कर कुल 1 लाख सरकारी नौकरियां पहली ही कैबिनेट में देने की गारंटी दी थी। बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ-साथ पूरी कांग्रेस पार्टी, जिसमें प्रियंका गांधी और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी शामिल हैं, ने चुनाव प्रचार के दौरान बढ़-चढ़कर एक लाख सरकारी नौकरियां और कुल 5 लाख रोजगार देने की बात कही थी। उन्होंने दावा किया कि इन वादों की रिकॉर्डिंग हर व्यक्ति के मोबाइल फोन में उपलब्ध है।

डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता पाने के लिए बेरोजगार युवाओं की भावनाओं को भड़काया और उन्हें सरकारी नौकरी की झूठी गारंटी देकर अपने पक्ष में वोट डलवाए।

# डॉ. सिकंदर बोले- मोदी सरकार के 11 साल, भारत बना चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा जिला शिमला की एक महत्वपूर्ण बैठक दीप कमल चक्कर में संपन्न हुई, जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। बैठक का मुख्य विषय केंद्र सरकार के पिछले 11 वर्षों की उपलब्धियां थीं, जिन्हें डॉ. सिकंदर ने विस्तार से रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने कुछ ही समय पहले जापान को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल किया है। डॉ. सिकंदर ने जोर देकर कहा कि भारत न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि एक रणनीतिक शक्ति के रूप में भी उभरा है। उन्होंने कहा कि पिछली तिमाही में भारत की 6.7 प्रतिशत की विकास दर ने इसे एक ऐसे तेज़ी से बढ़ते ग्राफ पर ला दिया है, जिसे आने वाले वर्षों में कोई अन्य देश हासिल करने की उम्मीद नहीं कर सकता।

# प्रदेश को हरा-भरा बनाने के सीएम के प्रयास को झटका

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**



**गगरेट।** विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश को हरा-भरा बनाने के लिए राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना की शुरुआत की है, लेकिन इसी प्रदेश में धरती की कोख ऐसी सूनी की जा रही है कि बिना वन विभाग की पूर्व अनुमति के ही उपमंडल गगरेट की ग्राम पंचायत बड़ोह के भट्टियां वाला में सैकड़ों हरे-भरे पेड़ों का कत्ल कर दिया गया। जिस तरह से यहां धरती को समतल करने के लिए शिवालिक की पहाड़ियों को तहस-नहस किया गया उसी की आड़ में ऐसे पेड़ों को भी जड़ों सहित उखाड़ दिया गया, जिनके कटान पर प्रदेश सरकार ने पूर्ण प्रतिबंध लगाया है।

**भट्टियांवाला में सैकड़ों पेड़ों का हुआ कत्ल**

अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन बताया जा रहा है कि भट्टियांवाला में सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए सैकड़ों कनाल भूमि का सौदा किया गया है। इसी निजी भूमि पर असंख्य पेड़ हैं। यहां शिवालिक की पहाड़ियों के सीने को पीले पंजे खरोंच रहे हैं तो इससे पहले बड़ी सफाई से इस भूमि पर लगे विभिन्न प्रजातियों के असंख्य पेड़ों को उजाड़ दिया गया है।

जाहिर है कि पेड़ काटने के लिए भी वन विभाग द्वारा नियम तय किए गए हैं। अगर किसी व्यक्ति ने निजी भूमि से भी कटान करना हो तो इसके लिए बकायदा वन विभाग से अनुमति हासिल करनी पड़ती है और अनुमति मिलने पर वही पेड़ काटे जा सकते हैं, जिनके कटान की अनुमति है, लेकिन यहां सब नियम ताक पर लग गए हैं।

एक तरफ मुख्यमंत्री प्रदेश को हरा-भरा करने के लिए राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना लेकर आ रहे हैं। इस योजना के तहत पेड़ों के रख-रखाव का जिम्मा महिला मंडलों व युवक मंडलों को दिया जा रहा है और दूसरी तरफ अंधाधुंध कटान हो रहा है। भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार हिमाचल प्रदेश का वनावरण 15443 वर्ग किलोमीटर है, लेकिन जिस तरीके से पेड़ों का अंधाधुंध कटान हो रहा है उसके चलते यह बढ़ पाए यह कह पाना अत्यंत कठिन है। हैरत की बात तो यह है कि वन विभाग के फील्ड स्टाफ को आखिर समय रहते अवैध तरीके से लगे इस कटान का पता क्यों नहीं चला। सवाल यह है कि पर्यावरण संरक्षण के प्रहरी हिमाचल में अब क्या पर्यावरण को ताक पर रखकर सौर उर्जा राज्य का सपना पूरा किया जाएगा।

### क्या कहते हैं वन मंडल अधिकारी

**वन** मंडल अधिकारी सुशील राणा का कहना है कि भट्टियांवाला में कटान की विभाग की ओर से किसी निजी भू-मालिक को अनुमति नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच करवाई जाएगी। उधर, जिला खनन अधिकारी नीरजकांत का कहना है कि वह पता करवाएंगे कि किस आधार पर पहाड़ियों को समतल किया जा रहा है।

# समयबद्ध सरकारी धन का हो उपयोग : अनिल शर्मा

### लोक लेखा समिति ने केलंग में की समीक्षा

**अनंत ज्ञान केलांग**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति ने रविवार को उपायुक्त कार्यालय केलंग के सभागार में समिति के सभापति अनिल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समिति के सदस्य एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक डॉ. हंस राज, जीतराम कटवाल, इंद्र सिंह, डॉ. जनक राज आदि उपस्थित रहे। समिति ने भारत के महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2018-19, 2019-20 व 2020-21 के लंबित ऑडिट पैरा की समीक्षा की और विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

समिति की बैठक में तकनीकी शिक्षा, राजस्व, जल शक्ति एवं राजस्व सहित अन्य विभागों से संबंधित ऑडिट पैरा पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति के सभापति, अनिल शर्मा ने कहा कि समिति पहली बार जिलों के प्रवास पर आई है, ताकि ऑडिट पैरों को खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा समिति आने वाले समय में हर जिला का दौरा करेगी। जिला को बैकवर्ड सब प्लान और ट्राइबल सब प्लान में आवंटित धनराशि की 3 वर्षों की जानकारी समिति को उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब सरकार का पैसा किसी योजना के लिए आता है। यह धनराशि समय पर लगे इसे सुनिश्चित किया जाए। जिला की संपर्क सड़कों और बिजली आपूर्ति बेहतर करने के प्रयास किया जाए।

उपायुक्त लाहौल-स्पीति, किरण भडाना ने समिति के सभापति व सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने समिति को आश्वस्त किया कि इस बैठक में समिति की ओर जारी दिशा-निर्देशों व सुझावों की जिला में अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी।


लोक लेखा समिति के सभापति व अन्य गणमान्य केलांग में बैठक के दौरान।

# मंत्री धर्माणी मां चिंतपूर्णी के दरबार में हुए नतमस्तक

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

हिमाचल सरकार में तकनीकी शिक्षा वोकेशनल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी रविवार को परिवार सहित मां चिंतपूर्णी के दरबार में नतमस्तक हुए। मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल ने उनका स्वागत किया और मुख्य पुजारी एवं पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंद्र शिंदा ने मंत्री से मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करवाई।

धर्माणी ने मंदिर प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की सराहना की और कहा कि प्रदेश सरकार चिंतपूर्णी मंदिर के विस्तारीकरण व सौंदर्य करण के लिए अढ़ाई सौ करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। इससे श्रद्धालुओं को एक बहुत बड़ी सुविधा एक छत के नीचे सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने मंदिर प्रशासन से आग्रह किया कि वन विभाग से भूमि स्वीकृत करवा के जीव जंतुओं, जानवरों आदि के लिए एक सेंचुरी पार्क की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा ऐसे अनेक लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिले।

मड़ियाल ने मंत्री को मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाएं और मंदिर में होने वाले विकासात्मक कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य पुजारी एवं रविंद्र शिंदा, भूषण कालिया आदि उपस्थित रहे।


तकनीकी शिक्षा मंत्री को माता का चित्र भेंट करते न्यास कर्मी।

### चिंतपूर्णी में रविवार को उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब


चिंतपूर्णी बाजार में श्रद्धालुओं की लगी कतारें।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** रविवार को शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर से लेकर बाबा श्री माई दास सदन तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। लगभग 20,000 श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गर्मियों की छुट्टियों के चलते पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिमाचल प्रदेश पहुंच रहे हैं, जिससे राज्य के शक्तिपीठों में अत्यधिक भीड़ उमड़ रही है। मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल ने बताया कि गर्मियों की छुट्टियों में देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु चिंतपूर्णी पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दे दिए गए हैं।

**निर्देश** | मत्स्य प्रजनन को लेकर निदेशालय की सख्ती, नियम तोड़ने पर जुर्माना व तीन साल की सजा

# हिमाचल के पांच जलाशयों में दो माह तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के पांच प्रमुख जलाशयों में आगामी 15 जून से 15 अगस्त तक दो माह के लिए मत्स्य आखेट (मछली पकड़ना) पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मत्स्य निदेशालय बिलासपुर ने इस संबंध में सभी जलाशय अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। यह निर्णय प्रदेश में मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन काल के मद्देनजर लिया गया है ताकि मत्स्य संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

**15 जून से 15 अगस्त तक जारी रहेंगे निर्देश**

मत्स्य निदेशालय बिलासपुर के निदेशक विवेक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवधि के दौरान न केवल मत्स्य आखेट पर रोक रहेगी, बल्कि मछली के किसी भी प्रकार के आयात-निर्यात, बिक्री और क्रय पर भी सख्त पाबंदी लागू रहेगी। यदि कोई इस आदेश का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध मत्स्य अधिनियम के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें आर्थिक जुर्माने के साथ-साथ तीन साल तक की सजा का प्रावधान शामिल है।



इस प्रतिबंध अवधि के दौरान मत्स्य निदेशालय की ओर से विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जिनका उद्देश्य मछलियों के प्रजनन को बढ़ावा देना तथा इस पर निगरानी बनाए रखना होगा। इन शिविरों में मछलियों की प्रजनन गतिविधियों को वैज्ञानिक पद्धतियों से प्रोत्साहित किया जाएगा। संबंधित क्षेत्रीय अधिकारियों को इन कैंपों की निगरानी और संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि जलाशयों में अवैध मछली पकड़ने की कोई गतिविधि न हो। निदेशक विवेक कुमार ने बताया कि वह स्वयं इन जलाशयों का औचक निरीक्षण करेंगे और यदि कहीं बीज आपूर्ति, जल की गुणवत्ता, या किसी अन्य प्रकार की समस्या सामने आती है तो उसका समाधान तुरंत किया जाएगा। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य मत्स्य उत्पादन को टिकाऊ बनाना और भविष्य के लिए मछलीपालन को संरक्षित करना है।

गौरतलब है कि हिमाचल के गोबिंदसागर, पौंग डैम, कोलडैम, चमेरा और रणजीत सागर जैसे बड़े जलाशयों में हर साल लाखों टन मछलियों का उत्पादन होता है, जिससे प्रदेश के हजारों मछुआरे और व्यापारी सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। विभाग ने ग्रामीणों, मछुआरों और संबंधित व्यापारियों से अपील की है कि वे इस प्रतिबंध का पूर्ण रूप से पालन करें और नियमों का उल्लंघन करने से बचें।

मछली उत्पादन एक संवेदनशील और मौसम आधारित प्रक्रिया है, जिसे संतुलित बनाए रखने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के वैज्ञानिक निर्णय आवश्यक हैं। इस दो माह के प्रतिबंध का उद्देश्य न केवल मत्स्य प्रजनन को बढ़ावा देना है, बल्कि हिमाचल प्रदेश के जल संसाधनों की दीर्घकालीन स्थिरता भी सुनिश्चित करना है। विभाग द्वारा की जा रही ये कोशिशें आने वाले वर्षों में मछली उत्पादन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मददगार साबित हो सकती हैं।

नर्सिंग दाखिला
CHRISTIAN NURSING COLLEGE
Near Head P.O. Dhalpur Kullu (H.P.)-175101
Recognized by: HPNRC (Govt. of H.P.)
Indian Nursing Council (I.N.C.) (Govt. of India) & Affiliated by Atal Medical & Research University
B.Sc. Nursing 4 Years Degree Course (10+2 Medical)
50% Course Fee Discount for SC/ST/OBC/BPL Candidates (T&C Apply)
G.N.M. Staff Nurse Course (10+2 in any Stream)


Hostel Facility Available
100% Job Placement & Assistance
Note: Scholarships Available For Eligible Candidates.
Mob. 82196-86726, 94180-08888, 70181-89461

# ह्यूमन पैपिलोमावायरस के संक्रमण से बनते मस्से

मस्से (Warts) त्वचा पर उभरने वाले छोटे-छोटे कठोर उभार होते हैं, जो ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) के संक्रमण के कारण बनते हैं। ये आमतौर पर हानिरहित होते हैं, लेकिन दिखने में खराब लग सकते हैं और कभी-कभी दर्द या असुविधा भी पैदा कर सकते हैं।

## मस्सों के प्रकार

*1. साधारण मस्से*
*अंगुलियों, हाथों या कोहनी पर पाए जाते हैं। इनकी सतह खुरदरी होती है।*

**2. प्लांटर मस्से**
*पैरों के तलवों पर होते हैं और चलने पर दर्द दे सकते हैं। ये त्वचा के अंदर की ओर बढ़ते हैं।*

**3. चपटे मस्से**
*छोटे, सपाट और त्वचा के रंग जैसे होते हैं। आमतौर पर चेहरे, गर्दन या हाथों की पीठ पर पाए जाते हैं।*

## कारण

***मस्से HPV वायरस के संपर्क में आने से होते हैं। यह वायरस त्वचा में छोटी-छोटी दरारों या कट्स से प्रवेश करता है।***

हर व्यक्ति जो HPV (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) के संपर्क में आता है, उसे मस्से हों यह जरूरी नहीं है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि उस व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली कितनी मजबूत है।

### मुख्य कारक जो मस्से होने की संभावना को बढ़ा सकते हैं

***1. कमजोर इम्यून सिस्टम :*** *जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है (जैसे HIV, कैंसर के मरीज या इम्यूनो-सप्रेसिव दवाएं लेने वाले) उन्हें मस्से होने की संभावना अधिक होती है।*

***2. एटोपिक डर्मेटाइटिस :*** *यह एक त्वचा की स्थिति है, जिसमें त्वचा अधिक संवेदनशील और खुली होती है, जिससे वायरस के प्रवेश की संभावना बढ़ जाती है।*

***3. भीड़भाड़ वाले वातावरण :*** *हॉस्टल, सैनिक शिविर या साझा रहने की जगहों में संक्रमण की संभावना अधिक होती है, क्योंकि लोग सामान्य बाथरूम, तौलिए, या वस्त्र साझा करते हैं।*

## मस्सों से बचाव कैसे करें?

***अगर आपके पास पहले से मस्सा है, तो इसे शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने से रोकने के लिए नीचे दिए गए उपाय बहुत कारगर हैं-***



●●● अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

### बचाव के सरल उपाय

*1. हाथों को बार-बार धोएं*
*विशेष रूप से जब आप किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आए हों, जिसे मस्से हैं।*


**2. मस्सों को नोचें नहीं**
*नोचने या छूने से वायरस फैल सकता है और नए मस्से उभर सकते हैं।*

**3. मस्सों को ढक कर रखें**
*पट्टी या बैंडेज से मस्से को ढकें, ताकि वायरस अन्य सतहों पर न फैले।*

**4. अंगुलियों और पैरों को सूखा रखें**
*नमी वायरस के फैलाव को बढ़ा सकती है। हमेशा त्वचा को सूखा रखने की कोशिश करें।*

**5. सार्वजनिक जगहों पर चप्पल पहनें**
*जैसे स्विमिंग पूल, स्नानगृह, या जिम के शावर क्षेत्र में नंगे पांव न चलें।*

## होम्योपैथी से मस्सों का इलाज



**डॉ. निधि जोशी**
**गांधीधाम**
**कच्छ (गुजरात)**

***होम्योपैथी*** *एक कोमल और सुरक्षित चिकित्सा पद्धति है, जो व्यक्ति के विशिष्ट लक्षणों और समग्र स्वास्थ्य के आधार पर शरीर की प्राकृतिक उपचार शक्ति को बढ़ावा देती है। मस्सों के लिए होम्योपैथिक दवाएं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती हैं, जिससे मस्सों का पुनरावृत्ति रोका जा सकता है*

### होम्योपैथिक दवाएं

**1. Thuja Occidentalis**
*सबसे सामान्य और प्रभावशाली दवा मस्सों के लिए। विशेष रूप से हाथों, चेहरे या जननांगों पर मस्सों के लिए उपयोगी। जब मस्से सख्त, उभरे हुए या फूलगोभी जैसे हों।*

**2. Nitric Acid**
जब मस्से दर्द करते हों या खून बहता हो। मस्से किनारों से फटे हुए या तीखे हों।

**3. Causticum**
*पुराने, बड़े और चपटे मस्सों के लिए उपयोगी। जिनमें खुजली हो और वे बार-बार वापस आ जाते हों।*

**4. Antimonium Crudum**
*मोटे, फटे हुए और पैर के तलवों पर मस्सों के लिए। बच्चों में भी यह दवा प्रभावी मानी जाती है।*

**5. Dulcamara**
*जब मस्से नमी वाले मौसम या पसीने से प्रभावित हों। खासकर गर्दन और पीठ पर मस्सों के लिए।*

***यदि मस्से लंबे समय तक बने रहें, बार-बार उभरें या दर्द दें, तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।***



***महत्वपूर्णः किसी भी होम्योपैथिक दवा को लेने से पहले प्रशिक्षित चिकित्सक से परामर्श जरूरी है।***

---



**गर्भवती महिलाओं में आयरन की कमी से होने वाला एनीमिया भारत में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जो मातृ और शिशु मृत्यु दर तथा बीमारियों में महत्वपूर्ण रूप से योगदान देता है।**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

# गर्भावस्था के दौरान आयरन की कमी से होने वाला एनीमिया गंभीर समस्या

### मुख्य आंकड़े (नवीनतम डेटा के अनुसार)

- भारत में लगभग 50-60 फीसदी गर्भवती महिलाएं एनीमिक हैं।
- इनमें से लगभग 70-80 फीसदी मामलों में आयरन की कमी ही मुख्य कारण है।

**NFHS-5 (2019-21)**
*52.2 फीसदी गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन 11 ग्रा/डेसीली से कम पाया गया, जिससे वे एनीमिक मानी गईं।*

### कारक

- **पोषण की कमी**
आहार में आयरन की मात्रा कम होना और उसकी जैव उपलब्धता भी कम होना।
- बार-बार गर्भधारण और कम अंतराल में प्रसव
- गर्भावस्था के दौरान देखभाल की कमी
- देर से पंजीकरण, अपर्याप्त जांच और अनुपूरक पोषण।

### कृमि संक्रमण और अन्य संक्रमण

- *निम्न सामाजिक-आर्थिक स्थिति और शिक्षा का अभाव*

### स्वास्थ्य पर प्रभाव

- *आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया के कारण निम्न जोखिम बढ़ जाते हैं।*
- मातृ मृत्यु दर में वृद्धि
- समय से पूर्व प्रसव
- कम वजन वाले शिशु का जन्म
- जन्म के समय शिशु की मृत्यु
- शिशुओं में बौद्धिक विकास में बाधा

### एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत

**लक्ष्यः** गर्भवती महिलाओं और अन्य समूहों में हर वर्ष एनीमिया की दर को 3 फीसदी तक कम करना।
**रणनीतियांः** आयरन-फोलिक एसिड की नियमित खुराक, कृमि मुक्ति, जांच और उपचार, व्यवहार परिवर्तन संचार।



***डॉ. ललित एम. नेगी***
***(गाइनकालजिस्ट)***
***पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चंबा (हिमाचल प्रदेश)***

**चुनौतियांः** आयरन थेरेपी के पालन में कमी ● मौखिक आयरन की खराब अवशोषण क्षमता या सहनशीलता ● ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण गर्भावस्था देखभाल की सीमित उपलब्धता

**निष्कर्ष :** गर्भावस्था में आयरन की कमी से होने वाला एनीमिया भारत में मातृ और शिशु स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती है, जिसके समाधान के लिए सरकारी स्तर पर कई प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर जागरूकता, अनुपूरक पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना अभी भी आवश्यक है।

**प्रस्तुतिः आरके सहगल, चंबा।**

---

## किडनी की पथरी के लक्षण, निदान और उपचार

# ज्यादा नमक या चीनी खाने से भी होती है पथरी

**गुर्दे** की पथरी मूत्र में पाए जाने वाले पित्त के जमा होने से पेट में जलन होती है और इसके कारण व्यक्ति को तेज दर्द हो सकता है। गुर्दे की पथरी एक सामान्य स्थिति है, जो लगभग विश्व की 5 फीसदी जनसंख्या को प्रभावित करती है। कुछ मामलों में किडनी में पथरी के लक्षण बहुत कम महसूस होते हैं, कुछ अन्य में गंभीर दर्द और गंभीर पथरी महसूस हो सकती है। हालांकि, गुर्दे की पथरी के लिए कई उपचार उपलब्ध हैं, लेकिन यदि स्थिति का शीघ्र पता और इलाज नहीं किया गया, तो व्यक्ति को गंभीर जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. संजय अवस्थी का कहना है कि गुर्दे की पथरी एक कठोर पदार्थ की तरह होते हैं, तब बनते हैं जब मूत्र में मौजूद रासायनिक पदार्थ की सांद्रता उनके निश्चित स्तर से अधिक हो जाती है यानी यह बहुत कम तरल पदार्थ में बहुत अधिक रासायनिक पदार्थ होते हैं। किडनी की पथरी का आकार हर व्यक्ति के हिसाब से अलग-अलग हो सकता है, यह बहुत छोटा होने से लेकर इतना बड़ा हो सकता है कि वे किडनी की आंतरिक माप पूरी तरह से अलग-अलग देता है।



***-डॉ. संजय अवस्थी***
***हेल्थ एक्सपर्ट***

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

### गुर्दे की पथरी के प्रकार


**कैल्शियम** स्टोन सिलिकॉन की पथरी का सबसे सामान्य प्रकार होता है, जिसमें कैल्शियम ऑक्सालेट और कभी-कभी कैल्शियम सोडियम या मैलेट रसायन शामिल होते हैं। स्टोन के खतरे को कम करने के लिए डॉक्टर आपको उच्च ऑक्सीजन वाले खाद्य पदार्थ जैसे रबर, टमाटर, चॉकलेट, नट और पालक आदि का सेवन कम करने की सलाह देते हैं। आपको अपने दैनिक आहार में कैल्शियम की मात्रा इसके न्यूनतम स्तर से कम नहीं करनी चाहिए, क्योंकि कम कैल्शियम भी कैल्शियम स्टोन का एक कारण होता है। ऑर्थोहाइड्रेट से कैल्शियम पोटेशियम होना, जो कई सख्त में दिखता है, उसमें भी कैल्शियम स्टोन होना का मुख्य कारक होता है।

### यूरिक एसिड

**यूरिक** एसिड किडनी स्टोन ज्यादातर पुरुषों में पाया जाता है और आम तौर पर मधुमेह, गठिया, मोटापा और अन्य मेटाबोलिक सिंड्रोम से पीड़ित लोगों में लक्षण विकसित होने की अधिक संभावना होती है। यह किडनी स्टोन टैब तब बनता है, जब मूत्र में अत्यधिक अम्लीय पदार्थ हो जाता है या मूत्र की मात्रा बहुत कम हो जाती है। व्यक्ति के रक्त में यूरिक एसिड की मात्रा अधिक हो जाती है, जैसे कि गाउट की स्थिति में। कभी-कभी मछली, मांस और शेलफिश जैसे प्यूरिन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने से भी पथरी हो सकती है।

**गुर्दे की पथरी का उपचार :** पथरी के प्रकार, आकार, स्थान और संरचना के आधार पर पथरी का इलाज कई तरीकों से किया जाता है। किडनी की पथरी की सर्जरी का खर्च उपचार के प्रकार पर निर्भर है। 6-7 एमएम से छोटी पथरी आपके ही मूत्र के साथ निकल जाती है और उन्हें सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती है। यद्यपि विच्छेदन और दर्द पैदा करने वाले या 1 महीने के आकार के बड़े स्टोन की सर्जरी की आवश्यकता हो सकती है।

**Kidney stones**




### कम पानी पीना भी कारण


**संभावित** कारणों में बहुत कम पानी पीना, व्यायाम (बहुत ज्यादा या बहुत कम), मोटापा, वजन घटाने की सर्जरी या बहुत ज्यादा नमक या चीनी वाला खाना खाना शामिल है। कुछ लोगों में संक्रमण और पारिवारिक इतिहास महत्वपूर्ण हो सकता है। बहुत ज्यादा फ्रुक्टोज खाने से किडनी में पथरी होने का जोखिम बढ़ जाता है। फ्रुक्टोज टेबल शुगर और हाई फ्रुक्टोज कॉर्न सिरप में पाया जा सकता है। कई बार पथरी मूत्रवाहिनी से मूत्राशय में चली जाती है और मूत्र के साथ पथरी हो सकती है। दूसरी ओर यदि मूत्रवाहिनी में पथरी उत्पन्न हो जाती है, तो यह मूत्रवाहिनी में रुकावट का कारण बन सकता है और मलत्याग में ऐंठन हो सकती है, जिसके कारण व्यक्ति को पेट में खिचखिच दर्द होता है। इसके साथ-साथ व्यक्तिगत मूत्रवाहिनी में रक्त (हेमट्यूरिया), मूत्रत्याग भी महसूस हो सकता है और यदि मूत्रवाहिनी में में पथरी लंबे समय तक पैदा हो सकती है, तो यह मूत्रवाहिनी प्रणाली में मूत्रवाहिनी में रुकावट पैदा हो सकती है।

**दवाइयांः** हेल्थ एक्सपर्ट डॉ संजय अवस्थी के मुताबिक, आमतौर पर गुर्दे की पथरी की वजह से व्यक्ति को असहनीय दर्द कम करने के लिए कुछ दर्द निवारक दवाएं लिखनी चाहिए। कई बार किडनी के संक्रमण से प्रारंभिक तौर पर एंटीबायोटिक्स भी ली जा सकती हैं।

**लेजर लिथोट्रिप्सीः** यह लेजर द्वारा किडनी स्टोन को निकालने की एक प्रक्रिया है, जिसमें होल्मियम एनर्जी का उपयोग करके स्टोन को छोटे दबाव में निकाला जाता है, ताकि वे आसानी से मूत्राशय में मूत्रवाहिनी से आपके शरीर से बाहर निकल सके।

**टनल सर्जरीः** सर्जन इस प्रक्रिया में पीठ में एक छोटा सा चीरा कॉल है और उसके माध्यम से किडनी की पथरी को निकालता है। जब स्टोन किडनी में रुकावट, संक्रमण या क्षति बनी रहती है, तब डॉक्टर टनल सर्जरी की सलाह देते हैं। इस सर्जरी की टैब भी निर्धारित है जब स्टोन मूत्रवाहिनी से गर्भवती महिला को बहुत बड़ा दर्द होता है या दर्द होता है।

### यूरेटेरोस्कोपी



**यूरेटेरोस्कोपी** की सलाह तब दी जाती है जब पथरी मूत्रवाहिनी या मूत्राशय में फंस जाती है। इस सर्जरी को करने के लिए एक विशेष उपकरण का उपयोग होता है, जिसे यूरेटेरोस्कोप कहते हैं। इस प्रक्रिया में एक छोटा कैमरा, एक छोटा सा तार से टकराता है, जिसे मूत्रमार्ग से अंदर डाला जाता है। इसके बाद स्टोन को इकट्ठा करने और निकालने के लिए एक छोटे से उपकरण जैसे उपकरण का उपयोग किया जाता है।

**प्रस्तुतिः आर. मोहन चौहान, सोलन**

---

# कब्ज और गैस से पीड़ितों के लिए अमलतास रामबाण उपाय

**हाल** ही में जब मैंने रोहरू क्षेत्र का दौरा किया, तो वहां की हरी-भरी वादियों और प्रगतिशील किसानों से बातचीत का अनुभव अत्यंत प्रेरणादायक रहा। विशेष रूप से एक किसान कृपाल सिंह से हुई मुलाकात ने मुझे फिर याद दिलाया कि हमारी स्थानीय वनस्पति में लगभग हर रोग का समाधान छिपा है, बस जरूरत है इसे पहचानने और अपनाने की।



***डॉ. तारा देवी सेन***
***विभागध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, राजकीय महाविद्यालय वल्लभ, मंडी।***

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

कृपाल सिंह पिछले तीन वर्षों से पेट की गड़बड़ियों, विशेषकर कब्ज, गैस जैसी समस्या से पीड़ित रहे। लगातार दवाइयां लेने के बाद भी उन्हें राहत नहीं मिल रही थी, लेकिन जब उन्होंने एंजेलिकाग्लुका, जिसका स्थानीय नाम 'चोरा' है, उसका उपयोग किया, तो उन्हें आश्चर्यजनक रूप से लाभ हुआ। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में चोरा, जबकि नीचले क्षेत्रों में अमलतास जैसे पौधे पेट संबंधी विकारों में अत्यधिक प्रभावी हैं। यह हमें याद दिलाता है कि वनस्पति भी ऊंचाई, ऋतु और शरीर की प्रकृति के अनुसार अपना असर बदलती है तथा किसी क्षेत्र विशेष में उत्पन्न होने वाली वनस्पति में प्रायः उस क्षेत्र के लोगों में होने वाले रोगों के उपचार की क्षमता निहित होती है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो ज्ञान हमारी दादी-नानी की पीढ़ी तक सहजता से प्रयोग में लाया जाता था, आज वह तेजी से लुप्त हो रहा है। पहले लोग ऐसे सामान्य रोगों के लिए अस्पताल की ओर नहीं भागते थे, उनके पास आसपास की वनस्पतियों का अपार ज्ञान और विश्वास था। इस लेख में हम अमलतास, जिसे आयुर्वेद में 'आरोग्यवृक्ष' कहा गया है के औषधीय गुणों की चर्चा करेंगे। इन गर्मी की छुट्टियों में मुझे हिमाचल प्रदेश के सबसे गर्म क्षेत्रों में से एक, देहरा में कुछ समय बिताने का अवसर मिला। इन दिनों अमलतास के पीले फूलों ने पूरे देहरा क्षेत्र के वनों को सुनहरी आभा से भर दिया है। इसकी मनमोहक पीली छटा न केवल गर्म जलवायु में आंखों को शीतलता और सुकून प्रदान करती है, बल्कि ऐसा प्रतीत होता है मानो पूरा जंगल पीले रंग में रंग गया हो, जिससे वातावरण में एक विशेष शांति, ताजगी और प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव होता है।



### वैज्ञानिक नाम कैसियाफिस्टुला

अमलतास को स्थानीय भाषामें आहली और वैज्ञानिक भाषा में कैसियाफिस्टुला कहा जाता है। यह वनस्पति परिवार फबेसी का सदस्य है और आसानी से1200 मीटर की ऊंचाई तक मिल जाता है। हिमाचल में यह मुख्यतः निचले और गर्म जलवायु वाले क्षेत्रों में भरपूर रूप से पाया जाता है। इसका समृद्ध विस्तार विशेष रूप से ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा (नूरपुर और देहरा), सोलन (नालागढ़, परवाणू) और सिरमौर (पांवटा साहिब, नाहन) क्षेत्रों में देखा जाता है। ये इलाके इसकी वृद्धि के लिए अनुकूल तापमान और आर्द्रता प्रदान करते हैं, जिससे यह सड़क किनारे, जंगलों बगीचों और खुले क्षेत्रों में स्वाभाविक रूप से उगता है। इसके फूलों का रंग, आकार और गुच्छेदार बनावट इसे अत्यंत सौंदर्यपूर्ण बना देते हैं। अधिक प्रभावी और लोकप्रिय उपायों में से एक है। इसका गूदा हल्के विरेचक के रूप में प्रयोग होता है और यह इतना सौम्य होता है कि इसे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को भी दिया जाता है। पेट की खराबी और उससे जुड़ी अनेक बीमारियां आज के आधुनिक जीवनशैली में बहुत आम हो गई हैं। अनेक लोग दवाओं के साइड इफेक्ट से बचते हुए प्राकृतिक उपचारों की ओर रुख कर रहे हैं, ताकि शरीर को बिना नुकसान पहुंचाए रोगों का स्थायी समाधान मिल सके। ऐसे में अमलतास को उचित मात्र में एक रामबाण औषधि के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

### खाद्य उपयोग



**स्थानीय** लोग अक्सर इसकी फूलों से गुलकंद बनाकर गर्मी और कब्ज में लेते थे। वहीं, पाचन तंत्र मजबूत करने के लिए सूखे हुए बीजों को भूनकर उसका चूर्ण सेवन किया जाता था। लेकिनअ ाज के समय में, जब हमारी जीवनशैली, भोजन और सोच में परिवर्तन आ गया है। इन वनस्पतियों को उपयोग न के बराबर हो चुका है और अमलतास केवल एक सजावटी पेड़ बन के रह गयाहै। उपचार से बेहतर है बचावः इस सिद्धांत को अपनाते हुए अमलतास जैसे औषधीय पौधों का सीमित मात्रा में गुलकंद,पकोरा, चटनी, कचरू, चिल्ला, आमलेट या ग्रीन जूस के रूप में सेवन, स्वास्थ्य रक्षा के साथ प्रकृति के प्रति हमारी नजदीकी भी बढ़ाता है।



### अमलतास से आय के स्रोत

**अमलतास** की बाजार में औषधीय भागों की मांग बनी रहती है, विशेषकर इसके फली के गूदे की, जिसे पारंपरिक औषधियों में उपयोग किया जाता है। इसका बाजार मूल्य गुणवत्ता, मौसम और आपूर्ति के अनुसार थोड़ा बहुत बदलता रहता है।

### पोषक तत्व

**अमलतास** के फल, फूल एवं पत्तियों में कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो इसे न केवल स्वादिष्ट बल्कि स्वास्थ्यवर्धक भी बनाते हैं। इसके पके हुए गूदे में प्राकृतिक शर्करा, जैसे ग्लूकोज और फ्रुक्टोज, ऊर्जा का त्वरित स्रोत होते हैं। साथ ही, यह फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। इसमें विटामिन ए, सी और कुछ बी-कॉम्प्लेक्स पाए जाते हैं, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं। इसके अलावा, इसमें कैल्शियम, पोटैशियम, फास्फोरस जैसे आवश्यक खनिज भी होते हैं, जो हड्डियों और मांसपेशियों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। अमलतास में पाए जाने वाले फ्लेवोनोइड्स और एंथ्राक्विनोन जैसे फाइटोकैमिकल्स एंटी ऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करते हैं।

**सावधानी :** इन नुस्खों का प्रयोग सीमित मात्रा में करें। ▶▶ नियमित सेवन से पहले आयुर्वेदिक विशेषज्ञ से सलाह लेना उचित है। ▶▶ गर्भवती महिलाएं और छोटे बच्चे डॉक्टर की निगरानी में ही इसका प्रयोग करें।

### अमलतास के औषधीय उपयोग (एक नजर में)

| रोग/समस्या | प्रयोग का भाग | विधि/उपयोग | खुराक/मात्रा |
|---|---|---|---|
| कब्ज | फल का गूदा | रात को गुनगुने पानी/दूध के साथ सेवन करें | 5-10 ग्राम |
| त्वचा रोग (घाव, खुजली) | छाल या पत्तियां | उबालकर बने काढ़े को प्रभावित स्थान पर लगाएं | दिन में 1-2 बार |
| खांसी/अस्थमा | सूखे फूल | काढ़ा बनाकर शहद मिलाकर पिएं | 1 कप दिन में 2 बार |
| मधुमेह नियंत्रण | कोमल पत्तियां | पत्तियों का काढ़ा या रस सुबह खाली पेट लें | 5-6 पत्तियां प्रतिदिन |
| गर्मियों में शीतल पेय | ताजे फूल | फूलों को भिगोकर गुड़ व नींबू रस मिलाकर शरबत तैयार करें या गुलकंद बनाए | 1 गिलास, दिन में 1 बार |

### अमलतास के प्रमुख भागों के अनुमानित बाजार मूल्य (रुपए में)

| उपयोगी भाग | बाजार दर (प्रति किलोग्राम) |
|---|---|
| फली का सूखा गूदा | 150-300/kg (औषधीय गुणवत्ता के अनुसार) |
| सूखी फलियां (कच्चे रूप में) | 70-150/kg |
| पौधे की नर्सरी कीमत | 50-150 प्रति पौधा (आकार और उम्र के अनुसार) |
| अमलतास अर्क/चूर्ण (प्रसंस्कृत) | 500-1000/kg (ब्रांडेड आयुर्वेदिक उत्पादों में) |

## न्यूज ब्रीफ

### सीमा चौधरी कल्याण सभा की कार्यकारी अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय घृत वाहती चाहंग महासभा के बैनर तले चौधरी कल्याण सभा बैजनाथ की कार्यकारी कमेटी का चुनाव कपूर चंद चौधरी की देखरेख में संपन्न हुआ। महाकाल निवासी सीमा चौधरी को चौधरी कल्याण सभा बैजनाथ यूनिट का कार्यकारी अध्यक्ष, धानग निवासी शशि चौधरी को कार्यकारी महासचिव, सगूर निवासी ओंकार चंद चौधरी को सलाहकार व गणखेतर निवासी त्रिलोकनाथ चौधरी को सभा का मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया। नवनियुक्त कार्यकारी कमेटी गांव-गांव जाकर बिरादरी के लोगों को सभा के उद्देश्यों के प्रति जागरूक करेगी व सदस्यता अभियान चलाएगी। यह अभियान पूरे 2 महीने चलेगा। सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद सभा का स्थायी चुनाव करवाया जाएगा। यह जानकारी सभा के पूर्व महासचिव रवि स्याल ने दी।

### सफाई अभियान: 1989 किलोग्राम कचरा किया एकत्रित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बीड़ में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें करीब 685 लोगों ने भाग लिया। यह अभियान क्योरी फॉरेस्ट से पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साइट तक, होटल सूर्या क्लासिक से पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साइट तक, पैराग्लाइडिंग टेक ऑफ साइट-बिलिंग अपर बीड़ (छोटी कुटिया) से बीड़ पंचायत घर तक चलाया गया। इन जगहों से लगभग 1989 किलो कचरा एकत्रित किया गया, जिसे अब वेस्ट वॉरियर्स की टीम रीसाइक्लिंग के लिए प्रोसेस कर रही है। स्थानीय समुदायों, महिला मंडलों, तिब्बती समुदायों आदि ने भाग लिया। हिमाचल और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में अब तक का सबसे बड़ा सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें 7000 से अधिक लोग शामिल हुए हैं।

### भेडू नागनी में कल निकलेगी शोभायात्रा

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सद्गुरु कबीर साहेब का 627वां प्रकाशोत्सव 11 जून बुधवार को सद्गुरु श्री कबीरधाम सेवा समिति भेडू नागनी में मनाया जाएगा। इससे एक दिन पहले 10 जून को शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा सुबह 09:30 बजे बदेहड़ (राजपुर) से चलेगी और खयांपड़ 9:45 बजे पहुंचेगी। सत्याणा में यह 10:20 बजे पहुंचेगी। इसी दिन रात 8:00 से सत्संग व भजन-कीर्तन शुरू होगा। 11 जून को निशान ध्वजारोहण का कार्यक्रम सुबह 9:30 से लेकर सुबह 10:00 बजे तक होगा। संतों का प्रवचन एवं सत्संग सुबह 10:00 से लेकर दोपहर 1:30 बजे तक होगा। गुरु का लंगर अटूट बरताया जाएगा।

### कल जयसिंहपुर, 17 को धीरा पहुंचेगी रथयात्रा



**अनंत ज्ञान टीम, जयसिंहपुर/डरोह।** श्री सत्य साईं बाबा के 100वें जन्मोत्सव के अवसर पर प्रेम और मानव सेवा का पैगाम दे रही प्रेमप्रवाहिनी रथयात्रा 11 जून को शाम 4 बजे जयसिंहपुर पहुंचेगी। साईं सेवा समिति जयसिंहपुर के संयोजक चुनी लाल ने बताया कि विजयपुर मंदिर से यह रथ शोभायात्रा के साथ जयसिंहपुर रामलीला कला मंच में पहुंचेगा, जहां सैकड़ों लोग भगवान श्री सत्य साईं बाबा के दिव्य चरण पादुकाओं के दर्शन करेंगे। इस अवसर पर साईं भजन का आयोजन होगा। 12 जून को सुबह 5:20 बजे प्रभात फेरी का आयोजन होगा। 12 जून को दोपहर 2 बजे यह रथयात्रा सत्य साईं सेवा समिति छेछड़ी पहुंचेगी। 13 जून को सुबह यह रथयात्रा जयसिंहपुर बाजार की परिक्रमा करेगी। वहीं, प्रेम वाहिनी दिव्य रथ का 17 जून को रात्रि ठहराव धीरा में होगा।

### लाखों की नकदी व आभूषणों पर हाथ साफ

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा हवाई अड्डे के साथ लगते गांव में शनिवार रात को एक घर में चोरी होने का मामला सामने आया है। जिस घर में चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया, वे सभी सदस्य बाहर गए हुए थे। चोरों ने रोहित शर्मा के अनसोली गांव में स्थित घर को निशाना बनाया। इस घटना का पता देर रात करीब 12 बजे चला, जब परिवार घर लौटा और उन्होंने घर का सारा सामान बिखरा हुआ पाया। चोरी हुए सामान में नकदी और जेवरों पर हाथ साफ किया है। पंचायत प्रधान अनसोली अंबिका देवी ने बताया कि चोरों की ओर से दरवाजा तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया गया दराट बरामद हुआ है। गगल पुलिस ने चोरी की घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

### सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में टीजीटी परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने रविवार को 99 केंद्रों पर टीजीटी नॉन मेडिकल और टीजीटी हिंदी विषय के लिए अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) आयोजित की। टीजीटी नॉन मेडिकल की परीक्षा के लिए 6744, जबकि दूसरे सत्र में आयोजित टीजीटी हिंदी विषय की पात्रता परीक्षा के लिए 2432 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन पूरी पारदर्शिता और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों ही परीक्षाओं में पूरी पारदर्शिता बरती गई है।

### अगोजर पंचायत के अच्छर कुंड में लगाया भंडारा



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** ब्लॉक पंचरुखी की अगोजर पंचायत में स्थित अच्छर कुंड लोगों की धार्मिक आस्था का केंद्र है। यहां रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। अच्छर कुंड कमेटी के उपप्रधान महेंद्र सिंह कालिया ने बताया वर्षों पहले एक ग्रामीण को सपने में शिव पिंडी के दर्शन हुए थे तथा अच्छर कुंड के पास इस पिंडी को स्थापित करने को कहा था। ग्रामीणों ने शिव पिंडी की स्थापना करके वहां पर मंदिर भी बना दिया। इस कुंड में स्नान करने से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। अच्छर कुंड में नहाने से सभी प्रकार के चरम रोग दूर होते हैं। साल में शिवरात्रि व जून के दूसरे रविवार को यहां पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है।

# पुढ़वा-बालकरूपी मार्ग पर अवैध लकड़ी के साथ दो लोग गिरफ्तार

## गाड़ी में की जा रही थी लोड, वन विभाग की टीम ने भिल्ला के पास दबोचा

**मंदीप, अनंत ज्ञान**



वन विभाग की टीम भिल्ला में पकड़ी लकड़ी की गाड़ी के साथ दो लोग।

**जयसिंहपुर।** वन विभाग की टीम ने पुढ़वा-बच्छवाई-बालकरूपी सड़क मार्ग पर भिल्ला के पास एक गाड़ी में लोड की जा रही अवैध लकड़ी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी डरोह की विनोद कुमार अध्यक्षता में पुढ़वा-बच्छवाई-बालकरूपी सड़क मार्ग पर वन खंड अधिकारी थुरल विजय कुमार, वनरक्षक डूहक बीट मोहिंद्र सिंह, वनरक्षक रमेश चंद व वनरक्षक बलोटा मनोहर सिंह की टीम ने नाका लगाया हुआ था।

इस दौरान भिल्ला के पास गाड़ी में लकड़ी लोड की जा रही थी। वन विभाग की टीम ने जब गाड़ी चालक व अन्य युवक राकेश कुमार पुत्र मूल राज मैहरा निवासी बटाहण थुरल से पूछताछ की गई तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। न ही लकड़ी को लेकर वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर सके। इसके चलते वन विभाग की टीम ने गाड़ी (एचपी 84- 9935) को लकड़ी सहित अपने कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि वन खंड अधिकारी विजय कुमार ने की है।

## पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साइट क्योर में हादसा टला

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पैराग्लाइडिंग की लैंडिंग साइट क्योर में रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया। लैंडिंग साइट पर एक पशु जो लैंडिंग साइट में खुले में घूम रहा था, उसकी चपेट में आने से पायलट व मौजूद पर्यटक बच गए। ग्लाइडर का काफी नुकसान हुआ। यह ग्लाइडर बिलिंग एडवेंचर पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन का था।

**पशु के आने से हुआ हादसा**

एसोसिएशन के अध्यक्ष राज अवरोल का कहना है कि साडा प्रशासन बिलिंग से प्रति उड़ान 75 रुपए पायलट से चार्ज करता है, बदले में टेकऑफ साइट बिलिंग व लैंडिंग साइट क्योर में पशुओं को हटाने तक किसी व्यक्ति की तैनाती करना जरूरी नहीं समझता, चाहे किसी की जान ही क्यों न चली जाए।

स्थानीय लोगों, पायलटों ने प्रशासन से कहा कि समय रहते पुख्ता प्रबंध किए जाएं, ताकि आगे से कोई ऐसी घटना घटित न हो।

# प्रतिभागियों ने पूरी की धर्मकोट से भागसूनाग तक ट्रेकिंग



धर्मशाला में ऑल इंडिया ट्रेकिंग कैंप में रविवार को कई गतिविधियां करवाई गईं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**भारतीय** सेना के धर्मशाला छावनी स्थित प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे ऑल इंडिया ट्रेकिंग कैंप में रविवार को कई गतिविधियां की गईं। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को प्रकृति की गोद में साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण देना और उनके व्यक्तित्व विकास में सहायता करना है। पहले बैच के प्रतिभागियों ने धर्मकोट से भागसूनाग तक की अपनी ट्रेकिंग सफलतापूर्वक पूरी की। यह सफर न केवल शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण था, बल्कि इस दौरान युवाओं को हिमाचल की स्थानीय संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य को नजदीक से देखने का भी अवसर मिला। कैडेट्स ने भागसूनाग मंदिर के इतिहास को जाना।

प्रतिभागियों में सोलन, पालमपुर, धर्मशाला, सुंदरनगर, मंडी, शिमला, कुल्लू और नाहन, उत्तराखंड डायरेक्टरेट से अल्मोड़ा और रुड़की, तथा राजस्थान डायरेक्टरेट से उदयपुर, जोधपुर और कोटा की गर्ल्स एनसीसी कैडेट्स इस कैंप में शामिल हुई हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजकों का मानना है कि ऐसे आयोजन न केवल कैडेट्स को प्रकृति से जोड़ते हैं, बल्कि उन्हें देश की सांस्कृतिक विविधता को समझने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का भी अवसर प्रदान करते हैं।

# संगठन विस्तार व सनातन संस्कृति के संरक्षण पर जोर



नाग मंदिर करियाड़ा में हुई राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ की जिला स्तरीय बैठक।

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

**राष्ट्रीय** हिंदू वाहिनी संघ हिमाचल की जिला स्तरीय परिचयात्मक बैठक रविवार को करियाड़ा के नाग मंदिर परिसर में आयोजित की गई।

इसकी अध्यक्षता शिवांगी ठाकुर ने की। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी से प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश कुमार व प्रदेश महामंत्री स्नेहा कटोच विशेष रूप से मौजूद रहीं। उन्होंने संगठन की भूमिका, उद्देश्य तथा आगामी योजनाओं को विस्तार से साझा किया और युवाओं व महिलाओं को अधिक संख्या में संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। तेजी से बढ़ रहे नशे के खिलाफ विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संगठन विस्तार, सामाजिक सेवा, सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार, महिला सशक्तिकरण तथा युवा जागरूकता जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों और उपस्थित कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ हिमाचल की ओर से साधुवाद प्रेषित किया गया। सभी ने संकल्प लिया कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संगठन की नीतियों को धरातल पर उतारा जाएगा।

## 53 मील में अनियंत्रित कार गिरी, दो घायल

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** कांगड़ा के 53 मील पुल के पास रविवार को एक कार अनियंत्रित होकर सीधे श्मशानघाट में जा गिरी। इस हादसे में कार में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

यह हादसा रविवार दोपहर को हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार, कार पुल पर पहुंचने के बाद अचानक बेकाबू हो गई और डिवाइडर तोड़ती हुई सीधे नीचे श्मशानघाट में जा गिरी। कार के गिरते ही हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। बड़ी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला जा सका। घायल युवकों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने घटना का संज्ञान ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

# शाहपुर के रिंकू ने जीती बड़ी माली

## आरएस बाली ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत, मेला कमेटी को दिए 31 हजार रुपए



विजेता और उपविजेता पहलवानों के साथ मुख्यातिथि आरएस बाली।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**कबाड़ी** पंचायत के दो दिवसीय डिनू बाबा और महराज बाबा को समर्पित मेले के समापन समारोह में पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष एवं कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विशेष अतिथि डॉक्टर नरेश विरमानी ने शिरकत की।

बाली ने कहा कि मेले हमारी प्राचीन धरोहर हैं तथा हमारी नई पीढ़ी को इस प्राचीन धरोहर को संभाल कर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगरोटा बगवां विधानसभा के विकास रूपी पहिए को पटरी पर लाने के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास पुरुष जीएस बाली ने इस विधानसभा क्षेत्र को समस्त हिमाचल में प्रथम विधानसभा क्षेत्र की पहचान दिलवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। इस विधानसभा में तीन आईटी, दो डिग्री कॉलेज, दो तहसीलें, इंजीनियरिंग कॉलेज, फॉर्मेसी कॉलेज, फायर स्टेशन, एसडीएम कार्यालय के साथ-साथ सभी विभागों के आवश्यक कार्यालय मौजूद हैं। इस कारण ही स्व. जीएस बाली को विकास पुरुष के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय उच्च मार्ग को सरोत्री से रानीताल तक निर्माण करने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष मामला उठाकर इसकी डीपीआर तैयार करवाई जा रही है। नेशनल हाईवे विभाग ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली है। शाहपुर के दरगेला के रिंकू ने बड़ी माली और छोटी माली जवाली के कृष्ण ने जीती। कमेटी ने विजेता पहलवान को 21 हजार और उपविजेता को 11 हजार रुपए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बाली ने मेला कमेटी को 31 हजार रुपए अपनी विकास निधि से देने की घोषणा की।

# केंद्र की 11 वर्ष की उपलब्धियों को बूथ स्तर तक पहुंचाने को सौंपी जिम्मेदारियां



कांगड़ा के मटौर में कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार।

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** केंद्र में एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला कांगड़ा भाजपा ने बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मटौर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पार्टी प्रभारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने की। इसमें कांगड़ा, शाहपुर, धर्मशाला, नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

परमार ने कहा कि 11 जून को प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में एनडीए सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है और इस दिन को भाजपा ने संकल्प से सिद्धि की ओर आत्मनिर्भर हिंदुस्तान का नारा देकर मनाने का फैसला लिया है। केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों को हर जिला, मंडल व बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए पार्टी पदाधिकारी साथ कार्यशाला में विस्तृत चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने कहा हर विधानसभा क्षेत्र में केंद्र की योजनाओं को रैली, संगोष्ठी के माध्यम से बूथ स्तर तक ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा 21 जून को विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में हर पोलिंग बूथ ग्रामीण स्तर पर और स्कूलों में विश्व योग दिवस का आयोजन करने के लिए भाजपा प्रयासरत है। 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को हर मंडल और पोलिंग बूथ पर मनाया जाएगा। केंद्र सरकार ने कई योजनाएं शुरू कर देश की जनता को राहत पहुंचाई है। इससे पहले सह प्रभारी व विधायक पवन काजल ने मुख्य अतिथि विपिन सिंह परमार का शॉल और टोपी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री सरवीण चौधरी, विनय शर्मा, पूर्व विधायक अरुण कूका आदि मौजूद रहे।

## पंजाब पुलिस ने 10 माह बाद सुलझाया ठगी का मामला

**अशोक ठाकुर अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट जिले में पीएनबी के रिटायर्ड मैनेजर से हुई लाखों रुपए की साइबर ठगी का मामला पुलिस ने करीब 10 माह बाद सुलझाया है, लेकिन अभी इस मामले में कई आरोपी पकड़े जाने बाकी हैं। पुलिस ने इस मामले में अभी तक कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पठानकोट साइबर क्राइम सेल के इंचार्ज अमित कुमार ने बताया कि करीब दस माह पहले उन्हें शिकायत मिली थी कि जिले के एक रिटायर्ड बैंक मैनेजर को वाट्सएप फोन काल आई और कहा कि वे यूके की फार्मा कंपनी से बात कर रहे हैं। हमारे पास एक अमू नेट है, जो डिप्रेशन और बीपी की दवाई में इस्तेमाल होता है। हम आपको इसकी डीलरशिप संबंधी फ्रेंचाइजी देंगे। इसके लिए हमें कुछ पैसे आपको ट्रांसफर करने होंगे। बैंक मैनेजर इनके झांसे में आ गया और साइबर ठग उनसे करीब 79 लाख रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवाकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने इस मामले में एक माह पहले आरोपी वनीत निवासी दिल्ली से पकड़ा था, जबकि आकाश कुमार, गौरव कुमार और अनितेक निवासी मोहाली को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके 1 दिन का रिमांड हासिल किया है।

# महेंद्र चौधरी को घृत वाहती चाहंग महासभा की कमान



गुप्त गंगा कांगड़ा में हुई घृत वाहती चाहंग महासभा ब्लॉक कांगड़ा की बैठक।

**अनंत ज्ञान, गगल**

**घृत** वाहती चाहंग महासभा ब्लॉक कांगड़ा की बैठक में रविवार को गुप्त गंगा कांगड़ा में हुई। इसकी अध्यक्षता चुनाव पर्यवेक्षक सीताराम कौंडल ने हुई। इसमें सर्वसम्मति से महिंद्र चौधरी को ब्लॉक प्रधान चुना गया, जिसका नाम रामलाल चौधरी ने अनुमोदन किया और कुलभाष चौधरी ने समर्थन किया।

जनरल सेक्रेटरी किशोरी लाल, उपाध्यक्ष सुभाष चौधरी, कोषाध्यक्ष उपेंद्र सैनी को चुना गया है। कांगड़ा ब्लॉक की कार्यकारिणी का विस्तार करने का जिम्मा प्रधान महिंद्र चौधरी को दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक के पूर्व मंडल प्रधान (ओबीसी) प्रभात चौधरी, सुदर्शन अंगारिया, पूर्व विधायक संजय चौधरी, वेद प्रकाश चट्टानी, वीरेंद्र चौधरी, कुलदीप चौधरी, जिला परिषद सदस्य करतार चौधरी, राजे स्याल, सतिंद्र भराड़िया, विजय बाहड़ी, बलदेव चौधरी, संजू, मुनीष, सावो राम, मनुज, अंकुश, जसपाल जस्सू आदि मौजूद रहे। कुलभाष चौधरी ने नवनिर्वाचित महासभा से अपील की है कि जल्द ही भूमि चिन्हित करके भवन बनाने का प्रयास किया जाएगा।

**सूरत-ए-हाल** स्थानीय जनता परेशान, सरकार से डॉक्टरों के पद भरने की मांग

# सीएचसी खैरियां में डॉक्टर नहीं

**रमन राणा, अनंत ज्ञान**

**भडवार।** विधानसभा नूरपुर के तहत खैरियां पंचायत में स्थित कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में आठ महीना से कोई भी सीनियर डॉक्टर नहीं है। हालांकि, अस्पताल में दो डॉक्टरों की पोस्टें रखी गई हैं, जो कि दोनों खाली हैं। इस कारण जनता को मजबूरी में सिविल अस्पताल नूरपुर का रुख करना पड़ता है।

स्वास्थ्य संस्थान में अभी तक स्थायी रूप से किसी डॉक्टर की पोस्टिंग नहीं हुई है। वर्ष 1991-92 में कांग्रेस सरकार के समय में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री स्व. सत महाजन द्वारा इस पीएचसी का नींव पत्थर रखा था, लेकिन सरकार बदली और भाजपा सरकार के तत्कालीन विधायक राकेश पठानिया तथा स्वास्थ्य मंत्री राजीव बिंदल की ओर से इसका उद्घाटन किया गया। यहां पर डॉ. तुषार सैनी ही पूर्ण रूप से डॉक्टर के पद पर कार्यरत रहे।

2019 में भाजपा सरकार में तत्कालीन विधायक व वन मंत्री राकेश पठानिया की ओर से इसे सीएचसी का दर्जा दिया गया। दो डॉक्टर, 6 बैड, दो डेंटल, कृष्णा लैब तथा 24 घंटे एंबुलेंस सौंपकर इसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान में बदला गया, लेकिन यहां पर कोई सुविधा नहीं मिल पाई।

### डॉक्टर का न होना दुर्भाग्यपूर्ण: निक्का



स्थानीय विधायक रणवीर सिंह निक्का से कहा कि सीएचसी में डॉक्टर का न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस विषय पर वह स्वयं मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री से बात करेंगे। साथ में पत्र लिखकर भी डॉक्टर की पोस्टिंग की मांग रखी जाएगी।

### सीएम से लगाई है गुहार: विजया



स्थानीय प्रधान विजया कुमारी ने कहा कि पूर्व विधायक अजय महाजन के माध्यम से मुख्यमंत्री से भी गुहार लगाई गई है तथा उन्होंने जल्द यहां डॉक्टर की नियुक्ति का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि लगभग इसी सप्ताह में डॉक्टर की नियुक्ति हो जाएगी।


### जल्द हो डॉक्टर की नियुक्ति: राहुल



उपप्रधान राहुल कुमार ने कहा कि इतने समय से डॉक्टर न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मैं जनता की आवाज सरकार के सामने लाना चाहता हूं कि यहां शीघ्र किसी सीनियर डॉक्टर की नियुक्ति की जाए।

**डॉक्टरों** की खाली पड़ी पोस्टों से संबंधित समय-समय पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। इस बारे में फिर से सरकार को रिक्त पदों को भरने का आग्रह किया जाएगा।

**-डॉ. दिलबर सिंह, मेडिकल ऑफिसर, ब्लॉक नगरोटा।**



## फाउंटेन या कोई साजिश जनता की उम्मीदों पर पानी क्यों: प्रवीण कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने कहा शहर के बीचोंबीच स्थित एक छोटा-सा फाउंटेन, जो न कोई बहुत बड़ा प्रोजेक्ट था और न ही अत्यधिक खर्च वाला सिर्फ 10 प्रतिशत कार्य शेष रह जाने के बावजूद सालों से अधूरा पड़ा है। फाउंटेन न तो तकनीकी रूप से कोई चुनौती है, न ही इसे पूरा करना किसी सरकारी तंत्र की क्षमता से बाहर है। इसके बावजूद इसे चालू करने की कोई सुध नहीं ली जा रही। शहरवासियों का आरोप है, अगर नगर निगम को यदि कुछ करना है तो वह पुरानी टाइलें उखाड़कर नई टाइलें बिछाना, गलत जगहों पर सुलभ शौचालयों का निर्माण कर लाखों रुपए की धन बर्बादी करना, दर्शकों के बैठने के लिए सीमेंट के बेंच हटाकर पार्किंग स्थल बना देना, जबकि पार्किंग के लिए पुरानी सब्जी मंडी व बस अड्डा प्राधिकरण परिसर में बहुत जगह है। यह फाउंटेन एक संभावित पर्यटन स्थल बन सकता है। शहरवासियों का आरोप है कि कहीं न कहीं एक साजिश चल रही है।

# नैहरनपुखर क्षेत्र में आम का पेड़ काटने का मामला आया विवादों में

## वन विभाग देहरा ने बिना जांच के दे दी पेड़ काटने की अनुमति

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान**



देहरा वन विभाग के तहत नैहरनपुखर में काटा गया आम का पेड़।

**परागपुर।** देहरा वन विभाग के तहत आने वाले नैहरनपुखर क्षेत्र में एक हरे-भरे आम के पेड़ को काटने का मामला अब विवादों में आ गया है। सरकारी भूमि में लगा आम का पेड़ एक निजी व्यक्ति के प्लॉट के रास्ते में आ रहा था। हैरानी की बात तो यह है कि विभाग ने बिना किसी सार्वजनिक सूचना और बिना स्थानीय निरीक्षण के पेड़ काटने की अनुमति दे दी।

लोगों का आरोप है कि न तो उन्हें इस फैसले की जानकारी दी गई, न ही उनसे कोई राय ली गई। जब पेड़ काटा गया, तब आस-पास के लोगों को मशीनें देखकर इस कार्रवाई का पता चला। कुछ ने विरोध भी किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पर्यावरण से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि एक फलदार, हरा-भरा पेड़ वर्षों में तैयार होता है, जबकि उसे काटने का निर्णय मिनटों में ले लिया गया। इस मामले में कोई भी औपचारिक प्रक्रिया अपनाई नहीं गई, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग गए हैं।

स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों ने देहरा के वन मंडल अधिकारी से इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि इस तरह से हर व्यक्ति निजी हित में पेड़ कटवाने लगा और विभाग आंख बंद अनुमति देता रहा, तो क्षेत्र की हरियाली और पर्यावरण को क्षति पहुंचेगी।

**पेड़ों** को काटने की अनुमति वन विभाग नहीं, बल्कि संबंधित गठित कमेटी की ओर से दी जाती है। अगर आम के पेड़ को काटा गया है तो यह मामला गंभीर है और उपरोक्त मामले की जांच होगी। पेड़ गलत काटा गया होगा तो सरकारी मापदंडों अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-सन्नी वर्मा, डीएफओ, देहरा।**

# सेब पर संकट से बागवानों की बढ़ी चिंता

## फसल में कीटों का हमला, उत्पादन और गुणवत्ता पर आंशिक प्रभाव पड़ने की आशंका

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश जिसे 'सेब राज्य' के नाम से जाना जाता है, इस वर्ष भी अपने बागवानी उत्पाद, सेब को लेकर गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। पिछले कुछ हफ्तों से राज्य के विभिन्न सेब उत्पादक क्षेत्रों से फल और पेड़ों में तेजी से फैल रही विभिन्न कीटो के हमलों की खबरें आ रही हैं। इन खतरनाक कीटों के कारण सेब के आकार, रंग और स्वाद में कमी आ सकती है।

बागवानों का कहना है कि उन्होंने पहले ऐसी बीमारियों का सामना नहीं किया है और वे इनके निदान और नियंत्रण को लेकर असमंजस में हैं। कई बागवानों ने स्थानीय बागवानी विशेषज्ञों से संपर्क किया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं मिल पाया है। इन कीटों के हमले के करण सेब का उत्पादन कम होने की आशंका है, जिससे बागवानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। संक्रमित सेब की गुणवत्ता खराब होने से बाजार में उनकी कीमत कम मिल सकती है, जिससे बागवानों की आय प्रभावित होने का अंदेशा है।

बताते चलें कि सेब राज्य के हजारों बागवानों की आजीविका का मुख्य स्रोत है। इन बीमारियों के फैलने से उनकी आजीविका पर सीधा खतरा मंडरा रहा है। बागवान इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अगर इन बीमारियों पर जल्द नियंत्रण नहीं पाया गया, तो भविष्य में सेब की फसल पर इसका गंभीर और दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। सेब

### बीमारियों के फैलने से आजीविका पर भी मंडरा रहा खतरा

उत्पादकों ने राज्य सरकार और बागवानी विशेषज्ञों से इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने का आग्रह किया है। वे चाहते हैं कि सरकार शीघ्र ही एक विशेष टीम का गठन करे, जो प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर इन बीमारियों का अध्ययन करे, उनके कारणों का पता लगाए और प्रभावी नियंत्रण उपायों की सिफारिश करे। साथ ही, बागवानों को इन बीमारियों से बचाव और उपचार के बारे में उचित मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की जाए।

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती

**यह** संकट हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि सेब राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देता है। सरकार और बागवानों के संयुक्त प्रयासों से ही इस संकट से निपटा जा सकता है और हिमाचल के सेब उद्योग को बचाया जा सकता है। इसलिए सरकार समय रहते अपनी सक्रियता दिखाएं और बागवान को राहत प्रदान करें।



### नई कीट प्रजातियों ने बढ़ाई परेशानी : विशेषज्ञ

**बागवानी** विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन, नई कीट प्रजातियों का आगमन और अनुचित कृषि पद्धतियां इन बीमारियों के फैलने के संभावित कारण हो सकते हैं। वे बागवानों को सलाह दे रहे हैं कि वे अपने बागों की नियमित निगरानी करें, साफ-सफाई पर ध्यान दें और आवश्यकतानुसार विशेषज्ञों से सलाह लें।

# नारकंडा के धोमड़ी स्की मैदान में लायंस क्लब ने लगाए बेंच



**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**कुमारसैन।** लायंस क्लब शिमला के सौजन्य से रविवार को नारकंडा के धोमड़ी स्की मैदान में सैलानियों की सुविधाओं के लिए चार आदत बेंच लगाए गए। इस मौके पर लायंस क्लब शिमला के अध्यक्ष मनमोहन वर्मा प्रोजेक्ट, चेयरपर्सन लायन पी एस पनवर, उपाध्यक्ष गोपाल, ओ पी मेहता, लॉएन डी के चौहान निदेशक आरके जिष्टु मौजूद रहे। इस दौरान लायंस क्लब के

### सार्वजनिक शौचालय बनाने के लिए किया जाएगा प्रयास : मनमोहन

अध्यक्ष मनमोहन वर्मा ने कहा कि लायंस क्लब समय-समय पर सामाजिक कार्य के लिए प्रयासरत रहता है।

उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में आज नारकंडा की धोमड़ी ढलान पर चार अदद बेंच सैलानियों की सुविधा के लिए लगाए गए ताकि यहां आने वाले सैलानियों बैठने की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि जल्द ही नारकंडा के धोमड़ी में सार्वजनिक शौचालय बनाने के लिए प्रयास किया जाएगा, ताकि स्वच्छता का संदेश लोगों में जाए। इसके अलावा अन्य गतिविधियां करने पर चर्चा की गई, ताकि नारकंडा में आने वाले सैलानियों को सुविधा हो साथ ही क्षेत्र के सौंदर्य करण के लिए भी योजना बनाई गई।

# मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से तेजी से चल रहा कुड़ी मोहली सड़क का मेटलिंग और टारिंग कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**चौपाल** विधानसभा क्षेत्र के पुंदर क्षेत्र से सटी कोटखाई तहसील की ग्राम पंचायत गरावग के अंतिम गांव कुड़ी मोहली को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क के उन्नयन और चौड़ीकरण के बाद, अब मेटलिंग और टायरिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। इस कार्य से स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर है, जिन्होंने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों की सराहना की है।

ग्रामवासियों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों की भाजपा सरकार के कार्यकाल में इस सड़क का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ था। कांग्रेस सरकार के गठन के बाद, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने व्यक्तिगत रूप से इस परियोजना में रुचि ली, जिससे निर्माण कार्य में तेजी आई और अब यह अपने अंतिम चरण में है। समस्त गरावग पंचायत की स्थानीय जनता और कुड़ी मोहली के ग्रामवासियों ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए माननीय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उनका मानना है कि इस सड़क के पूर्ण होने से उनके जीवन में काफी सुधार आएगा और आवागमन सुगम हो जाएगा। यह परियोजना हिमाचल सरकार और शिक्षा मंत्री के जनहितैषी कार्यों का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गई है।



### ग्रामीणों ने जताया शिक्षा मंत्री का आभार

### पूर्व भाजपा सरकार में अटका था काम

# शूलिनी मेले के नाम पर फर्जीवाड़ा : चेतन बरागटा

## कांग्रेस सरकार पर लगाया संरक्षण का आरोप, उच्च स्तरीय जांच की मांग


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**राज्य** स्तरीय शूलिनी मेले के नाम पर बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है, जिसने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। भाजपा के राज्य प्रवक्ता चेतन बरागटा ने इस भ्रष्टाचार में कांग्रेस सरकार के संरक्षण का आरोप लगाया है और पूरे मामले की कड़ी जांच की मांग की है।

बरागटा के अनुसार, सोलन जिले के नालागढ़ पुलिस चौकी में यह मामला दर्ज हुआ है। इसमें सरकारी अधिकारियों की संलिप्तता का भी संदेह है, जिनका नाम जल्द ही सामने आ सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारी तभी संरक्षण देते हैं, जब सरकार का संरक्षण स्वयं होता है।

उन्होंने कहा है कि नालागढ़ की दिनेश प्रिंटिंग प्रेस में 1200 फर्जी पर्चियां छापी गईं। इन पर्चियों का उद्देश्य शूलिनी मेले के आयोजन के नाम पर दुकानदारों और आम लोगों से अवैध रूप से पैसा इकट्ठा करना था। एक डिपो संचालक ने खाद्य आपूर्ति विभाग के एक निरीक्षक द्वारा दी गई एक मूल पर्ची के आधार पर ये फर्जी पर्चियां छपवाईं। इन पर्चियों पर स्कैनर और सोलन के उपायुक्त (डीसी) की ईमेल-आईडी भी प्रकाशित थी।

बरागटा ने कहा कि पर्ची में प्रिंटिंग प्रेस का नाम नहीं लिखा था, जिससे उसकी भूमिका भी संदेह के घेरे में है। वहीं, मूल पर्ची उपलब्ध कराने वाले फूड इंस्पेक्टर की भूमिका की भी जांच की जा रही है। मां शूलिनी सोलन जिले के लोगों की अधिष्ठात्री देवी हैं, और हर साल उनके नाम पर सोलन में भव्य मेले का आयोजन होता है।



### भ्रष्टाचार पर भाजपा का हमला

**भाजपा** ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार आने के बाद से हिमाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार व्यापक रूप से फैल गया है। पार्टी ने मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और कड़ी से कड़ी जांच होनी चाहिए, और इसमें संलिप्त सभी व्यक्तियों, चाहे वे सरकारी अधिकारी हों या अन्य, के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। भाजपा ने चेतावनी दी है कि जांच में तथ्यों को मिटाने का कोई भी प्रयास स्वीकार्य नहीं होगा।

### नालागढ़ में प्रिंटिंग प्रेस में छपवाईं 1200 फर्जी पर्चियां

### पर्चियों पर स्कैनर व डीसी सोलन की ईमेल-आईडी भी थी प्रकाशित

# चायल कोटी कॉलेज में बीएड कक्षाएं शुरू करने का वादा पूरा करे सरकार

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

**शिमला** जिला भाजपा संगठन के पूर्व अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने रविवार को जारी बयान में डिग्री कॉलेज चायल कोटी में बीएड की कक्षाएं शीघ्र आरंभ करने की मांग की है। इन्होने कहा कि बीते वर्ष मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस डिग्री कॉलेज के नए भवन के उद्घाटन के दौरान बीएड कक्षाएं आरंभ करने की घोषणा की गई थी । आठ माह बीत जाने पर भी इस बारे सरकार ने कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है ।

उन्होंने बताया कि कॉलेज में सांईस विषय की बहुत आवश्यकता है जबकि नए भवन में साईंस संकाय का प्रावधान किया गया है परंतु सुक्खू सरकार ने इस कॉलेज में साईंस विषय आरंभ करने की बजाए बीएड कक्षाएं आरंभ करने की घोषणा भी खोखली साबित हुई है। उन्होने बताया कि कसुपंटी विस का यह एक मात्र कॉलेज है और इस क्षेत्र के बच्चों को साईंस विषय पढ़ने के लिए शिमला अथवा सोलन जाना पड़ता है। प्रेम ठाकुर ने कहा कि इस प्रवास के दौरान सीएम ने कोटी में पुलिस चैकी, सीएचसी कोटी में दस बिस्तरों की व्यवस्था करने, सतलाई में पटवार सर्कल खोलने तथा शिमला से पीरन के लिए वाया कूफरी होते हुए पुरानी बस सेवा आरंभ करने की घोषणा की थी जोकि केवल भाषण तक सीमित रही। इन्होने कहा कि घोषणाएं कोरी साबित होने पर सीएम ने कसुपंटी निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। इसी प्रकार सीएम ने कसुपंटी विस की कुछ सड़कों के लिए धनराशि देने की बात कही थी परंतु प्रदेश की माली हालत ठीक न होने पर सड़कों के लिए एक फूटी कौड़ी भी नहीं आई।

### जिला भाजपा संगठन के पूर्व अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने की मांग

## सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने किया बिलासपुर दौरा, बैठक में की पीडब्ल्यूडी कार्यों की समीक्षा

# रोपवे का लिया जायजा, सुरक्षा मानकों का पालन करने के दिए निर्देश

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** राज्य सरकार में सचिव (डिजिटल टेक्नोलॉजीज, गवर्नेंस एवं लोक निर्माण) तथा सचिव वित्त, योजना, अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी डॉ. अभिषेक जैन ने रविवार को बिलासपुर का एक दिवसीय दौरा किया।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में भाग लिया और जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। डॉ. जैन ने श्री नयना देवी जी मंदिर रोपवे का जायजा लिया और मौके पर ही कंपनी अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि रोपवे क्षेत्र में तैनात सभी कर्मचारियों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड अनिवार्य होगा व टिकट दर सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जानी चाहिए।

उन्होंने रोपवे क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने श्री नयना देवी जी मंदिर में शीश नवाया और मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सफाई, भीड़ प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की।



श्री नयना देवी जी मंदिर रोपवे का जायजा लेते सचिव डॉ. अभिषेक जैन ।

### सरकारी रेस्ट हाउसों का भी किया निरीक्षण

**सचिव** ने नमोल क्षेत्र व बिलासपुर में स्थित सरकारी रेस्ट हाउसों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से रेस्ट हाउसों को ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है, ऐसे में इन स्थानों पर सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए। साथ ही परिसर में हरियाली को बढ़ावा दिया जाए और ठहरने की सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए। डॉ. जैन ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (चरण-3) के अंतर्गत 184 करोड़ रुपए की लागत से जिले में बनाई जा रही 19 सड़कों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को तय समयसीमा में पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को शीघ्र सड़क सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता जीत सिंह ठाकुर सहित लोक निर्माण विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# घुमारवीं में बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के तहत किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर सड़क हादसे में 75 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना भगेड़ क्षेत्र के पास शनिवार को हुई। मृतक की पहचान चंदू राम निवासी बल्लू वाहनी, डाकघर भगेड़ के रूप में हुई है। मृतक भगेड़ स्थित एक फूड वैन पर चाय पीने के बाद पैदल औहर की ओर जा रहा था।

इसी दौरान भगेड़ से औहर की दिशा में जा रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। चंदू राम और बाइक सवार दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों व फूड वैन संचालक ने घायलों को एम्स बिलासपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने चंदू राम को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बाइक सवार का इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी

### किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर पेश आया दर्दनाक हादसा

# ऑपरेटरों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही सभा: दौलत

## लाड़ाघाट में हुआ दी बिलासपुर जेपी उद्योग विस्थापित परिवहन सभा का अधिवेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**दी** बिलासपुर जेपी उद्योग विस्थापित परिवहन सभा का वार्षिक साधारण अधिवेशन रविवार को लाड़ाघाट में आयोजित किया गया। अधिवेशन में सभा के भारी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। सभा के प्रधान ने कहा कि विपक्ष ने इस अधिवेशन को रुकवाने के लिए न्यायालय का सहारा लिया, लेकिन अदालत का फैसला सभा के पक्ष में आया, जिससे यह अधिवेशन संभव हो सका।

महासचिव दौलत सिंह ठाकुर ने कहा कि यदि किसी सदस्य को कोई समस्या है, तो वह सीधे सभा के समक्ष अपनी बात रखें, लेकिन जिस तरह से कुछ लोग लगातार सभा के खिलाफ कार्य कर रहे हैं, वह निंदनीय है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मंच पर सभा का पूरा लेखा-जोखा मांगा जा सकता है, पारदर्शिता बनाए रखी गई है।



लाड़ाघाट में आयोजित अधिवेशन में सभा के भारी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया।

### ऑपरेटर की मृत्यु पर 8 लाख रुपए देगी सभा

**दौलत** ठाकुर ने कहा कि सभा ऑपरेटरों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है। चाहे वह किराया निर्धारण का मुद्दा हो या गाड़ियों की वापसी का सवाल, हर स्तर पर सभा ने ऑपरेटरों के पक्ष में आवाज उठाई है। उन्होंने बताया कि गाड़ियों की पार्किंग के लिए प्रशासन और अल्ट्राटेक कंपनी से बातचीत चली हुई है। उन्होंने कहा कि सभा के आग्रह पर अब गाड़ियों की पासिंग रानीकोटला में करवाई जा रही है, जिससे ऑपरेटरों को काफी सुविधा मिल रही है। सभा अपना पेट्रोल-डीजल पंप स्थापित करने की योजना बना रही है। पंप के लिए भूमि चयन और अन्य कागजात की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। सभा द्वारा अपना स्थायी भवन बनाने पर भी चर्चा की गई। भवन निर्माण के लिए भी जमीन चिन्हित करने और कानूनी प्रक्रिया जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया गया। सभा द्वारा पिछला पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। अधिवेशन में बड़ा निर्णय लिया कि यदि किसी ऑपरेटर की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार को सभा की ओर से 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी और जिस ऑपरेटर की अभी सभा में गाड़ी नहीं डली है, उसको 2 लाख रुपए सभा के द्वारा दिया जाएगा।

# जनता की जेबों में डाका डालने में जुटी सुक्खू सरकार : गर्ग

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी डिपो में छह माह के बाद अब बढ़े हुए दामों पर रिफाइंड तेल मिलेगा। नए टेंडर के चलते जहां रिफाइंड तेल की कीमतें एपीएल परिवारों के लिए 134 रुपए प्रति लीटर व टैक्स पेयर्स के लिए 144 रुपए प्रति लीटर तक जा पहुंची है, तो वहीं इन बढ़ी कीमतों को लेकर प्रदेश के पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने सरकार पर निशाना साधा है।



गर्ग ने कहा कि जब से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, तब से गरीब जनता की जेबों में डाका डालने में जुटी हुई है, जिसका उदहारण बसों का किराया बढ़ाना, सरकारी अस्पतालों में 10 रुपए पर्ची शुल्क लगाना, बिजली की दरों को बढ़ाना और अब सरकारी डिपो में मिलने वाला रिफाइंड तेल की कीमतों को बढ़ाने से साफ हो चला है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर केवल गरीब जनता पर आर्थिक बोझ डालने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले तो सरकारी डिपो में काफी समय से उपभोक्तओं को रिफाइंड तेल नहीं मिल रहा था और अब इस माह से रिफाइंड मिलने की उम्मीद लोगों में जगी है तो उसकी कीमतों को बढ़ाकर 134 रुपए व 144 रुपए प्रति लीटर कर दिया, जो बाजार में मिलने वाले रिफाइंड तेल की कीमत के बराबर है या अधिक है। उन्होंने कहा कि जो गरीब परिवार के लोग सोसायटी से मिलने वाले राशन पर ज्यादा निर्भर हैं और बाजार से महंगे दामों पर मिलने वाले खाद्य वस्तुओं को नहीं खरीद पाते, अब रिफाइंड के बढ़े हुए दामों से कहीं न कहीं उनकी जेब पर भी इसका खासा असर देखने को मिलेगा।

# संस्कारवान पीढ़ियां ही करती हैं देश का निर्माण : पूर्णिमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ बिलासपुर पर आज 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' एवं 'कन्या किशोर कौशल कार्यक्रम' को लेकर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का शुभारंभ पूर्णम मॉल के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय हांडा एवं सीमा हांडा ने किया। गायत्री परिवार महिला मंडल हिमाचल प्रदेश की प्रांत संयोजिका पूर्णिमा ठाकुर ने कहा कि संस्कार युक्त संताने ही देश और समाज का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस दौर में जब युवा नशे एवं अन्य बुराइयों की चपेट में आ रहा है, परिवार टूट रहे हैं, बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। ऐसे समय में युवाओं एवं बच्चों को दिशा देने की आवश्यकता है और इसके लिए गायत्री परिवार समाज में इन कार्यक्रमों के माध्यम से अभिभावकों को प्रशिक्षित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छी संतान प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि माता-पिता भी अपने जीवन में संस्कारों को महत्व दें। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक परिवेश शर्मा ने बताया कि संगोष्ठी में पूरे प्रांत से 82 महिला कार्यकर्ताओं समेत 100 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# औहर-बरसंड सड़क की हालत दयनीय

## दो किलोमीटर तक जगह-जगह पड़े गड्ढे दे रहे हादसों को न्योता, लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**बिलासपुर** जिले की औहर-गेहड़वीं वाया बरसंड सड़क की हालत काफी खस्ता हो गई है। औहर से बडोआ तक करीब दो किलोमीटर के क्षेत्र में वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के चलते दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। खासतौर पर दोपहिया वाहन चालकों को यहां से गुजरते समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क की खराब हालत के कारण आए दिन वाहनों को नुकसान हो रहा है और लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। यह मार्ग बडोल देवी मंदिर को जोड़ता है, जहां प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में इस समस्या को लेकर भारी रोष है।



औहर-गेहड़वीं वाया बरसंड सड़क पर पड़े गड्ढे।

भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के अध्यक्ष देशराज शर्मा, सुनील कुमार, नरेश कुमार, अनिल कुमार, शांति कुमार, अश्विनी कुमार, राजेंद्र, रमेश कुमार, केदारनाथ, अमरनाथ शर्मा, निक्की देवी और राम प्रकाश सहित कई ग्रामीणों ने विभाग से सड़क की जल्द मरम्मत की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सड़क की हालत नहीं सुधारी गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग ने शीघ्र कोई कदम नहीं उठाया तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि श्रद्धालुओं की आस्था और आम लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस सड़क की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी जाए।

### लोगों ने जताई चिंता, विभाग से की जल्द मरम्मत की मांग

# झंडूता में भीषण गर्मी से नकदी फसलों को नुकसान

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता में कई दिनों से बारिश न होने के कारण भीषण गर्मी और सूखे जैसे हालात पैदा हो गए हैं। तेज धूप और पानी की कमी ने क्षेत्र के किसानों की नकदी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। भिंडी, घीया, करेला, टमाटर और अन्य सब्जियों की फसलों पर सबसे ज्यादा असर देखा जा रहा है। स्थानीय किसानों के अनुसार, लंबे समय तक बारिश न होने से खेतों में नमी खत्म हो चुकी है।

अधिकांश किसान छोटे और मध्यम स्तर के हैं, जिनके पास उन्नत सिंचाई सुविधाओं का अभाव है। किसान सुमुन ने बताया कि हमने भिंडी और करेले की फसल में बहुत मेहनत और पैसा लगाया था, लेकिन गर्मी और पानी की कमी ने सब बर्बाद कर दिया। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और किसानों को सूखा-प्रतिरोधी तकनीकों और फसलों की देखभाल के लिए सलाह दी जा रही है। मल्चिंग जैसे उपायों को अपनाने की राय दी है।

# चंबा के नए बस स्टैंड की दीवारों पर बोल उठी विरासत

## स्थानीय कलाकारों ने किया कमाल, सुही माता मेला और उसकी कहानी दीवारों पर व अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की प्रारंभिक गतिविधियों का है हिस्सा : उपायुक्त

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** चंबा अब सिर्फ एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव बनता जा रहा है। इसका सबसे ताजा उदाहरण है चंबा का नया बस स्टैंड, जो अब सिर्फ एक यात्री प्रतीक्षालय नहीं, बल्कि एक खुला सांस्कृतिक संग्रहालय बन चुका है। यहां की दीवारों पर उकेरे गए लोकजीवन, ऐतिहासिक धरोहर, क्षेत्रीय परंपराएं, त्यौहार, लोकभाषाएं और खानपान सब कुछ यात्रियों को चंबा की आत्मा से जोड़ने का काम कर रहे हैं।

इस अनूठी पहल की कल्पना और नेतृत्व किया है जिला भाषा अधिकारी तुर्केश शर्मा ने, जिनकी सांस्कृतिक दृष्टि और दूरदर्शी सोच ने इस परियोजना को वास्तविक रूप दिया। स्थानीय प्रशासन, भाषा एवं संस्कृति विभाग और चंबा के स्थानीय कलाकारों के सामूहिक प्रयासों ने चंबा को एक नया, रंगीन और जीवंत रूप दिया है। नए बस स्टैंड की हर दीवार अब एक कहानी कह रही है चंबा की। चुराह, पांगी, भरमौर और चंबा के सांस्कृतिक पहलुओं को दीवारों पर जिस सजीवता से चित्रित किया गया है, वह दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है।

स्थानीय खानपान, पारंपरिक वेशभूषा, प्रमुख मंदिर, ऐतिहासिक स्थल, पर्यटन स्थल और उन तक की दूरी यह सब चित्रों और सूचनाओं के साथ दर्शाया गया है ताकि हर आगंतुक को चंबा के हर हिस्से की जानकारी एक नजर में मिल सके।

चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल के अनुसार यह कार्य अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की प्रारंभिक गतिविधियों का हिस्सा है। इसके अंतर्गत चंबा के प्रमुख स्थानों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। नया बस स्टैंड, जो चंबा का प्रमुख प्रवेश द्वार है, वहां जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इतिहास को चित्रों के माध्यम से दर्शाया जा रहा है। इस प्रकार की कला-संस्कृति आधारित परियोजना को जल्द ही चौवाड़ी और डलहौज़ी जैसे अन्य विधानसभा क्षेत्रों के प्रवेशद्वारों पर भी लागू किया जाएगा।

इस सांस्कृतिक चित्रगाथा में एक विशेष स्थान चंबा के गौरवपूर्ण लोक उत्सव – सुही माता मेले को भी दिया गया है। दीवारों पर न केवल इस मेले के दृश्य चित्रित किए गए हैं, बल्कि सुही माता की बलिदान गाथा को भी कलात्मक रूप में उकेरा गया है — जहां एक रानी ने अपने नगरवासियों की प्यास बुझाने के लिए स्वयं का बलिदान दे दिया। यह लोककथा अब रंगों के माध्यम से आने वाले हर पर्यटक के हृदय तक पहुंचेगी।

इस अभूतपूर्व परियोजना का सबसे प्रेरणादायक पक्ष रहा है – स्थानीय कलाकारों को केंद्र में स्थान देना। इन कलाकारों ने अपनी कला से चंबा की आत्मा को दीवारों पर उकेर दिया है। जिन्होंने दिन-रात मेहनत करके इस सपने को साकार किया, वे हैं परीक्षित शर्मा, ज्योति नाथ, हिमानी नाथ, कैफ, लक्ष्मण, लेखराज, देवेश, गजेन्द्र, लोकेन्द्र, साहिल और अज्जू।



### हर चित्र में हमने अपने चंबा को महसूस किया : चौहान

**इस** टीम का नेतृत्व कर रहे लेखराज चौहान ने बताया कि हमारे लिए यह एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि हमारी मिट्टी की पहचान को उकेरने का अवसर था। हर चित्र में हमने अपने चंबा को महसूस किया और उसे दीवारों पर जिया है। हमें गर्व है कि हमें यह मौका मिला।



बस अड्डा परिसर की दीवारों पर उकेरी कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए उपायुक्त चंबा।

### संस्कृति को सहेजने का नया तरीका

**यह** प्रयास न केवल एक सौंदर्यात्मक प्रोजेक्ट है, बल्कि यह स्थानीय संस्कृति, कला और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की एक गहरी सोच से जुड़ा है। इससे ना सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों को रोज़गार और पहचान भी मिलेगी।

### यात्री यहां की मिट्टी और संस्कृति के इतिहास से महसूस करे जुड़ाव

जिला भाषा अधिकारी तुर्केश शर्मा का कहना है कि हम चाहते थे कि जो यात्री चंबा पहुंचे, वह यहां की मिट्टी, संस्कृति और इतिहास से जुड़ाव महसूस करे। सुही माता मेला हो या भरमौर की भेषभूषा, हर चित्र का उद्देश्य यही है चंबा को चंबा की नजर से दिखाना।

# वन्य रक्षकों ने खज्जियार झील में गिरे आईफोन को निकालकर पर्यटक को वापस देकर पेश की मिसाल

**अनंत ज्ञान, खज्जियार**

**प्रदेश** के मिनी स्विट्ज़रलैंड कहे जाने वाले खज्जियार में एक दिलचस्प और सराहनीय घटना सामने आई। पंजाब के लुधियाना से घूमने आई पर्यटक महिला का आईफोन फोटोग्राफी के दौरान अचानक उसके हाथ से फिसलकर खज्जियार झील में गिर गया। यह घटना दोपहर लगभग 3 बजे की है। फोन के गहराई में समा जाने और झील के दलदली होने के कारण महिला पर्यटक का नाम सपना और रवीना रानी बताया जा रहा हैं।

ऐसे में उन्होंने तुरंत मौके पर मौजूद वन्य प्राणी रक्षक जगदीश चंद को सूचना दी। जगदीश चंद और उनकी टीम ने मानवीय संवेदनशीलता और सेवा भाव दिखाते हुए बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू किया। करीब 30 मिनट की कठिन मशक्कत और विशेष उपकरणों की सहायता से उन्होंने मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक झील से बाहर निकाला।



खज्जियार झील में गिरे आईफोन को पर्यटकों को सौंपते हुए वन्य रक्षक।

इस सराहनीय प्रयास में टीम के सदस्य और पूर्व सैनिक रमेश चंद की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। बताया जाता है कि खज्जियार झील की गहराई और उसमें मौजूद दलदल किसी भी सामान्य व्यक्ति के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है, लेकिन टीम ने अपने अनुभव, साहस और सूझबूझ से इस कार्य को अंजाम दिया।

पर्यटक महिलाओं ने इस मदद के लिए गहरी कृतज्ञता जताते हुए वन विभाग और विशेष रूप से जगदीश चंद एवं उनकी टीम को धन्यवाद दिया। यह घटना न सिर्फ एक पर्यटक के लिए राहत का कारण बनी, बल्कि यह भी दर्शाती है कि हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ यहां के लोगों में सेवा, समर्पण और सतर्कता की भावना भी उतनी ही गहराई से रची-बसी है।

# घुमंतू गुर्जरों ने किया पहाड़ी क्षेत्रों का रुख

## कुछ घुमंतू गुर्जरों ने गर्मियों से राहत पाने के लिए गिरि नदी के किनारे लगाए ढेरे

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

**मैदानी** इलाकों में पारा बढ़ने के साथ ही घुमंतू गुर्जरों ने पहाड़ी क्षेत्रों का रूख कर दिया है। कुछ घुमंतू गुर्जरों ने गर्मियों से राहत पाने के लिए गिरि नदी के किनारे ढेरे लगाए हैं। इस समुदाय का कोई स्थाई ठिकाना नहीं है फिर भी यह समुदाय अपने व्यवसाय से प्रसन्न हैं। सबसे अहम बात यह है कि इस समुदाय के लोगों को बेघर होने का कोई खास मलाल नहीं है।

बता दें कि गर्मियों के दिनों घुमंतू गुर्जर समुदाय के लोग नारकंडा, चांशल और चूड़धार के जंगलों में रहते हैं। जबकि सर्दियों के दौरान नालागढ़, बद्दी, पांवटा, दून और सिरमौर जिला के धारटीधार क्षेत्र में चले जाते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी की क्रांति में इस समुदाय का कोई सारोकार नहीं है। सोशल मिडिया, फेसबुक, इंटरनेट, सियासत इत्यादि से इस समुदाय का दूर दूर तक कोई नाता नहीं है । यह लोग अपने सभी रीति रिवाजों व विवाह इत्यादि समाजिक बंधनों को जंगलों में मनाते हैं । बीमार होने पर वह अपने पारंपरिक दवाओं अर्थात जड़ी बूटियों का इस्तेमाल करते हैं। मवेशियों को लेकर नारकंडा जा रहे शेखदीन व कमलदीन गुज्जर ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष बीत जाने पर भी किसी भी सरकार ने उनके संघर्षमय जीवन बारे विचार नहीं किया और भविष्य में उमीद भी नहीं है। दूध, खोया, पनीर इत्यादि बेचकर यह समुदाय रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करता है । सरकार ने घुमंतू गुर्जरों के लिए मोबाइल स्कूल अवश्य खोले हैं परंतु स्थाई ठिकाना न होने पर इसका ज्यादा लाभ नहीं मिल पा रहा है अधिकांश बच्चे अनपढ़ रह जाते हैं। घुमंतू गुर्जर अपने आपको मुस्लिम समुदाय का मानते हैं परंतु इनके द्वारा कभी न ही रोजे रखे गए हैं और न ही कभी नमाज पढ़ी जाती है। कमलदीन का कहना है कि अनेकों बार जंगलों में न केवल प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है। बल्कि जंगली जानवरों से जान बचाना मुश्किल हो जाता हैं।



कुछ घुमंतू गुर्जर गर्मी से राहत पाने के लिए गिरि नदी के किनारे ढेरे लगाकर बैठे।

# चंबा जिले के 7 कॉलेजों को मिले नए परिसर प्रभारी

## एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मुकेश की पहल से संगठन को मिलेगी नई गति

**आरके सहगल, चंबा**

**एनएसयूआई** चंबा जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिले के 7 प्रमुख महाविद्यालयों के लिए परिसर प्रभारी की नियुक्तियां कीं। यह कदम छात्र संगठन की मजबूती, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में ऐतिहासिक माना जा रहा है। मुकेश शर्मा, जो युवाओं के बीच अपने प्रखर नेतृत्व, संवेदनशील सोच और संगठनात्मक दूरदृष्टि के लिए जाने जाते हैं, ने इन नियुक्तियों के माध्यम से यह संदेश दिया है कि एनएसयूआई चंबा छात्र हितों को सर्वोपरि मानते हुए हर कॉलेज तक पहुंच बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।



मुकेश शर्मा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि जिन युवाओं को यह ज़िम्मेदारी दी गई है, वे सभी संगठन के प्रति निष्ठावान, ऊर्जावान और छात्र समस्याओं को समझने वाले हैं। हम इनकी रिपोर्ट और कार्यशैली के आधार पर जल्द ही इन महाविद्यालयों में एनएसयूआई की स्थायी परिसर इकाई का गठन करेंगे। संगठन को और सशक्त करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। उन्होंने सभी नियुक्त साथियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और भरोसा जताया कि ये युवा नेता छात्रों की आवाज को बुलंदी से उठाएंगे और एनएसयूआई को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

### इन्हें मिली जिम्मेदारी

| | |
|---|---|
| चंबा कॉलेज | शुभम राजपूत |
| तीसा कॉलेज | लक्की |
| भरमौर कॉलेज | समीर |
| लिलह कोठी कॉलेज | तरुण कपूर |
| बनीखेत कॉलेज | जतिन |
| सिहुंता कॉलेज | अमित |
| पांगी कॉलेज | नीरज |

# वॉलीबाल प्रतियोगिता में बिजोरी की टीम विजेता और नंदपुर की टीम उपविजेता



टिक्कर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह पर विधायक हरीश जनारथा के साथ खिलाड़ी।

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

- नावर क्षेत्र के टिक्कर में स्व. रोहित पापटा खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न
- विधायक जनारथा ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

**रोहड़ू।** नावर क्षेत्र के टिक्कर में नवयुवक मंडल थाना द्वारा आयोजित चौथी स्व. रोहित पापटा खेलकूद प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। शनिवार को दो दिवसीय वॉलीबाल खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर नरवीर रांटा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। वहीं रविवार को प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर शिमला शहरी के विधायक हरीश जनारथा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। वहीं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर ग्राम पंचायत कुठाडी के प्रधान ललिता (बंटू) संग्रेल मौजूद रहे। इस दौरान नवयुवक मंडल थाना के संयोजक राम प्रकाश जगीथटा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता स्व. रोहित पापटा के नाम से पिछले चार साल से सभी ग्रामवासी थाना व नावर क्षेत्र के लोगों के सहयोग से आयोजित करवाई जा रही है। मुख्यातिथि हरीश जनारथा ने वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता रही टीमों को नकद राशि व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। जिसमें बिजोरी की टीम विजेता व नंदपुर की टीम उपविजेता रही।

# बनीखेत में नाग मंदिर जागरण कमेटी ने मनाया 16वां वार्षिक जागरण समारोह

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बनीखेत में नाग मंदिर जागरण कमेटी द्वारा 16वां वार्षिक जागरण समारोह बड़ी श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। नाग मंदिर में सुबह से ही पूजा-अर्चना करके हवन आहुतियां दी गई। तथा शाम को जागरण शुरू हुआ। शाहपुर से आई भजन मंडली ने लोगों को भजन गाकर भक्तिमय माहौल बना दिया। लोगों ने बड़ी श्रद्धा के साथ भजनों को सुना। जागरण कमेटी ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया उसके बाद लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। बनीखेत व आसपास के गांव से काफी संख्या में लोगों ने जागरण में हिस्सा लिया।


**कार्यालय पंचायत सामुदायिक केंद्र थिल**
**विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छिलगा के अंतर्गत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विकास कार्यों के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सामग्री की कोटेशन निम्न प्रपत्र पर आमंत्रित की जाती है। रेत क्रशर (धुला हुआ), रेत क्रशर (डस्ट) बजरी 20mm, बजरी 40mm (क्रशर प्रति M3 ), बोल्डर प्रति M3, शटरिंग (लकड़ी व लोहे की प्रति FT), मिक्चर (प्रति दिन तेल सहित, ईंट दोम, अब्बल) पानी का टैंकर प्रति टैंक रु में, ढुलाई सीमेंट सिविल सप्लाई से पंचायत घर स्टोर तक बोरी) रु. में, JCB व ब्रेकर प्रति घंटा रु. में, टायल 20MM 40MM 80MM।

**इच्छुक** आपूर्तिकर्ता 21/06/2025 तक उपरोक्त प्रपत्र पर अपनी कोटेशन बंद लिखाफे में भर कर डाक द्वारा/सीधे तौर पर प्रधान ग्राम पंचायत थिल के नाम से भेज सकता है। 21/06/2025 के बाद कोई भी कोटेशन मान्य नहीं होगी। प्राप्त कोटेशन दिनांक 23/06/2025 को 11 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। जिसमें कोटेशन देने वाले आपूर्तिकर्ता भी शामिल हो सकते हैं व आपूर्तिकर्ता अगर उपस्थित नहीं होगा तो उस का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

**आवश्यक दिशा निर्देशः-**
1. आपूर्तिकर्ता के पास GST NO होना जरूरी है व M फार्म साथ सलग्न करना होगा। 2. आपूर्तिकर्ता को सामग्री ट्रैक्टर योग्य मार्ग तक देना होगा। 3. आपूर्तिकर्ता यदि सप्लाई आर्डर के बाद पांच दिन तक नहीं फैंकता है, तो कोटेशन को नोटिस देकर रद्द किया जाएगा, जिसके लिए कोई भी दावा बाद में मान्य नहीं होगा। सामग्री की अदायगी सरकार द्वारा जारी की गई राशि व तकनीकी सहायक द्वारा अंतिम मुल्यांकन के बाद जारी होगी। 4. आपूर्तिकर्ता को धरोहर राशी के रूप में 40,000/- की राशी (FD) पंचायत के नाम प्लेज करके जमा करवानी होगी व अगर पांच दिन के अंदर सामग्री समय पर न फैंकी गई तो राशि जब्त कर ली जाएगी, जिसके लिए आपूर्तिकर्ता कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत थिल, विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)**


### सूडोकु नवताल- 7455 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7454 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**सोमवार, 9 जून 2025**

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** त्रयोदशी (09:35) : **नक्षत्र** विशाखा (15:22), **पक्षः** शुक्ल, **योग** : शिव (12:59), अभीजित (11:46-12:39)। **राहुकाल** (07:13-08:53)।

**विशेष दिन**
- 09 जून 2025: बड़ा महादेव पूजन आज।
- 09 जून 2025: बिरसा मुंडा शहीद दिवस आज।

**मेषः** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृषः** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे।

**मिथुनः** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**कर्कः** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा व उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**सिंहः** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं।

**कन्याः** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

**तुलाः** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**वृश्चिकः** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं।

**धनुः** कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। होश में रहकर कार्य करें।

**मकरः** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**कुंभः** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मङ्क्षचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**मीनः** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।


**व अदालत सहायक समाहर्ता (प्रथम श्रेणी) एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार, ज्वाली जिला कांगडा (हि.प्र.)।**
मिसल न. 100/2025/आर.-एन.टी.
तारीख दायरा 06/06/2025
तारीख पेशी 08/07/2025
उतम कुमारी पुत्री रणधीर सिंह पुत्र रसीलो निवासी लोहार बैह, डाकघर सिद्धपुरघाड़, तहसील ज्वाली, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)।

**बनाम**
**आम जनता।**

**विषयः प्रार्थना पत्र वराये राजस्व रिकार्ड नाम की दरुस्ती बारे।**

उपरोक्त प्रार्थिया ने अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रार्थना पत्र मय ब्यान हल्फी इस आशय से गुजारा है कि राजस्व कागजात महाल लोहार बैह तहसील ज्वाली में उसका नाम उतम कुमारी पुत्री रणधीर सिंह पुत्र रसीलो व ग्राम पंचायत सिद्धपुरधाड़ तहसील ज्वाली के रिकार्ड में कुसुम कुमारी पुत्री रणधीर सिंह दर्ज है जबकि आधार कार्ड में पिंकी देवी पत्नी रघुनाथ सिंह दर्ज है। प्रार्थिया ने अनुरोध किया है कि उसका नाम राजस्व रिकार्ड महाल लौहार बैह तहसील ज्वाली में उत्तम कुमारी पुत्री रणधीर सिंह पुत्र रसीलो के स्थान पर उतम कुमारी उर्फ कुसुम कुमारी उर्फ पिंकी देवी पुत्री रणधीर सिंह पुत्र रसीलो दरुस्त किया जाये। इस सम्बन्ध में सर्व साधारण को बजरिया इश्तेहार सूचित किया जाता है उपरोक्त नाम की दरुस्ती बारे यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो व असालतन या वकालतन अदालत अधोहस्ताक्षरी में दिनांक 08/07/2025 को आकर अपना एतराज दर्ज करवा सकता है। हाजिर न आने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जा करके नियमानुसार नाम दरुस्ती के आदेश परित कर दिये जायेगे व इसके उपरान्त कोई एतराज न सुना जाएगा।
आज दिनांक 06/08/2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता (प्रथम श्रेणी) एवं तहसीलदार ज्वाली, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**



**कार्यालय पंचायत सामुदायिक केंद्र छिलगा**
**विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छिलगा के अंतर्गत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विकास कार्यों के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सामग्री की कोटेशन निम्न प्रपत्र पर आमंत्रित की जाती है। रेत क्रशर (धुला हुआ), रेत क्रशर (डस्ट) बजरी 20mm, बजरी 40mm (क्रशर प्रति M3), बोल्डर प्रति M3, शटरिंग (लकड़ी व लोहे की प्रति FT), मिक्चर (प्रति दिन तेल सहित, ईंट दोम, अब्बल) पानी का टैंकर प्रति टैंक रु में, ढुलाई सीमेंट सिविल सप्लाई से पंचायत घर स्टोर तक बोरी) रु. में, JCB व ब्रेकर प्रति घंटा रु. में, टायल 20MM 40MM 80MM।

**इच्छुक** आपूर्तिकर्ता 23/06/2025 तक उपरोक्त प्रपत्र पर अपनी कोटेशन बंद लिखाफे में भर कर डाक द्वारा/सीधे तौर पर प्रधान ग्राम पंचायत छिलगा के नाम से भेज सकता है। 18/06/2025 के बाद कोई भी कोटेशन मान्य नहीं होगी। प्राप्त कोटेशन दिनांक 25/06/2025 को 11 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। जिसमें कोटेशन देने वाले आपूर्तिकर्ता भी शामिल हो सकते हैं व आपूर्तिकर्ता अगर उपस्थित नहीं होगा तो उस का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

**आवश्यक दिशा निर्देशः-**
1. आपूर्तिकर्ता के पास GST NO होना जरूरी है व M फार्म साथ सलग्न करना होगा। 2. आपूर्तिकर्ता को सामग्री ट्रैक्टर योग्य मार्ग तक देना होगा। 3. आपूर्तिकर्ता यदि सप्लाई आर्डर के बाद पांच दिन तक नहीं फैंकता है, तो कोटेशन को नोटिस देकर रद्द किया जाएगा, जिसके लिए कोई भी दावा बाद में मान्य नहीं होगा। सामग्री की अदायगी सरकार द्वारा जारी की गई राशि व तकनीकी सहायक द्वारा अंतिम मुल्यांकन के बाद जारी होगी। 4. आपूर्तिकर्ता को धरोहर राशी के रूप में 40,000/- की राशी (FD) पंचायत के नाम प्लेज करके जमा करवानी होगी व अगर पांच दिन के अंदर सामग्री समय पर न फैंकी गई तो राशि जब्त कर ली जाएगी, जिसके लिए आपूर्तिकर्ता कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत छिलगा, विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)**



**कार्यालय पंचायत सामुदायिक केंद्र टिप**
**विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छिलगा के अंतर्गत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विकास कार्यों के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सामग्री की कोटेशन निम्न प्रपत्र पर आमंत्रित की जाती है। रेत क्रशर (धुला हुआ), रेत क्रशर (डस्ट) बजरी 20mm, बजरी 40mm (क्रशर प्रति M3 ), बोल्डर प्रति M3, शटरिंग (लकड़ी व लोहे की प्रति FT), मिक्चर (प्रति दिन तेल सहित, ईंट दोम, अब्बल) पानी का टैंकर प्रति टैंक रु में, ढुलाई सीमेंट सिविल सप्लाई से पंचायत घर स्टोर तक बोरी) रु. में, JCB व ब्रेकर प्रति घंटा रु. में, टायल 20MM 40MM 80MM।

**इच्छुक** आपूर्तिकर्ता 18/06/2025 तक उपरोक्त प्रपत्र पर अपनी कोटेशन बंद लिखाफे में भर कर डाक द्वारा/सीधे तौर पर प्रधान ग्राम पंचायत टिप के नाम से भेज सकता है। 18/06/2025 के बाद कोई भी कोटेशन मान्य नहीं होगी। प्राप्त कोटेशन दिनांक 20/06/2025 को 11 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। जिसमें कोटेशन देने वाले आपूर्तिकर्ता भी शामिल हो सकते हैं व आपूर्तिकर्ता अगर उपस्थित नहीं होगा तो उस का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

**आवश्यक दिशा निर्देशः-**
1. आपूर्तिकर्ता के पास GST NO होना जरूरी है व M फार्म साथ सलग्न करना होगा। 2. आपूर्तिकर्ता को सामग्री ट्रैक्टर योग्य मार्ग तक देना होगा। 3. आपूर्तिकर्ता यदि सप्लाई आर्डर के बाद पांच दिन तक नहीं फैंकता है, तो कोटेशन को नोटिस देकर रद्द किया जाएगा, जिसके लिए कोई भी दावा बाद में मान्य नहीं होगा। सामग्री की अदायगी सरकार द्वारा जारी की गई राशि व तकनीकी सहायक द्वारा अंतिम मुल्यांकन के बाद जारी होगी। 4. आपूर्तिकर्ता को धरोहर राशी के रूप में 40,000/- की राशी (FD) पंचायत के नाम प्लेज करके जमा करवानी होगी व अगर पांच दिन के अंदर सामग्री समय पर न फैंकी गई तो राशि जब्त कर ली जाएगी, जिसके लिए आपूर्तिकर्ता कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत टिप, विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)**

**भारत** मां की रक्षा के लिए अपने सुखों को त्यागकर हर हद से गुजर जाना ही देशभक्ति का प्रमाण है। -मंगल पांडे

## संपादकीय

# भारत में गरीबी उन्मूलन

भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश के लिए गरीबी से मुक्ति पाना एक बड़ी उपलब्धि है। यह बेहद सुखद और हर्ष का विषय है कि पिछले एक दशक में भारत ने इस दिशा में जबरदस्त प्रगति की है। विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर 2011-12 के 27.01 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में मात्र 5.3 प्रतिशत रह गई है। इसका मतलब है कि करीब 27 करोड़ लोग अब गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुके हैं। यह परिवर्तन केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि उन करोड़ों लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है, जिन्हें कभी दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करना पड़ता था। यह उपलब्धि अपने-आप में दर्शाती है कि भारत सरकार, विशेष रूप से मोदी सरकार की योजनाएं और नीतियां गरीबों के हित में प्रभावी रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने तीन कार्यकालों में गरीबों के उत्थान को अपनी प्राथमिकता बनाया है।

इन वर्षों में न केवल बुनियादी जरूरतों की पूर्ति की दिशा में कार्य किया गया, बल्कि गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी अनेक योजनाएं चलाई गईं। भारत में गरीबी में आई इस गिरावट के पीछे कई अहम पहलुओं और सरकारी पहलों का योगदान रहा है । प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाखों गरीब परिवारों को पक्के मकान मिले हैं, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। उज्ज्वला योजना ने गरीब महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किया, जिससे उनका स्वास्थ्य सुधरा और पारिवारिक खर्च घटा। जन धन योजना से करोड़ों गरीबों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा गया, जिससे सरकारी सहायता सीधे उनके खातों में पहुंची और भ्रष्टाचार पर लगाम लगी। स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से लाखों शौचालयों का निर्माण हुआ, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता में सुधार हुआ और बीमारियों में कमी आई।

आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को सालाना 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा मिला, जिससे इलाज का बोझ कम हुआ। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना कोविड-19 महामारी के दौरान कारगर साबित हुई। सरकार ने मुफ्त अनाज वितरण कर भूख से लड़ाई लड़ी। इन योजनाओं के साथ-साथ, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों ने भी देश में रोजगार के नए अवसरों को जन्म दिया। वर्तमान में बची-खुची गरीबी का उन्मूलन करना बड़ी चुनौती है। हालांकि भारत ने अत्यधिक गरीबी पर काबू पा लिया है, फिर भी गरीबी का पूरी तरह से खात्मा होना अभी बाकी है। देश के कई हिस्सों, खासकर ग्रामीण इलाकों और आदिवासी क्षेत्रों में अब भी कुछ प्रतिशत आबादी ऐसे हैं जो शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोजगार जैसे बुनियादी संसाधनों से वंचित हैं। भारत सरकार को विशेष ध्यान देकर गरीबी के शेष अवशेष को भी समाप्त करना चाहिए। गरीब तबकों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करनी होगी। सरकारी स्कूलों को स्मार्ट क्लास, प्रशिक्षित शिक्षक और तकनीकी संसाधनों से लैस करना आवश्यक है।

स्कॉलरशिप, छात्रावास, पोषण योजना जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ करना होगा। यही नहीं, ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सशक्त बनाना। डॉक्टरों की नियुक्ति और मोबाइल हेल्थ क्लिनिक जैसी पहल जरूरी है। पोषण योजनाओं का दायरा बढ़ाना ताकि कुपोषण से होने वाली गरीबी पर लगाम लग सके। मनरेगा जैसी योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित लघु उद्योगों को बढ़ावा देना चाहिए स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए आसान ऋण सुविधा और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने होंगे। गरीबों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ना एक बड़ी चुनौती है, जिसे दूर किया जाना चाहिए। ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं का विस्तार कर उन्हें डिजिटल सुविधाओं से जोड़ा जाए। साथ ही, वित्तीय साक्षरता बढ़ाकर उन्हें सरकारी लाभ उठाने में सक्षम बनाया जा सकता है। महिला स्वयं सहायता समूहों को अधिक समर्थन देना। महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजनाएं और लघु उद्योगों में निवेश बढ़ाना। महिला उद्यमियों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करना। इसके अलावा गरीब परिवार अक्सर बाढ़, सूखा या अन्य आपदाओं से फिर गरीबी में लौट जाते हैं। इनके लिए मजबूत सामाजिक सुरक्षा तंत्र बनाना होगा।

सभी सरकारी योजनाओं की डिजिटल ट्रैकिंग, समयबद्ध ऑडिट और शिकायत निवारण तंत्र आवश्यक है ताकि हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले। कुल मिलाकर भारत ने पिछले एक दशक में गरीबी कम करने की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि मोदी सरकार की दूरदर्शिता, नीति-संचालित शासन और गरीबों के लिए समर्पित योजनाओं का परिणाम है। अब भारत का अगला लक्ष्य एक विकसित राष्ट्र बनना है, जिसके लिए 'बची-खुची गरीबी' को भी समाप्त करना आवश्यक है। इस दिशा में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और तकनीकी समावेशन जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता है। यदि नीति निर्माण और जमीनी क्रियान्वयन में निरंतरता और पारदर्शिता बनी रही, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत केवल विकासशील नहीं, बल्कि विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा होगा-और यह गरीबी मुक्त भारत उस सपने का सबसे मजबूत आधार होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### मशहूर भारतीय अभिनेत्री


**सोनम** कपूर आहूजा एक भारतीय अभिनेत्री हैं जो हिंदी फिल्मों में काम करती हैं। उन्हें कई पुरस्कार मिले हैं, जिनमें एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और एक फिल्मफेयर पुरस्कार शामिल हैं। कपूर 2012 से 2016 तक फोर्ब्स इंडिया की सेलिब्रिटी 100 सूची में शामिल रहीं। अभिनेता अनिल कपूर की बेटी कपूर ने फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली की 2005 की फिल्म ब्लैक में सहायक निर्देशक के रूप में अपना करियर शुरू किया। उन्होंने भंसाली की रोमांटिक ड्रामा सांवरिया से अपने अभिनय की शुरुआत की, जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही और रोमांटिक कॉमेडी आई हेट लव स्टोरीज से उन्हें पहली व्यावसायिक सफलता मिली। इसके बाद कई व्यावसायिक असफलताएं और दोहराव वाली भूमिकाएं मिलीं, जिसके कारण उन्हें नकारात्मक समीक्षाएं मिलीं। 2013 की बॉक्स ऑफिस हिट रांझणा ने कपूर के करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ ला दिया, जिसने उन्हें कई पुरस्कार समारोहों में प्रशंसा और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकन दिलाया। कपूर को उनकी सबसे बड़ी व्यावसायिक सफलता बायोपिक्स भाग मिल्खा भाग और संजू में सहायक भूमिकाओं और रोमांस प्रेम रतन धन पायो में प्रमुख भूमिका के साथ मिली; अंतिम दो सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्मों में शुमार हैं। 2016 की जीवनी पर आधारित थ्रिलर नीरजा में नीरजा भनोट के उनके प्रशंसित चित्रण ने उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार-विशेष उल्लेख और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (आलोचक) के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार दिलाया और उन्होंने इसके बाद उनकी शादी व्यवसायी आनंद आहूजा से हुई है, जिनसे उनका एक बेटा है। ■



सोनम कपूर आहूजा
जन्म : 9 जून 1985

## कविता

### भावों का आवर्तन



वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन, लोअर अरनियाला, ऊना

उठ रहीं तरंगें हृदय के कोने से,
हताश है रोने से, क्या होगा मानव का।
भाग्य इससे आगे, यदि सोए भाव गुमसुम,
और वे नहीं जागे, हे इंसान ! भूत को तज
वर्तमान में तू जी ले, भविष्य को संवार तू,
मौन का जहर पी, लेकर उद्यम निरंतर।
छोड़ आलस्य का घेरा,
पा मंजिल अपनी , उठ
जिससे हो आशा का फेरा।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल में शिक्षा सुधार से करियर में निखार



बेहतर शिक्षा केवल किताबी ज्ञान या परीक्षा में अच्छे नंबर लाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह एक समग्र प्रक्रिया है, जो व्यक्ति के बौद्धिक, नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को सुनिश्चित करती है। शिक्षा न केवल ज्ञान देती है, बल्कि सोचने, समझने, सवाल करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने की क्षमता भी विकसित करती है। जब विद्यार्थी किसी विषय को गहराई से समझता है, तो वह उसे लंबे समय तक याद रखता है और वास्तविक जीवन में उसका उपयोग कर पाता है। 'रटामार' शिक्षा सीमित होती है, जबकि समझकर दिमाग में बठाई गई शिक्षा व्यक्ति को नवाचार और समस्या समाधान की दिशा में प्रेरित करती है। इसीलिए हमेशा इस बात पर जोर दिया जाता है कि शिक्षा केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि वह विद्यार्थी के आत्मविश्वास, संप्रेषण क्षमता, नेतृत्व गुण, सहयोग की भावना और नैतिक मूल्यों को भी मजबूत करे। शिक्षा केवल नौकरी के लिए न हो, बल्कि शिक्षित व्यक्ति एक अच्छा नागरिक और संवेदनशील इंसान भी बने। शिक्षा का उद्देश्य समाज में समानता लाना होना चाहिए। ग्रामीण हो या शहरी, सरकारी हो या निजी-सभी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार सभी बच्चों को मिलना चाहिए। बेहतर शिक्षा प्रणाली वह है, जो विद्यार्थियों को सवाल पूछने, तर्क करने और विभिन्न दृष्टिकोणों को समझने की आजादी देती है। जहां डर नहीं, वहां जिज्ञासा पनपती है और वहीं से असली शिक्षा की शुरुआत होती है।

**शिक्षा को तकनीक से जोड़ना लाजिमी :** आज के युग में तकनीक को शिक्षा से जोड़ना बेहद लाजिमी है। स्मार्ट क्लास, डिजिटल कंटेंट और ऑनलाइन लर्निंग टूल्स के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावशाली और रोचक बनाई जा सकती है, लेकिन इसका उपयोग केवल सुविधा के लिए हो, न कि केवल दिखावे के लिए। एक बेहतर शिक्षक ही बेहतर शिक्षा की नींव रखता है। शिक्षक सिर्फ पाठ पढ़ाने वाला नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक, प्रेरक और जीवन मूल्यों का संप्रेषक होता है। जब शिक्षक प्रेरणादायक होता है, तो शिक्षा जीवन को दिशा देती है। बेहतर शिक्षा वह है जो जीवन को समझने, चुनौतियों का सामना करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता दे। यह केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक सतत विकास यात्रा है। जब शिक्षा सोच को बदलती है, तभी वह वास्तव में बेहतर कहलाती है।

**अढ़ाई साल में 1200 से ज्यादा स्कूल बंद :** हिमाचल प्रदेश में जबसे कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने सत्ता संभाली है तब से सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर ज्यादा फोकस किया है। यही वजह है कि सरकार उन स्कूलों को बंद कर रही है जहां पढ़ने के लिए विद्यार्थी ही उपलब्ध नहीं हैं। सरकार अपने अढ़ाई साल के कार्यकाल में 1200 से ज्यादा स्कूल बंद कर चुकी है। दूसरी ओर ऐसे स्कूल भी मर्ज किए जा रहे हैं जहां महज खानापूर्ति के लिए या फिर डमी एडमिशन के लिए बच्चे भर्ती कर रखे हैं। निश्चित रूप से सरकार का यह फैसला साहसिक और काबिलेतारीफ है। भले ही इसका राजनीति के चलते कई स्तरों पर विरोध भी हो रहा है, लेकिन आने वाले समय में इसके सार्थक परिणाम सामने भी आएंगे। अगर अभी कड़वे घूंट पी लिए जाएंगे तो बाद में वह सुफल अवश्य देंगे, बस सोच सकारात्मक बनाई रखनी होगी और सुधार के प्रयास निरंतर जारी रखने होंगे।

### यथार्थ



समरजीत

**स्कूल बंद करना तार्किक और दूरदर्शी :** शिक्षा विभाग ने शून्य दाखिले वाले 103 स्कूलों को बंद करने, 10 से कम विद्यार्थियों वाले 443 स्कूलों को मर्ज (विलय) करने और 75 स्कूलों का दर्जा घटाने की योजना बनाई है। इस निर्णय का उद्देश्य शैक्षणिक संसाधनों का अधिक प्रभावी और व्यवहारिक उपयोग सुनिश्चित करना है। इससे लगभग 1120 शिक्षक सरप्लस (अतिरिक्त) हो जाएंगे, जिन्हें अन्य जरूरतमंद स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। यह कदम कई दृष्टिकोणों से तार्किक और आवश्यक प्रतीत होता है। जब किसी विद्यालय में एक भी विद्यार्थी नहीं है और वहां एक से तीन शिक्षक नियमित रूप से तैनात हैं, तो यह स्थिति केवल प्रशासनिक असंतुलन ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक संसाधनों की भारी बर्बादी भी है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि आखिर इन शिक्षकों की तैनाती का औचित्य क्या है? यदि किसी विद्यालय के पास विद्यार्थी नहीं हैं, तो वहां शिक्षकों की नियुक्ति बनाए रखना केवल वेतन और संसाधनों की हानि है। इस स्थिति से शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है, क्योंकि आवश्यकता वाले स्थानों पर शिक्षक उपलब्ध नहीं हो पाते।

**कम दूरी पर स्कूल खोलना अव्यवहारिक :** चार-पांच किलोमीटर की दूरी पर स्कूल खोलना व्यवहारिक नहीं है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्कूलों के बीच इतनी कम दूरी पर संचालन से न केवल इमारतों और कर्मचारियों पर खर्च बढ़ता है, बल्कि शिक्षा के स्तर पर भी असर पड़ता है। जब छात्र और शिक्षक दोनों ही पर्याप्त संख्या में न हों, तो शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं और स्कूल केवल औपचारिकता भर रह जाते हैं। स्कूलों का मर्ज करना या दर्जा घटाना एक कठिन, लेकिन दूरदर्शी निर्णय है। इससे उन विद्यालयों को सशक्त बनाया जा सकता है जहां छात्र संख्या अधिक है, लेकिन शिक्षकों की कमी है। सरप्लस शिक्षकों को ऐसे स्कूलों में भेजा जाना चाहिए जहां उनका अनुभव और कौशल सही तरीके से उपयोग में लाया जा सके। हालांकि, इस प्रकार के निर्णयों में मानवीय पक्ष की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। शिक्षकों के स्थानांतरण और विद्यालयों के बंद होने से स्थानीय स्तर पर असंतोष और सामाजिक प्रभाव उत्पन्न हो सकते हैं। इसके लिए पारदर्शी संवाद और उचित योजना आवश्यक है, ताकि बदलाव को सकारात्मक रूप में अपनाया जा सके।

**डिजिटल और लाइब्रेरी सुविधाओं की कमी :** हिमाचल प्रदेश बेशक शिक्षा के लर्निंग लेवल में कई राज्यों से आगे हो, लेकिन बुनियादी शैक्षणिक सुविधाओं की बात करें तो हालात चिंताजनक हैं। हाल ही में जारी 'असर' रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के 82.8 प्रतिशत स्कूलों में कंप्यूटर सुविधा बच्चों के लिए उपलब्ध ही नहीं है। वहीं, 15 प्रतिशत स्कूलों में कंप्यूटर तो हैं, लेकिन प्रशिक्षित शिक्षकों के अभाव में छात्र उनका उपयोग नहीं कर पा रहे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कक्षा छह से कंप्यूटर शिक्षा और कोडिंग को सिलेबस में शामिल करने की बात कही गई है, लेकिन हिमाचल में अभी इस दिशा में गंभीर प्रयासों की आवश्यकता है। केवल कंप्यूटर रखना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके प्रभावी उपयोग के लिए प्रशिक्षित शिक्षक और उचित इंफ्रास्ट्रक्चर भी जरूरी है। स्कूल लाइब्रेरी को लेकर भी स्थिति बेहतर नहीं है। 3.8 प्रतिशत स्कूलों में आज भी लाइब्रेरी नहीं है, जबकि 63.7 प्रतिशत स्कूलों में लाइब्रेरी होते हुए भी छात्र उसका उपयोग नहीं कर रहे। सरकार यदि इन्हें पब्लिक लाइब्रेरी के रूप में विकसित करना चाहती है तो छात्रों को पढ़ने की आदत डालने और लाइब्रेरी को रोचक बनाने की दिशा में काम करना होगा।

शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता और व्यवहारिकता लाने के लिए यह निर्णय समय की मांग है। यह आवश्यक है कि संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग हो, ताकि हर विद्यार्थी को समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

**सुधार के बावजूद संख्या घटना चिंताजनक :** हिमाचल प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था ने बीते वर्षों में कई सुधार देखे हैं, जैसे शिक्षकों की ट्रेनिंग, स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और डिजिटल लर्निंग का समावेश। राज्य की साक्षरता दर भी राष्ट्रीय औसत से बेहतर है, जो सकारात्मक संकेत है। बावजूद इसके, सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या घट रही है, क्योंकि अभिभावक प्राइवेट स्कूलों को प्राथमिकता दे रहे हैं। बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ने के लिए आकर्षित करने के लिए सबसे पहले शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा। प्रशिक्षित, प्रेरित और नियमित शिक्षक व्यवस्था मजबूत की जाए। सिलेबस को प्रायोगिक और रुचिकर बनाया जाए, ताकि बच्चे केवल रटें नहीं, बल्कि समझें और आनंद लें। इसके अलावा स्कूलों में स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, खेलकूद और सह-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। साफ-सुथरा, सुरक्षित और बच्चों के अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए। शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए अभिभावकों की भागीदारी भी जरूरी है। उन्हें यह विश्वास दिलाना होगा कि सरकारी स्कूल भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम हैं। यदि इन सभी क्षेत्रों में ईमानदारी से काम किया जाए, तो बच्चे स्वत: ही सरकारी स्कूलों की ओर लौटेंगे।

**शिक्षा सुधारों से गुणवत्ता तक :** हिमाचल प्रदेश सरकार के शिक्षा सुधारों का उद्देश्य शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और संसाधनों का बेहतर उपयोग करना है। हालांकि, इन सुधारों के कारण कुछ चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं, जैसे कि सरप्लस शिक्षकों की समस्या और बेरोजगारी का खतरा, लेकिन सरकार ने इन समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाए हैं। समय के साथ, इन सुधारों के सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं, बशर्ते सभी पक्षों के साथ संवाद और सहयोग बना रहे।

आज सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों के मुकाबले गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना एक बड़ी चुनौती बन गई है। इसका प्रमुख कारण संसाधनों की कमी, शिक्षक अनुपस्थिति, असमान शिक्षक-छात्र अनुपात और अकादमिक निगरानी की कमी है। प्राइवेट स्कूल बेहतर बुनियादी ढांचे, टेक्नोलॉजी का उपयोग, इंग्लिश माध्यम और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल के कारण अभिभावकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। इसके विपरीत, सरकारी स्कूलों में कई बार शैक्षणिक गुणवत्ता पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता, जिससे छात्रों की सीखने की क्षमता प्रभावित होती है। हालांकि, सरकार सुधार की दिशा में प्रयास कर रही है-जैसे स्कूलों का मर्जर, प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति और डिजिटल शिक्षा का समावेश, लेकिन जब तक सरकारी स्कूलों को संसाधनों, जवाबदेही और शिक्षण गुणवत्ता में सुधार नहीं मिलता, तब तक निजी स्कूलों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा करना कठिन रहेगा। समाधान के लिए जरूरी है कि सरकारी स्कूलों में नवाचार, शिक्षक प्रशिक्षण, नियमित मूल्यांकन और अभिभावकों की भागीदारी को प्राथमिकता दी जाए। तभी सरकारी शिक्षा व्यवस्था में विश्वास बहाल हो पाएगा। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि हिमाचल में जारी शिक्षा सुधारों से विद्यार्थियों के करियर में निश्चत रूप से निखार आएगा।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# हिमाचल पुलिस संरक्षक बनकर जनता के विश्वास को जीते

हिमाचल प्रदेश पुलिस, जो कभी अपनी अनुशासित छवि और जनसेवा के लिए जानी जाती थी, आज विवादों के घेरे में है। विमल नेगी प्रकरण, 2021 की भुंतर हवाई अड्डे की झड़प और शिमला एसपी द्वारा डीजीपी पर लगाए गए संगीन आरोपों ने पुलिस तंत्र की अनुशासनहीनता, कमजोर जांच और जनता के बीच घटते विश्वास को उजागर किया है। बढ़ती अपराध दर और अनसुलझे मामले पुलिस की चुनौतियों को और गंभीर बनाते हैं।



लेखक : हेम सिंह ठाकुर
एडवोकेट, थुनाग, मंडी

विमल नेगी, हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) के चीफ इंजीनियर, 10 मार्च 2025 को लापता हुए और उनका शव 18 मार्च को गोबिंदसागर झील में मिला। उनकी पत्नी किरण नेगी ने वरिष्ठ अधिकारियों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया, जिसके चलते आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज हुआ। शिमला पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी), जिसका नेतृत्व एसपी संजीव गांधी कर रहे थे, की जांच पर सवाल उठे। डीजीपी अतुल वर्मा ने हाईकोर्ट में स्थिति रिपोर्ट दाखिल कर जांच की निष्पक्षता पर संदेह जताया। 23 मई 2025 को हाईकोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंप दी, जिसने 10,000 पन्नों का रिकॉर्ड और एक फॉर्मेटेड पेन ड्राइव जब्त की, जो सबूतों के साथ छेड़छाड़ की ओर इशारा करता है। शिमला एसपी ने 24 मई 2025 को प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीजीपी पर गंभीर आरोप लगाए, जिसमें नशा तस्करी में उनके स्टाफ की संलिप्तता और 2019-2021 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं को उजागर करने के लिए निशाना बनाए जाने की बात शामिल थी। यह प्रकरण पुलिस की जांच में तकनीकी और नैतिक खामियों को उजागर करता है । वहीं, 23 जून 2021 को भुंतर हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के दौरे के दौरान तत्कालीन कुल्लू एसपी गौरव सिंह और तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के सुरक्षा अधिकारी बृजेश सूद के बीच तीखी झड़प हुई थी।

मंडी-कुल्लू राजमार्ग परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ प्रदर्शनकारियों को हवाई अड्डे के बाहर इकट्ठा होने देने को लेकर शुरू हुए विवाद में गौरव सिंह ने बृजेश सूद को थप्पड़ मार दिया, जिसके जवाब में पीएसओ बलवंत सिंह ने गौरव सिंह को लात मारी। इस घटना का वायरल वीडियो पुलिस की अनुशासनहीनता का प्रतीक बन गया।



अपराध दर और अनसुलझे मामलों की बात करें तो नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2021 में हिमाचल में प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध दर 403 थी। 2023 में 10 महीनों में 73 हत्याएं, 296 बलात्कार, और 443 छेड़छाड़ के मामले दर्ज हुए, जिनमें से 54 बलात्कार मामलों की जांच लंबित थी। जनवरी-नवंबर 2024 तक 305 बलात्कार और 458 छेड़छाड़ के मामले सामने आए। अनसुलझे मामलों की यह संख्या पुलिस की सीमित संख्या (लगभग 9,000 कर्मी) और संसाधनों की कमी को दर्शाती है।

चरस और चिट्टा तस्करी, साइबर क्राइम और संगठित अपराध से निपटने में पुलिस की नाकामी स्पष्ट है। विमल नेगी मामले में पेन ड्राइव की फॉर्मेटिंग ने डिजिटल सबूतों की सुरक्षा में खामियों को उजागर किया। कुल मिलाकर, शिमला एसपी की प्रेस कॉन्फ्रेंस ने पुलिस के आंतरिक मतभेदों को सार्वजनिक कर दिया। डीजीपी पर नशा तस्करी में संलिप्तता के आरोप और भर्ती अनियमितताओं ने पुलिस की एकता और प्रोफेशनलिज्म पर सवाल उठाए। गुड़िया प्रकरण (2017) में सूरज की हिरासत में मौत और 2022 के पुलिस भर्ती घोटाले ने जनता के अविश्वास को और गहराया। संजौली मस्जिद प्रदर्शन में लाठीचार्ज और मनाली में भिंडरावाले झंडा विवाद ने जनता का गुस्सा बढ़ाया। विमल नेगी मामले में परिवार का शव के साथ प्रदर्शन और सीबीआई जांच की मांग इस अविश्वास का प्रतीक है। विमल नेगी मामले में विपक्षी नेता जयराम ठाकुर ने सरकार पर सीबीआई जांच में बाधा डालने का आरोप लगाया, जिसे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने खारिज किया।

हाईकोर्ट ने हिमाचल कैडर के अधिकारियों को जांच से हटाकर निष्पक्षता सुनिश्चित की। राजनीतिक दबाव से मुक्त जांच के लिए स्वतंत्र तंत्र, जैसे विशेष जांच आयोग, जरूरी है। इन सभी पहलुओं को मद्देनजर रखते हुए हिमाचल पुलिस को अपनी साख बहाल करने के लिए तत्काल सुधार चाहिए। यही समय की मांग है। पुलिस प्रशासन में आधुनिकीकरण की जरूरत लंबे अर्से से महसूस की जा रही है।

साइबर फोरेंसिक लैब, ड्रोन और बॉडी कैमरों में निवेश से अपराध दर घट सकती है। डिजिटल सबूतों की सुरक्षा के लिए मजबूत प्रोटोकॉल बेहद लाजिमी है। साइबर क्राइम आज के समय बड़ी चुनौती बनता जा रहा है, इसलिए मानवाधिकार और नैतिकता पर नियमित प्रशिक्षण भी जरूरी है। जन भागीदारी के बिना कोई भी कम सरे नहीं चढ़ सकता। सामुदायिक पुलिसिंग जैसे आत्मरक्षा प्रशिक्षण को बढ़ावा तथा सोशल मीडिया और शिकायत पोर्टल से ज्यादा से ज्यादा जन संवाद करना चाहिए। पारदर्शिता ही विश्वास को सुदृढ़ बनती है। जांच और भर्ती में डिजिटल निगरानी और स्वतंत्र पर्यवेक्षक भी जरूरी हैं। नशा तस्करी पर जीरो टॉलरेंस की नीति बेहद कारगर हो सकती है। दोषी पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। टूरिज्म-फ्रेंडली पुलिसिंग की बात करें तो ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए स्मार्ट तकनीक जैसे ट्रैफिक सेंसर लगने चाहिए, ताकि किसी को कोई दिक्कत न हो। हिमाचल पुलिस एक्ट, 2007 की धारा 32 और 46 का सख्ती से पालन, आधुनिक संसाधन और जन भागीदारी ही पुलिस की साख बहाल कर सकती है। हिमाचल में कानून का शासन तभी संभव है जब पुलिस संरक्षक बनकर जनता के विश्वास को जीते।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बढ़ते ऑनलाइन बाजार का चलन स्थानीय दुकानदारों पर भारी

आज लगभग आधी से ज्यादा दुनिया ऑनलाइन हो चुकी है। ऑनलाइन बाजार ने हम सभी का जितना समय बचाया है, उतना ही स्थानीय दुकानदारों की कमर तोड़ी है। देश के अधिकांश बड़े शहरों में ऑनलाइन के माध्यम से ही लोग शॉपिंग करना पसंद कर रहे हैं। ऑनलाइन शॉपिंग से स्थानीय दुकानदारों के काम में गिरावट आई है, क्योंकि ऑनलाइन शॉपिंग में कभी कभी कई चीजें बहुत ही सस्ती मिल जाती है और ज्यादा समय खर्च भी नहीं करना पड़ता है।



लेखक : दीपक कोहली
स्वतंत्र टिप्पणीकार

शुरुआत में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म स्थानीय दुकानदारों से खरीद कर सामान भिजवाते थे, मगर अब ये ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अपने खुद के स्टोर बनाने लगे हैं। इसके अलावा छोटे-छोटे शहरों में भी मॉल खुलने लग गए हैं। यह स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों के लिए चिंता का विषय है। एक वक्त हुआ करता था जब किसी को नौकरी, शिक्षा आदि क्षेत्रों में सफलता नहीं मिलती थी तो वह खुद की दुकान खोलकर अपना जीवन चलाया करता था, मगर आज दुकान खोलकर चलाना भी एक चुनौतीपूर्ण व्यापार बन चुका है। बड़े-बड़े बिजनेसमैन पहले चुनिंदा क्षेत्रों में काम करते थे, मगर जब से ऑनलाइन दुनिया आई है, तब से हर बड़ी कंपनी हर क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रही है। उदाहरण के लिए आप टाटा और रिलायंस को देख सकते हैं। आज ये दोनों कंपनियां कपड़ा से लेकर खाने-पीने का सामान भी बेच रही हैं।

इससे पता चलता है कि छोटे व्यापारियों और दुकानदारों के लिए लगातार चुनौतियां बढ़ रही हैं और स्पेस कम होता जा रहा है। ऑनलाइन बाजार लगातार बड़ा होता जा रहा है। इसका जितना सकारात्मक असर है, उतना ही नकारात्मक असर भी दिखाई देता है। इसके अलावा लगातार प्रचार तंत्र भी बढ़ता ही जा रहा है। छोटी-छोटी चीजों के भी विज्ञापन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिखाई देते हैं। आज मानव की हर जरूरत को एक बाजार बनाने का षड्यंत्र चल रहा है। पानी तक को बेचने के लिए करोड़ों रुपए के विज्ञापन बनाएं जा रहे हैं। क्या यह सही है! पानी, हवा और भोजन तो हर व्यक्ति व जीव का अधिकार होता है। आखिर ऑनलाइन बाजार हमारे समाज पर इतना हावी क्यों होता जा रहा है ? क्या आम नागरिक सोशल मीडिया की वर्चुअल दुनिया में दिखावे के चक्कर में अपने लिए मौत का कुआं खोद रहे हैं? हमें सोशल मीडिया के नुकसानों से सीखने की जरूरत है।



सोशल मीडिया से अधिक महत्वपूर्ण हमारे लिए हमारे परिवार के लोग और रिश्तेदार हैं। अपने परिवारों को बचाने के लिए सोशल मीडिया से थोड़ा सा समय निकाल कर बाहर आने की कोशिश करनी चाहिए। आज सोशल मीडिया मानव समाज के लिए कैंसर से भी खतरनाक बन चुका है। हमारी संस्कृति और सभ्यता को सोशल मीडिया बहुत तेजी से निगल रहा है। यूं ही चला रहा तो हमारी भारतीय संस्कृति व सभ्यता जल्द ही विलुप्त हो जाएगी और इसके लिए हम सभी जिम्मेदार होंगे।

सोशल मीडिया के कारण अशिक्षित लोगों के लिए जीवन लगातार चुनौती पूर्ण होता जा रहा है। इसके अलावा साइबर क्राइम और स्कैम जैसी चीजें बढ़ रही है। लोग दूसरे से अपनी दुश्मनी निकालने के लिए एआई और सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। लोगों की प्राइवेसी लगातार खत्म होती जा रही है और लोग सोशल मीडिया पर वायरल या फेमस होने के लिए अलग-अलग हथकंडे अपना रहे हैं। सोशल मीडिया के कारण तलाक, महिला उत्पीड़न, फर्जीवाड़ा जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। सोशल मीडिया का प्रभाव हमारे समाज को पश्चिम देशों की ओर ले जा रहा है। इस प्रभाव को रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा और समाज में जागरूकता फैलानी होगी। समाज की जागरूकता से ही हमारी संस्कृति और सभ्यता बच सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मलबा गिरने से ट्रैवलर पलटी, तीन जख्मी

## गाड़ी में सवार थे 11 यात्री, धर्मपुर के पाडछु में निर्माणाधीन एनएच में पेश आया हादसा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



पाडछु में निर्माणाधीन एनएच के चलते मलबा गिरने से क्षतिग्रस्त गाड़ी।

**धर्मपुर** उपमंडल के पाडछु में निर्माणाधीन एनएच 3 में रविवार सुबह पाडछु में ढांक से मलबा गिरने से टेंपो ट्रैवलर पलट गई। गाड़ी में सवार 11 सवारियां बाल-बाल बच गईं जिनमें 8 आंशिक रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हुए और उन्हें लोगनी के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया।

घटना का समाचार मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मुन्ना ट्रैवलर एचपी 01बी1798 के मालिक और खुद गाड़ी चला रहे। वेद प्रकाश मुन्ना ने बताया कि वह टैट के एग्जाम के चलते चंडीगढ़ से जोगिंद्रनगर की सवारियां लेकर आ रहे थे कि सुबह अचानक पहाड़ी से कई टनों मलबा गिरते हुए देख सवारियों ने रोना चिल्लाना शुरू कर दिया। उन्होंने जल्दी से निकलना चाहा तभी एक बड़ी चट्टान ट्रैवलर के पिछले हिस्से से टकराई और गाड़ी पलट गई। गाड़ी जहां पलटी वहां नीचे दाईं और सैकड़ों फीट गहरी खाई थी। गाड़ी पलटने बाद उन्होंने सवारियों को शांत किया और गाड़ी से बाहर निकाल सुरक्षित जगह पहुंचाया। इसी दौरान जब सभी लोग बाहर निकल गए तभी हाईवे से गुजर रही अन्य गाड़ियों ने उन्हें प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। टैवलर के चालक ने बताया कि 1 मिनट पहले ही यहां एक एचआरटीसी बस भी निकली जोकि चट्टानों की चपेट में आने से बाल-बाल बच गई।

### सभी सवारियां खतरे से बाहर : एसएचओ

**एसएचओ** धर्मपुर विनोद ठाकुर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीम घटनास्थल पर पहुंच गई थी पुलिस ने ट्रैवलर मालिक और सवारियों के बयान लेकर मामला दर्ज कर लिया है सभी सवारियां सुरक्षित और ठीक है उन्हें घर भेज दिया है।

### एनएच कंपनी पर मामला दर्ज करे प्रशासन : भूपेंद्र

**किसान** नेता और पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने पाड़छु के पास टेंपो ट्रैवलर पर पहाड़ी का मलबा गिरने से एक दर्जन यात्रियों की जान मुशिकल में डालने को लेकर लिए सीधे तौर पर कंपनी जिम्मेदार बताया। उन्होंने कंपनी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है।

# पधर के पाली में 4 संदिग्ध लड़कों में नशे की आशंका होने पर लिए रक्त के नमूने

**कविता, अनंत ज्ञान**

**पधर।** उपमंडल पधर की ग्राम पंचायत पाली में रविवार तड़के चार संदिग्ध युवकों को नशे की हालत में देखे जाने की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंच कर जांच की।

थाना प्रभारी सौरभ ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर युवकों की तलाशी ली। हालांकि युवकों के पास से कोई भी मादक पदार्थ बरामद नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, रविवार प्रात: गांव की एक महिला ने पाली क्षेत्र के पास चार युवकों को संदिग्ध अवस्था में देखा और उन्हें नशा करने की आशंका हुई। महिला द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने चारों युवकों से पूछताछ की और उनकी व्यक्तिगत तलाशी भी ली, परंतु मौके पर किसी भी प्रकार का नशे का सामान बरामद नहीं हुआ। हालांकि युवकों के व्यवहार को देखते हुए पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्हें मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। चारों युवकों के रक्त के नमूने लिए गए हैं। जिन्हें सुरक्षित रूप से जांच के लिए भेजा गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस प्रकार की घटनाओं पर सख्त निगरानी रखी जाए, ताकि युवाओं को नशे की लत से दूर रखा जा सके।

पुलिस प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि यदि किसी को भी नशे से संबंधित गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

### तलाशी के दौरान नहीं मिला कोई नशीला पदार्थ

**थाना** प्रभारी सौरभ ठाकुर ने बताया कि तलाशी के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ है, लेकिन मेडिकल जांच से स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। यदि रिपोर्ट में किसी प्रकार का नशा करने की पुष्टि होती है, तो कानून के अनुसार संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। यह घटना एक बार फिर क्षेत्र में बढ़ते नशे के खतरे की ओर संकेत करती है।

# एनएच निर्माण कार्य से हुक्कल निवासी परेशान

## अवैध डंपिंग से तीन सौ पेड़ क्षतिग्रस्त, स्कूल का रास्ता भी तोड़ा : भूपेंद्र

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



**सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत लौंगनी के गांव हुक्कल के बाशिंदे और वहां से गुजरने वाले लोग एनएच निर्माण कार्य से भारी दिक्कतें झेल रहे हैं। किसान सभा की कमेटी सदस्य कुलदीप चौहान, रविकांत शर्मा, प्रेम सिंह, राजकुमार, बालम राम, अंकुश शर्मा, रुलालु राम, शांता शर्मा, चंपा ठाकुर, कौशल्या, पवन कुमार, शशिकांत, संजय कुमार व सतीश कुमार आदि ने बताया कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग 70/03 यूनिट दो का निर्माण कार्य पाडछु से कुमाहरडा तक बीआरएन कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा पाडछु से कुमाहरडा तक किया जा रहा है।

हुक्कल गांव के प्रवेश द्वार पर ही कल्वर्ट न होने और आगे स्कूल तक सड़क में गड्ढे ही गड्ढे पड़े हैं जिससे यहां से गुजरना मुश्किलों से भरा है। यहीं पर निर्माण कंपनी ने तीन सौ से ज्यादा पेड़ अवैध डंपिंग करके नष्ट कर दिए हैं। स्कूल का रास्ता बंद कर दिया है और खेल मैदान में मलबा भर दिया है व लिंक रोड बाधित कर दिया है। डंगे की गुणवत्ता बहुत ही घटिया किस्म की है और इस दीवार की नींव सही तरीके से नहीं डाली जा रही है।

### हुक्कल के लोग 12 को करेंगे धरना-प्रदर्शन

**हुक्कल** के लोग किसान सभा के बैनर तले व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में 12 जून को प्रदर्शन करेंगे। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी ने हुक्कल से स्योह, जोल, गढयाना, डुहरु, कथैली, रियूर सड़क को भी बाधित कर दिया है। उन्होंने बताया कि बीआरएन कंपनी ने 28 स्थानों पर अवैध डंपिंग की है और लौंगनी के पास लगे स्टोन क्रशर के लिए अवैध खनन किया जा रहा है और प्रशासन और यहां के नुमाइंदे मूक दर्शक बने हुए हैं और कंपनी की ही मदद कर रहे हैं।

# चौहार घाटी में पर्वतारोहण की आपार संभावनाएं

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल व चौहार घाटी में पर्वतारोहण की आपार संभावनाएं हैं, मगर सरकार की अनदेखी से ये घाटियां पर्वतारोहियों के लिए बाईपास ही बनी हुई है। दोनों घाटियों से चंबा, कुल्लू, मनाली, लाहुल-स्पीति के लिए लघु मार्गों का लगभग एक शताब्दी से ही प्रयोग किया जा रहा है। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान कुल्लू की डाक जोगिंद्रनगर से चौहार घाटी के शिल्हाबधाणी व भू-भू जोत से होकर ही जाती थी वहीं छोटा भंगाल के थमसर जोत होकर बड़ा भंगाल घाटी, चंबा की होली व भरमौर क्षेत्र के लिए लघु मार्ग विद्यमान है। छोटा भंगाल के कोठी स्वाड़ के अंदरली मलाह व सरीनाला से होकर भी कुल्लू के लिए लघु मार्ग बने हुए हैं तो छोटा भंगाल के पोलिंग से भी कुल्लू के लिए लघु मार्ग मौजूद है।

# चतुर्भुजा मंदिर सड़क जल्द होगी जनता को समर्पित

## सवालड़ी-बड़ीधार व बनारू-चमेला सड़क का कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने किया उद्घाटन

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



नौहली में कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर जनता को संबोधित करते हुए।

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के नौहली पंचायत में रविवार को पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर ने सवालड़ी-बड़ीधार व बनारू-चमेला सड़क का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर नौहली पंचायत उप प्रधान राम लाल व स्थानीय ग्रामीणों ने पारंपरिक शाल और टोपी पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस सड़क परियोजना को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह था, क्योंकि लंबे समय से इस क्षेत्र में सड़क सुविधा की मांग उठ रही थी। जीवन ठाकुर ने कहा कि यह सड़क मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की विशेष सौगात है, जिसे उन्होंने अपने पिछले जोगिंद्रनगर दौरे के दौरान ग्रामीण सड़क योजना के तहत स्वीकृत किया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य अंतिम छोर के गांव तक सड़कों का जाल बिछाना है, जिससे हर नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। जीवन ठाकुर ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के अनेक गांवों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और व्यापार, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी सुगम होगी।

उन्होंने बताया कि लडवान से मां चतुर्भुजा मंदिर तक निर्माणाधीन सड़क का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और इसे भी शीघ्र जनता को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चतुर्भुजा मंदिर एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है और वहां तक सड़क पहुंचने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यह सड़क घरोण और वदनधार जैसे गांवों के निवासियों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी, जो अब तक सड़क सुविधा से वंचित थे।

इस अवसर पर जीवन ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ग्रामीण क्षेत्रों के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्र की हर पंचायत को सड़क, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं देने के लिए कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस तरह की जनहित योजनाएं क्षेत्र को विकास की नई राह पर अग्रसर करेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### इस वर्ष खुराहल में नहीं होगा दंगल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ग्राम खुराहल में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला पारंपरिक दंगल इस वर्ष आयोजित नहीं किया जाएगा। आज युवक मंडल खुराहल के प्रधान रजनीश ठाकुर की अध्यक्षता में दंगल कमेटी की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें दंगल आयोजन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में इस वर्ष 28 मई को प्रस्तावित दंगल पर चर्चा की गई, जो गांव के एक युवा साथी की आकस्मिक मृत्यु के कारण स्थगित कर दिया गया था। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि इस वर्ष दंगल का आयोजन नहीं किया जाएगा। दंगल कमेटी ने बताया कि इस बार आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर नहीं हो पाईं, जिसके चलते दंगल को अगले वर्ष, अर्थात 28 मई 2026 को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रधान रजनीश ठाकुर ने बैठक में दंगल की शेष राशि और इस वर्ष के खर्चों का पूरा ब्यौरा सदस्यों के समक्ष रखा। साथ ही उन्होंने सभी पहलवानों व दंगल प्रेमियों से आग्रह किया कि वे इस निर्णय को समझें और सहयोग करें। कमेटी की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि इस वर्ष खुराहल का दंगल आयोजित नहीं होगा।

### भौण कलाहोड सुंदरनगर में मेला आज से

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** भौण कलाहोड सुंदरनगर में 9 से 12 जून तक एक भव्य धार्मिक व सांस्कृतिक मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जगराता एवं कुश्ती प्रतियोगिता प्रमुख आकर्षण रहेंगे। मेले का शुभारम्भ 9 जून को सोहन लाल ठाकुर, पूर्व विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर किया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि 8 बजे भव्य आरती तथा प्रसिद्ध ममता भारद्वाज संगीत दल, ऊना द्वारा जगराते की प्रस्तुति दी जाएगी। इस श्रृंखला में 11 जून को विशेष भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय पंचायतों की महिला मंडलियां अपनी भक्ति प्रस्तुत करेंगी। इस दिन ज्योति प्रज्वलन का कार्य माननीय विधायक, नाचन विधानसभा क्षेत्र विनोद कुमार जी द्वारा किया जाएगा। मेले का समापन समारोह बुधवार, 12 जून को सांय 5 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें माननीय विधायक, सुन्दरनगर विधानसभा क्षेत्र राकेश जम्बाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और समापन के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम होंगे। मेला समिति ने क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया है कि वे परिवार सहित इस आयोजन में पधारकर धर्म, संस्कृति एवं मनोरंजन का लाभ उठाएं।

### दीपक की अवार्ड विनिंग लघु फिल्म रिलीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** शिमला से संबंधित कार्डियक सर्जन डॉ. दीपक पुरी द्वारा बनाई गई अवार्ड विनिंग लघु फिल्म 'रखिए दिल का ख्याल दिल से' तीन दिवसीय 15वें वार्षिक कार्डियोमर्सन ग्लोबल कॉन्फ्रेंस 2025 के दौरान रिलीज की गई। इस फिल्म का लेखन, निर्माण और निर्देशन डॉ. पुरी ने किया है। फिल्म में एक साधारण कहानी के माध्यम से दर्शाया गया है कि हार्ट अटैक के कारण आजकल युवा क्यों अपना बहुमूल्य जीवन गवां रहे हैं। डॉ. पुरी ने इस फिल्म में दो प्रेरक गीत भी गाए हैं। फिल्म दर्शकों को नियमित व्यायाम करने, शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और संगीत तथा प्रकृति के स्वास्थ्य लाभों का आनंद लेने के लिए प्रेरित करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि स्वस्थ और फिट दिखने के बावजूद युवा अचानक हृदयाघात का शिकार हो रहे हैं और कैसे शुरुआती जोखिम कारकों की जांच और स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर इसे रोका जा सकता है। डॉ. पुरी ने कहा, 'आजकल युवा उन मशहूर हस्तियों का आंख मूंदकर अनुसरण करते हैं, जिनकी खुद की जीवनशैली तनावपूर्ण और अस्वस्थ होती है।

# चौहार व छोटा भंगाल घाटी में पर्यटकों की दस्तक

## दोनों घाटियों में रेस्ट हाउस, होम स्टे व गेस्ट हाउस दो दिन से ही हो गए हैं पूरी तरह बुक

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**



चौहार घाटी के बरोट में खुले मैदान में घूमते पर्यटक।

**बरोट।** चौहार घाटी व छोटाभंगाल घाटी में गत लगभग दो सप्ताह से दिन को किसी भी समय बारिश होने के बाद अब दो दिन से आसमान में बेशक बाद छाए रहने के बावजूद भी दोनों घाटियों में गर्मी की तेज तपिश हो गई है।

दोनों घाटियों में आजकल न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 28 डिग्री सेल्सियस तापमान आंका गया है, मगर उसके बावजूद भी गत दो दिन से निचले क्षेत्रों में इससे ज्यादा ही गर्मी बढ़ जाने से दोनों घाटियों में हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, ऊना हमीरपुर, पालमपुर बैजनाथ जोगिन्द्रनगर, मंडी आदि क्षेत्रों से सैकडों की संख्या में पर्यटक पधारे हुए हैं। जिस कारण दोनों घाटियों में स्थित रेस्ट होउस, होम स्टे, गेस्ट हाउस व कैंपिंग गत दो दिन से ही पूरी तरह से बुक हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां पर होटल, रेस्ट हाउस, होम स्टे, गेस्ट हाउस तथा कैंपिंग में पांच सौ से पांच हजार रुपए तक प्रति कमरे बुक किए जा रहे हैं, वहीं कमरे न मिलने के कारण कई पर्यटक शाम को ही वापिस हो रहे हैं, तो कई पर्यटक दुकानों और स्थानीय लोगों के घरों में 200 से 400 रुपए देकर ठहर रहे हैं। इसके अलावा ठंडे पानी की मछली एक हज़ार से पन्द्रह सौ रूपये और मत्स्य फार्म की ट्राउट छह सौ रुपए प्रति किलो बिक रही है। होटल व्यवसायी तथा अन्य व्यवसायी तथा स्थानीय गांववासी यहां पर बहने वाली ऊहल व लंबाडग नदियों से मछलियां पकड़कर पर्यटकों को बेच रहे हैं, इसलिए गत दो दिन से यहां पर पांच से छह हजार पर्यटक पहुंच हुए हैं। होटल के मालीक राजकमल, बलवीर ठाकुर, संजय कुमार आदि का कहना है कि दोनों घाटियों में इससे पूर्व कम मात्रा में पर्यटकों की आवाजाही कम मात्रा में होने के चलते यहां के पर्यटन व्यवसायियों की कमाई में प्रतिकूल असर पाड़ गया था मगर अब पर्यटकों की आवाजाही हो जाने से उनकी कमाई में भी खूब बढ़ोतरी हो रही है।

स्थानीय लोगों में सूरज चंद, वजिन्द्र सिंह, हरि गोपाल, मनसा राम, मान सिंह, रणवीर सिंह आदि लोगों का कहाना है कि कई शरारती पर्यटक यहां आकर खूब मनमानी करते हैं। इसलिए उन्होंने सरकार से दोनों घाटियों में चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ-साथ घाटियों के प्रवेश द्वार घटासनी और बीड़ में एक- एक पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित करने का आग्रह किया है।

# जनविरोधी नीतियों के कारण कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए लोग

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जयराम ठाकुर ने दिलाई सदस्यता, बोले- कांग्रेस ने भरोसा तोड़ा**

**मंडी।** कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण कांग्रेस छोड़कर बल्ह विधानसभा के गुटकर गांव के विजय कश्यप ने भाजपा का दामन थाम लिया। विजय कश्यप कांग्रेस पार्टी के राजीव गांधी पंचायती राज के महासचिव थे। विजय कश्यप, शुभम वालिया पूर्व युवा कांग्रेस कार्यकर्ता, निखिल राणा ने भी भाजपा की नीतियों पर विश्वास जताया। विजय, सुभम और निखिल राणा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर से भेंट की। बल्ह विधानसभा के गुटकर, बेहना, गांव के लगभग 60 युवाओं ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थम्मा। लुनापानी से हेमराज कश्यप युवा कांग्रेस सचिव, आयुष कश्यप, पीयूष, डांगू गांव से केशव, बैहना गांव से आदि धीमान, अजय वालिया, राहुल वालिया, निखिल राणा, जतीन, राहिल गर्ग, अजय, निशांत ठाकुर आदि लगभग 60 युवा भाजपा में शामिल हुए। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने लोगों का भरोसा तोड़ा। झूठे वादे करके सत्ता में आए और लोगों को ठगा, इसलिए ढाई साल में ही यह हालत हो गई है। इस मौके पर बल्ह विधानसभा के विधायक इंद्र सिंह गांधी भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, भाजपा बल्ह मंडल के अध्यक्ष कुलदीप महामंत्री पवन, मनीष सैनी आदि उपस्थित रहे।

# फ्रैंडली क्रिकेट मैच में व्यापार मंडल की टीम ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**रविवार** को व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के तत्वावधान में स्थानीय मैदान में एक फ्रैंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैच का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना था। आयोजन में स्थानीय व्यापारियों, युवाओं और खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन की सराहना की।

मैच जोगिंद्रनगर इलेवन और व्यापार मंडल की टीम के बीच खेला गया। जोगिंद्रनगर इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 107 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। टीम की ओर से बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का संतुलन बनाए रखते हुए आकर्षक शॉट्स लगाए और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके जवाब में व्यापार मंडल की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 14.2 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। टीम ने 109 रन बनाकर 6 विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। मैच के दौरान दोनों टीमों ने अनुशासित खेल का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का उदाहरण पेश किया।

मैच के समापन अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने खिलाड़ियों और उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग नशे जैसी गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित हो रहा है, जो समाज के लिए चिंता का विषय है।

# डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर में निकाली साइकिल रैली

## विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश के प्रति सम्मान और निष्ठा का किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**




डीएवी जोगिंद्रनगर में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली निकालते हुए।

**डीएवी** पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत एक विशेष साइकिल रैली का आयोजन बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, फिटनेस व मानसिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया, जिसे लेकर पूरे विद्यालय में जोश और उमंग का माहौल देखने को मिला।

यह साइकिल रैली बालकरुपी गेट से आरंभ हुई, जो झलवान से होते हुए माउंट मौर्य स्कूल तक गई और वहां से वापस बालकरुपी गेट पर समाप्त हुई। रैली में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर, खेल शिक्षक विकास, विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने हेलमेट पहनकर, सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए अनुशासन और संयम के साथ रैली में भाग लिया।

रैली का विशेष आकर्षण था 'तिरंगा रैली', जो भारतीय सेना को समर्पित की गई थी। विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लिए हुए देश के प्रति सम्मान और निष्ठा का प्रदर्शन किया। यह दृश्य बेहद प्रेरणादायक था, जिसने दर्शकों के दिलों में देशभक्ति की लहर दौड़ा दी। तिरंगा रैली ने यह संदेश दिया कि फिटनेस केवल शरीर की मजबूती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक मजबूती और राष्ट्रीय चरित्र को भी दर्शाती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने कहा कि फिट इंडिया अभियान का मूल उद्देश्य देश को स्वस्थ और सशक्त बनाना है।

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को चाहिए कि वह अपने जीवन में रोजाना कम से कम 10 मिनट साइकिल अवश्य चलाए। यह न केवल शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम करने, मन को एकाग्र करने और भावनात्मक स्थिरता बनाए रखने में भी सहायक होता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए और उनके योगदान की सराहना की गई। आयोजन की सफलता में विद्यालय स्टाफ, अभिभावकों और स्वयंसेवकों का सराहनीय सहयोग रहा।

# बीके सोमा बहन ने करवाई मेडिटेशन कमेंट्री

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि रिवालसर में चल रहे समर कैंप का समापन

**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान**



रिवालसर में समर कैंप के दौरान बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर बनाए सुंदर चित्र।

**रिवालसर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शिव दर्शन भवन, रिवालसर में चल रहे चार दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। यह विशेष शिविर सेवाकेंद्र की संचालिका बीके सुनीता दीदी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन बीके सोमा बहन ने अत्यंत उमंग-उत्साह और स्नेहपूर्ण ऊर्जा के साथ किया। उन्होंने न केवल मंच को सुंदर रूप से सजाया, बल्कि बच्चों को भी उनके प्रयासों के लिए खूब प्रोत्साहित किया। बीके सोमा बहन ने मेडिटेशन कमेंट्री कारवाई सभी ने संगीतमयी मेडिटेशन कमेंट्री का अनुभव किया, जिसमें बच्चे, अभिभावक और सभी अतिथि प्रभु प्रेम में खो गए। पूरे वातावरण में शुद्धता और शांति के दिव्य वाइब्रेशन महसूस किए गए। सुनीता दीदी ने समर कैंप के दौरान राजयोग कोर्स भी करवाया, जिससे अनेक बच्चों और अभिभावकों ने आत्म-चेतना और ईश्वरीय ज्ञान की ओर कदम बढ़ाया। ओमी दीदी ने सरल और सरस भाषा में बच्चों और उनके माता-पिता को राजयोग के महत्व, आत्म-बल और परमात्म-स्मृति से जुड़ने की सहज विधि बताई। ओम प्रकाश भाई, बीआरसी, ने बच्चों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों को नैतिकता, अनुशासन और आत्म-निर्भरता की ओर अग्रसर करते हैं। शिविर में म्यूज़िकल चेयर, रस्साकस्सी, और चित्रकला प्रतियोगिता में उमंग-उत्साह से भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण पर सुंदर चित्र बनाकर सभी ने विश्व पर्यावरण दिवस की भावना को रचनात्मक रूप में व्यक्त किया।

**चेकअप** प्रेस क्लब, सेवा भारती व एचएमआरयू ने संयुक्त रूप से किया था फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन

# बाड़ी गुमाणू में जांचा 200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**




बाड़ी गुमाणू में शिविर के दौरान डॉक्टर व आयोजक बच्चों के साथ।

**मंडी।** प्रेस क्लब मंडी, सेवा भारती और हिमाचल मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में बाड़ी गुमाणू स्थित सेवा भारती के छात्रावास में रविवार को एक बहु-विशेषज्ञ निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कैंप में जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की, वहीं उनके टेस्ट भी मौके पर ही करके दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गईं। एडीसी मंडी रोहित राठौर ने भी शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। उन्होंने सेवा भारती छात्रावास के बच्चों से मुलाकात करके उन्हें मिल रही सुविधाओं का जायजा भी लिया। रोहित राठौर ने कहा कि संयुक्त रूप से आयोजित किए गए इस कैंप के माध्यम से ग्रामीणों को घर द्वार पर विशेषज्ञों की सेवाओं का लाभ मिला है। उन्होंने इसके लिए प्रेस क्लब, सेवा भारती और एचएमआरयू को बधाई दी।

प्रेस क्लब मंडी के महासचिव हंस राज सैनी ने कहा कि यह क्लब का पहला कैंप था लेकिन भविष्य में इस क्रम को लगातार जारी रखने का प्रयास किया जाएगा। भविष्य में शिक्षण संस्थानों में इस तरह के कैंप लगाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। सेवा भारती के अध्यक्ष खेम चंद शास्त्री ने कहा कि सामूहिक रूप से किए गए इस प्रयास से आम जनता को लाभ मिला है और इस प्रयास को भविष्य में भी जारी रखने का प्रयास किया जाएगा।

वहीं, कैंप में अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने आए लोगों ने इसका पूरा लाभ उठाया। सुरेश गुप्ता और प्रतिभा ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर जो सुविधाएं कैंप के माध्यम से मुहैया करवाई गई, वे तारीफ-ए-काबिल हैं। भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। शिविर में श्रहरिहर अस्पताल गुटकर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक अपनी सेवाएं दी। विशेषज्ञ डॉक्टरों में डॉ. कमल के. सिंह (यूरोलॉजिस्ट), डॉ. पीसी. राणा (कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ. नवीन कुमार (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट), डॉ. हरीश एचबी (न्यूरोलॉजिस्ट), डॉ. उमेश चंदेल (मेडिसिन), डॉ. पंकज मंगोत्रा (हड्डी रोग), डॉ. अविनाश कुमार (सर्जन), डॉ. विकास (बाल रोग), डॉ. आनंद राजन (फिजियोथेरेपी), डॉ. विनीत शर्मा (मानसिक रोग), डॉ. विक्रांत कुमार (ईएनटी) और हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर की दंत चिकित्सकों की टीम शामिल रही।

## तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेला स्टार नाइट के साथ हुआ संपन्न, विधायक विवेक के प्रयास लाए रंग

# कुलविंद्र बिल्ला की धमाकेदार प्रस्तुति से झूमा पंडाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा में पहली बार कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के अथक प्रयासों एवं जनता की मांग पर पहली बार आयोजित हुए कुटलैहड़ महोत्सव ने इतिहास रच दिया है। तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेले को विधायक विवेक शर्मा ने राज्य स्तरीय स्वरूप में तब्दील करवा दिया, जिसकी गूंज न केवल स्थानीय स्तर पर रही, बल्कि पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना। स्टार नाइट में पंजाबी गायक कुलविंद्र बिल्ला के धमाकेदार प्रस्तुति ने पंडाल को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, मुख्यमंत्री सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और अन्य गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर इसे भव्यता प्रदान की।

जिला स्तरीय पीपलू मेले के अंतिम दिन कुटलैहड़ महोत्सव यानि स्टार नाइट में भारी भीड़ उमड़ने से मुख्य कार्यक्रम स्थल पर लगा पंडाल छोटा पड़ गया। वहीं कड़ी निगरानी, ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों और आपात कालीन सेवाओं को जिस दक्षता से संभाला गया, उसने जिला एवं उपमंडल प्रशासन की सक्रियता को दर्शाया।


कुटलैहड़ महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू को सम्मानित करते विधायक विवेक शर्मा।

### कुटलैहड़ महोत्सव में पहुंचे मुख्यमंत्री सुक्खू

किन्हीं कारणों से मुख्यमंत्री सुक्खू जिला ऊना प्रवास पर गगरेट से कार्यक्रम स्थगित होने पर शिमला जाने वाले थे, लेकिन इसके बावजूद मुख्यमंत्री सुक्खू कुटलैहड़ महोत्सव में पहुंचे। इससे न केवल आयोजन को राजनीतिक स्तर पर संबल मिला, बल्कि जनता के बीच भी सरकार की प्रतिबद्धता का संदेश गया और जनता को सीएम ने यह बता दिया की वह वास्तव में मुख्यमंत्री सुक्खू की आंख के तारे हैं।

### युवाओं के दिलों पर राज कर गया कुलविंद्र बिल्ला

कुटलैहड़ महोत्सव यानि स्टार नाइट के आकर्षण का केंद्र रहे पंजाबी गायक कुलविंदर बिल्ला ने मंच पर आते ही ऐसा समां बांधा कि हर कोई झूम उठा। 'टाइम टेबल, आउटफिट, चावां जैसे हिट गानों ने युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। रातभर पंडाल में संगीत की गूंज और उत्सव का उल्लास बना रहा। वहीं उनके गानों पर पंडाल खूब थिरका।

### कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासन की अहम भूमिका

महोत्सव को सफल बनाने के लिए जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक से लेकर तहसील और पंचायत स्तर तक का प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। चिकित्सा, स्वच्छता, सुरक्षा और परिवहन के मोर्चे पर प्रशासन ने कोई कसर नहीं छोड़ी। स्थानीय पुलिस ने ट्रैफिक कंट्रोल से लेकर भीड़ प्रबंधन तक बेहतरीन कार्य किया।

### मुख्यमंत्री ने बंगाणा को दी 119.51 करोड़ की सौगात

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को बंगाणा में तीन दिवसीय पिपलू मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने बंगाणा स्थानीय विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद शोभायात्रा में भाग लिया। भलेती में जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेले किसी भी क्षेत्र की लोक संस्कृति व भाईचारे के प्रतीक होते हैं। उन्होंने बंगाणा के लोगों को मेले की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं ताकि किसान इस खेती को अपनाकर अपनी आर्थिकी को और मजबूत कर सकें। उन्होंने स्थानीय किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि वह सरकार की इस योजना का हिस्सा बनकर प्रदेश को प्राकृतिक खेती राज्य के रूप में पहचान स्थापित करने में अपना योगदान दें। उन्होंने क्षेत्र के विकास को लेकर स्थानीय विधायक विवेक शर्मा द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों की सराहना की।

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने उपमंडल बंगाणा में लगभग 119.51 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण किए। उन्होंने 2.12 करोड़ रुपये से निर्मित अधिशाषी अभियंता के संभागीय कार्यालय भवन थानाकलां, 61.51 लाख से बरनोह में निर्मित जल गुणवत्ता एवं निगरानी प्रशिक्षण केंद्र, 2.44 करोड़ से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जठेहड़ी के स्कूल भवन, 1.45 करोड़ से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चमियाड़ी, 93.69 लाख से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंदली में स्कूल के 4 कमरों, 10.31 करोड़ से ओलिंडा से बोहरू संपर्क मार्ग के मैटलिंग/टारिंग और 12.22 करोड़ से सैली से हंडोला वाया कमून पट्टियां और सैली महादेव मंदिर वाया जीपीएस लूबोवाल सड़क तथा 10.73 करोड़ से ग्रामीण आजीविका केंद्र बंगाणा के भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने 2.35 करोड़ से झंबर-कुरियाला-सुरजेहड़ा, मदनपुर-बसोली, पनोह-घंडावल और धमांदरी-संझोट उठाऊ जलापूर्ति योजना के सुधारीकरण, 10.59 करोड़ से ग्राम पंचायत मोह मीनार में बौल और मोह खास के लिए सिंचाई योजना, 7.20 करोड़ से सिंचाई सुविधा के लिए जस्साना खड्ड, बंगाणा खड्ड, थानाकलां और छपरोह खड्ड में वर्षा जल संग्रह संरचना के निर्माण, 5.98 करोड़ से खरूनी से खैरियां वाया चपलाह, गारली-डीहर, मकड़ी और चम्बोआ सड़क, 10.44 करोड़ से नाबार्ड के तहत बौल, झम्बर, लाम, टक्का और मौहल्ला बातियां हरिजन में पुल निर्माण कार्य तथा 33.59 करोड़ से भियांबी से बड़सर सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया।

# सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है पिपलू मेला

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के तीन दिवसीय जिला स्तरीय मेला संपन्न हुआ, जो न केवल क्षेत्रीय धार्मिक आस्था का केंद्र रहा, बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का भी सशक्त उदाहरण बना। यह मेला वर्षों से चली आ रही पौराणिक संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस आयोजन में राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स विंग के प्रदेश चेयरमैन और जिला युवा मोर्चा सचिव अजय ठाकुर ने भी सहभागिता की, जिससे मेले की गरिमा और अधिक बढ़ गई।

अजय ठाकुर ने मेले में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन केवल श्रद्धा और परंपरा का ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव का संदेश भी देते हैं। उन्होंने इस अवसर पर यह स्पष्ट किया कि धार्मिक मेलों को राजनीति से दूर रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि जब ऐसे आयोजन राजनीति की चपेट में आ जाते हैं, तो उनका मूल उद्देश्य कहीं पीछे छूट जाता है। उन्होंने कहा कि भाईचारा और सहयोग की भावना ही इन आयोजनों की सफलता की असली कुंजी है। अजय ठाकुर ने पिपलू मेले के सफल आयोजन पर


अजय ठाकुर को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

जिला एवं उपमंडल प्रशासनिक अधिकारियों को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रशासन का सकारात्मक सहयोग और स्थानीय लोगों की भागीदारी ही मेले को इस स्तर तक सफल बना पाई है।

मेले में सुरक्षा, स्वच्छता, एवं यातायात प्रबंधन का उचित ध्यान रखा गया, जिससे आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। अजय ठाकुर अपने समर्थकों के साथ मेले में पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विशेष रूप से वहीं मंदिर कमेटी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया, जो पीपलू क्षेत्र की जनता के प्रति उनके योगदान और सामाजिक सेवा के लिए सराहना का प्रतीक था। यह सम्मान न केवल अजय के लिए गर्व का विषय रहा, बल्कि युवा वर्ग के लिए एक प्रेरणा भी बना कि सामाजिक कार्यों में भागीदारी और नेतृत्व कैसे किया जा सकता है।

इस मेले में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और लोक नृत्य-गायन का आयोजन किया गया, जो पारंपरिक संस्कृति को जीवंत रखने का एक सराहनीय प्रयास था। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए भी अनेक मनोरंजन एवं पूजा कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई थी। अजय ठाकुर ने कहा कि पीपलू मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहा, बल्कि सामाजिक समरसता, संस्कृति के संरक्षण और जन सहभागिता का भी जीता-जागता उदाहरण बन गया।

अजय ठाकुर ने कहा कि पिपलू मेला युवा नेतृत्वकर्ता की सहभागिता से यह संदेश भी गया कि यदि सकारात्मक सोच और समर्पण हो, तो किसी भी आयोजन को समाज हित में एक सफल उत्सव के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### घालूवाल में लगाए गए 4 वाटर कूलर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बीडीसी मेंबर राजेश पूरी ने वार्ड नंबर 8 में घालूवाल में 4 वाटर कूलर लगवाएं है। बीडीसी मेंबर राजेश पूरी ने बताया कि गर्मी अधिक होने के कारण लोगों की काफी समय से मांग थी कि वार्ड क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कुलर लगवाए जाएं। उन्होंने कहा कि जनहित में ब्लॉक समिति में जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए ब्लॉक समिति फंड की ओर से जारी धनराशि लगभग 1 लाख 85 हजार में 4 वाटर कुलर सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए है।



### चिंतपूर्णी में बेहोश युवक को पहुंचाया अस्पताल

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** शनिवार रात को चिंतपूर्णी मंदिर में एक युवक लंगर हाल के पास बेहोश पड़ा मिला। मंदिर कर्मचारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को अस्पताल पहुंचाया और उसकी जान बचाई। इस घटना ने मंदिर कर्मचारियों की मानवता और संवेदनशीलता को प्रदर्शित किया है। मंदिर कर्मचारियों ने युवक को बेहोशी की हालत में देखकर तुरंत अस्पताल पहुंचाने का फैसला किया। उन्होंने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया और डॉक्टरों को उसकी जांच और उपचार के लिए सूचित किया। मंदिर कर्मचारियों की इस पहल ने दिखाया है कि मानवता और संवेदनशीलता के मूल्य अभी भी हमारे समाज में जीवित हैं।

### संदीप मोनू के आकस्मिक निधन पर शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के हटली पंचायत के गांव हटली केसरू के संदीप शर्मा उर्फ मोनू के अकस्मात निधन पर क्षेत्र के शोक की लहर है। श्री राम नाटक क्लब हटली के मुख्य संरक्षक रूमेल कुमार ने बताया कि होनहार और मिलन सार युवा संदीप मोनू के आकस्मिक निधन की दुखद सूचना से संपूर्ण हटली क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। राम नाटक क्लब हटली, जिसमें संदीप सक्रिय सदस्य के रूप में जुड़े हुए थे, गहरे शोक में डूब गया है। रुमेल ने कहा कि संदीप न केवल क्लब के मंचन कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे, बल्कि सामाजिक गतिविधियों में भी उनकी भागीदारी सराहनीय थी। उनके असामयिक निधन से न केवल क्लब, बल्कि समूचे समाज ने एक उत्साही और सेवा-भावी युवक को खो दिया है।

### भलेती गांव में ठंडे पानी की लगाई छबील

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** स्थानीय भलेती गांव में युवक मंडल द्वारा ठंडे पानी की छबील लगाई गई। हजारों लोगों ने छबील में ठंडे पानी का आनंद उठाया। इस अवसर पर चेतन शर्मा, संजीव कुमार, विनय कुमार, विनोद कुमार, सौरव शर्मा, रितिक, मनीष चौधरी और समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।



### नानकसर गुरुद्वारा प्रबंधन ने लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** गांव छतरपुर टाडा में गुरु नानकसर गुरुद्वारा द्वारा मीठे जल की छबील लगाई गई।

## गगरेट को मिला विकास का नया आयाम : युवा कांग्रेस

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** मुख्यमंत्री के गगरेट दौरे को लेकर युवा कांग्रेस पूरी तरह से उत्साहित नजर आ रही है। युवा कांग्रेस गगरेट के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, जिला सचिव ऋषव कहोल, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष विजय सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस दौरे को गगरेट के विकास की दिशा में एक निर्णायक मोड़ बताया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री ने गगरेट क्षेत्र को लगभग 75 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देकर न केवल क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा किया है, बल्कि भविष्य के लिए भी ठोस बुनियाद रखी है।

अभिषेक ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे से युवाओं को सकारात्मक संदेश मिला है। जिला सचिव ऋषव कहोल ने कहा कि यह दौरा पारदर्शी और समावेशी विकास की मिसाल बनकर उभरा है।

## माता अनसूया की कथा का किया भावपूर्ण वर्णन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )**

टकारला गांव में चल रही श्री राम कथा के आठवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा वाचक निखिल महाराज ने इस दिन माता अनसूया की पावन कथा का विस्तारपूर्वक और भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने माता अनसूया की तपस्या, त्याग, और धर्म निष्ठा को अत्यंत श्रद्धा और भाव के साथ प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

अपने प्रवचनों में निखिल महाराज ने सनातन धर्म की महानता को भी उजागर किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सहिष्णुता, सेवा और सत्य जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित है, जिसने सदियों से मानवता को सन्मार्ग दिखाया है।

उन्होंने यह भी कहा कि यह धर्म केवल एक पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक उच्चतम शैली है। महाराज ने अपने वक्तव्य में गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान को भी श्रद्धा से याद किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार छोटे-छोटे बालकों ने धर्म की रक्षा हेतु प्राणों की आहुति दी, परंतु अपने सिद्धांतों से विचलित नहीं हुए। उन्होंने अमानवीय कष्टों जैसे दीवार में जिंदा चिनवा दिए जाने को सहते हुए भी धर्म नहीं छोड़ा। यह सनातन परंपरा की अडिग निष्ठा और आत्मबल का जीवंत उदाहरण है।

निखिल महाराज ने श्रद्धालुओं को सनातन धर्म की मर्यादा अनुसार जीवन जीने की प्रेरणा दी और सत्य, सेवा तथा सदाचार को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कथा स्थल पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जो महाराज के प्रवचनों से प्रेरित होकर धर्म मार्ग पर चलने का संकल्प लेते दिखाई दिए। कथा के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर बने राष्ट्रीय वॉलीबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर को राष्ट्रीय वॉलीबॉल फेडरेशन का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस बड़ी उपलब्धि के साथ उन्होंने इतिहास रच दिया है, क्योंकि यह पहली बार है जब हिमाचल प्रदेश से कोई इस प्रतिष्ठित खेल संस्था के शीर्ष पद पर पहुंचा है। उनके गृह क्षेत्र कुटलैहड़ में इस खबर के फैलते ही लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई और जगह-जगह मिठाइयां बांटी गईं।

वीरेंद्र कंवर की यह नई जिम्मेदारी केवल उनके राजनीतिक सफर का विस्तार नहीं है, बल्कि यह पूरे हिमाचल के लिए गौरव का क्षण है। खेल जगत से जुड़ी यह उपलब्धि दर्शाती है कि राजनीति से परे जाकर भी वह समाज और युवाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को राष्ट्रीय बॉलीबॉल फेडरेशन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर विपक्ष नेता जयराम ठाकुर, राज्य अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल भाजपा संसद डॉ. सिकंदर कुमार, विधायक सतपाल सिंह सत्ती, जिलाध्यक्ष श्याम मिन्हास, शिव राम जनकल्याण समिति के अध्यक्ष रुमेल, किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव मदन राणा, चरणजीत शर्मा आदि अन्य ने बधाई दी है।

## चार माह से बंद गोंदपुर बनेहड़ा का एटीएम, लोग हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

जिला ऊना के गोंदपुर बनेहड़ा के मुख्य बाजार में एसबीआई के करीब चार माह से बंद पड़े एटीएम के कारण आमजनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी व उपभोक्ताओं संदीप चौहान, राजीव शर्मा, कुलदीप सिंह, राजन शर्मा, नरेश राय, विकी शर्मा, पूर्व प्रधान राजिंद्र गोगा, राजेंद्र, हैपी कुमार आदि ने बताया कि गोंदपुर बनेहड़ा में स्थापित एटीएम पर गांव सुमकाली, कुनेरन, ब्रहमपुर, भद्रकाली, नकड़ोह के उपभोक्ता निर्भर हैं लेकिन एटीएम लंबे अरसे से बंद होने से सभी को परेशान होना पड़ रहा है।

बताते चलें कि मुबारकपुर से दौलतपुर यानी लगभग 20 किमी तक केवल गोंदपुर बनेहड़ा बाजार में ही एटीएम की सुविधा है ओर इस एटीएम पर ही तमाम लोग पैसे निकलवाने का निर्भर है लेकिन लगभग चार महीनों से बंद पड़े इस



बंद पड़ा गोंदपुर बनेहड़ा में एटीएम।

एटीएम ने आमजनमानस की दिक्कतों को बढ़ा दिया है एटीएम की सुविधा अब न होने के कारण लोगों को पैसे निकालने के लिए मुबारकपुर या दौलतपुर का रुख करना पड़ रहा है जिससे आमजनमानस का समय बर्बाद हो रहा है।

स्थानीय उपभोक्ताओं, व्यापारियों व कर्मचारियों ने बैंक से आग्रह किया है कि इस समस्या को जल्द से जल्द खत्म किया जाए। उन्होंने बैंक प्रबंधन के उच्चाधिकारियों से इस समस्या का हल करने की मांग उठाई है।

## विधायक सत्ती ने पार्क का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने नगर निगम के रक्कड़ स्थित हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस एक में लोगों की सुविधा के लिए पार्क का लोकार्पण किया। इस पार्क को करीब 9 लाख की लागत से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पार्क के निर्माण से बुजुर्गों और महिलाओं को टहलने के लिए उचित स्थान उपलब्ध होगा, वहीं बच्चों को भी खेलने के लिए यहां वहां नहीं जाना पड़ेगा। विधायक ने कहा कि जल्द ही कॉलोनी के फेस 4 में भी पार्क निर्माण को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य विधानसभा क्षेत्र के हर कोने का विकास है और उसके लिए उन्होंने सदैव सर्वोत्तम प्रयास किए हैं। विधायक ने कहा कि वर्तमान सरकार के समय पिछले ढाई साल से हर तरह के विकास कार्यों को पूरी तरह रोक दिया गया है। हालत यह है कि मुख्यमंत्री भी लोगों को जवाब देने से बचने के लिए विधानसभा क्षेत्र में पैर तक नहीं डाल रहे। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय जो विकास कार्य जहां रुक गया था, वह आज भी वहीं पर खड़ा है। न तो वर्तमान सरकार विकास कार्यों को पूरा करने में दिलचस्पी दिखा रही है और न ही स्थानीय कांग्रेस के नेताओं को जनता के दुख दर्द से कुछ लेना देना है। विधायक ने कहा कि वह केंद्र सरकार के सहयोग से अपने विधानसभा क्षेत्र में हर विकास कार्य को पूरा करवाने का प्रयास कर रहे हैं और उन्हें केंद्र के आशीर्वाद से सफलता भी हासिल हो रही है। जबकि प्रदेश सरकार से तो खुद सरकार के मंत्रियों और विधायकों को ही कोई उम्मीद नहीं रह गई है। मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा ऊना जिला के प्रवास के दौरान भाजपा के गुटबाजी के हावी होने वाले ब्यान पर सत्ती ने तीखा पलटवार किया है। सत्ती ने कहा कि मुख्यमंत्री जनता का ध्यान भटकाने के लिए अक्सर इस तरह की बयानबाजी करते है जबकि उन्हें भाजपा पर बयानबाजी करने के स्थान पर अपना कुनबा संभालना चाहिए और लोगों को अपने अढ़ाई साल में किये गए कार्यों का लेखा-जोखा देना चाहिए।

इस मौके पर हिमुडा रेसिडेंट्स वेल्फेयर एसो. के अध्यक्ष देसराज, रामदेव अग्निहोत्री, ग्राम पंचायत टब्बा के उपप्रधान रशपाल सिंह, पंचायत सदस्य उमंग ठाकुर, मोनिका मनकोटिया, अजय शारदा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित जोशी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।


विधायक सतपाल सत्ती पार्क का लोकार्पण करते हुए।

## भ्रष्टाचार से मुक्त हुआ कुटलैहड़ : मिंका

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका ने कुटलैहड़ क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा विक्कू की आम जनता से मिलनसार सभी और दुख दर्द में शामिल होने के प्रयासों से कुटलैहड़ में भय और भ्रष्टाचार का माहौल समाप्त हुआ। गांव में हर तरफ विकास हो रहा है और प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जिस तरह विधायक विवेक शर्मा की पीठ को थप्पथपाया यह बात सिद्ध होती है कि कुटलैहड़ में आने वाला समय एक विकास की गाथा को लिखेगा और हिमाचल के मानचित्र पर भी कुटलैहड़ क्षेत्र के विकास की गाथाओं का गुणगान किया जाएगा। कुटलैहड़ महोत्सव का आयोजन हुआ और पूरी जनता ने मेले में शामिल होकर जोश दिखाया वह विधायक की सोच और युवाओं के प्रति स्नेह प्रकट करता है।



## निर्धन परिवार की महिला की बीमारी के कारण दयनीय हालत

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** उपमंडल अम्ब के तहत पंचायत चकसराय, तहसील अंब, जिला ऊना की निवासी रेनू बाला पत्नी सुनील कुमार पिछले तीन वर्षों से गंभीर रूप से बीमार हैं।

डॉक्टरों के अनुसार उनके फेफड़े 90 फीसदी तक क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और उनका इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है। परिवार की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। सुनील पहले नौकरी करता था, लेकिन पत्नी की गंभीर हालत और देखभाल की आवश्यकता के चलते उसे नौकरी छोड़नी पड़ी। इस कारण परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा है।

जैसे ही इस कठिन परिस्थिति की जानकारी सर्वहितकारी सभा पंजोआ को मिली, सभा के सभी सदस्य इस मौके पर चैयरमेन मदन धीमान, कुशल धीमान, बलविंद्र सिंह, फतेह सिंह, लखविंद्र सिंह तुरंत रेनू बाला के घर पहुंचे। सभा ने तत्काल 5100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की और आगे भी हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

सभा के इस मानवीय कार्य की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। यह एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि समाज जब एकजुट होकर किसी जरूरतमंद की सहायता करता है, तो उम्मीद की किरण फिर से जाग उठती है।


पीड़ित महिला की सहायता करते संस्था के प्रतिनिधि।

## सतपाल भानू एलआईसी के प्रबंध निदेशक बने

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति के सत पाल भानू को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, भारत सरकार के आदेश दिनांक 7 जून 2025 के अनुसार, भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक सत पाल भानू को निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।



यह दायित्व 08 जून 2025 से आगामी तीन माह की अवधि तक, या नियमित नियुक्ति होने तक, अथवा अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) प्रभावी रहेगा।

उनकी यह अंतरिम कार्यभार भारतीय जीवन बीमा निगम में संगठनात्मक स्थिरता एवं प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करेगी।

**पर्यटक** छुट्टियों का आनंद लेने हिमाचल के विभिन्न हिस्सों में पहुंच रहे पर्यटक

# पर्यटकों को खूब लुभा रहा रायपुर मैदान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला ऊना सहित पंजाब में इस समय स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां चल रही हैं। वहीं छुट्टियों का आनंद लेने अभिभावक पंजाब सहित हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक जिला ऊना की कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के रायपुर मैदान का एक होटल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

यहां पर छोटे-छोटे बच्चों से लेकर अभिभावकों तक के लिए छोटे बड़े आकृषण सहित हिमाचली संस्कृति पंजाबी सांस्कृतिक सहित छोटे-छोटे बच्चों के खेलने कूदने से तैराकी के शौकीन स्विमर के लिए वाटर स्पोर्ट्स सैंटर का भी निर्माण करवाया गया है।

वहीं पर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के पौंड डैम वाटर स्पोर्ट्स सैंटर की जूनियर स्विमर व कुटलैहड़ की बेटी मानसी राणा ने रविवार को जहां पर टीम सदस्यों सहित वाटर स्पोर्ट्स सैंटर में तैराकी का आनंद लिया, वहीं पर बाहर से आए हुए पर्यटकों के छोटे-छोटे बच्चों सहित अभिभावकों को स्विमिंग के गुर सिखाए व बताया कि आज के समय में हर किसी को स्विमिंग आनी चाहिए, खास कर बेटियों को।



**तैराकी के शौकीन स्विमर के लिए वाटर स्पोर्ट्स सेंटर का करवाया गया है निर्माण**

इस मौके पर मानसी राणा तथा रागिनी परमार ने बच्चों को स्विमिंग सिखाई तथा स्विमिंग पूल का निर्माण करवाने वाले सी राक होटल के प्रबंधक अभय पराशर व टीम सदस्यों का सहयोग करने पर आभार व्यक्त किया। झील पर बने होटल रायपुर के प्रबंधक अभय पराशर का कहना है कि यहां पर आने वाले सभी पर्यटकों सहित क्षेत्र की आम जनता को सी राक होटल में पुरा सहयोग दिया जाता है।

वहीं पर होटल व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाता है। वहीं पर यहां पर सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। किसी भी पर्यटक को कोई भी दिक्कत नहीं आएगी।

## प्रदेश सरकार की सांसें केंद्र की ऑक्सीजन पर : चैतन्य

**अनंत ज्ञान, घनारी।** पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता चैतन्य शर्मा ने मुख्यमंत्री के गगरेट दौरे को पूरी तरह फ्लॉप करार देते हुए प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 'प्रदेश सरकार की सांसें केंद्र सरकार की ऑक्सीजन पर चल रही हैं', लेकिन योजनाओं का श्रेय खुद लेने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

चैतन्य शर्मा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन किए गए 75 करोड़ रुपये के कार्यों में अधिकांश धनराशि केंद्र सरकार की है। उन्होंने कहा, 'प्रदेश सरकार ने सिर्फ 80 लाख रुपए खर्च किए, बाकी पूरी राशि केंद्र सरकार की ओर से मिली है।' शर्मा ने यह भी सवाल उठाया कि इन परियोजनाओं में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का नाम कहीं भी पट्टिका पर क्यों नहीं था, जो कि स्पष्ट रूप से प्रोटोकॉल का उल्लंघन है।

चैतन्य शर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि विधायक राकेश कालिया को टिकट न मिलने के पीछे राजनीतिक षड्यंत्र है। उन्होंने सवाल किया, 'क्या यह सच नहीं है कि मुख्यमंत्री ने खुद मुझे चुनाव लड़ने को कहा था?' मुख्यमंत्री फूट की बात करते है लेकिन जितनी फूट कांग्रेस में उतनी दूसरी किसी पार्टी में नहीं है क्या ये झूठ है जब मैं विधायक था तब प्रदेश के लोक निर्माण विभाग का गगरेट में दौरा प्रस्तावित था तब उसे खुद मुख्यमंत्री ने ही कैंसल करवाया था क्यों ?

# ट्रैफिक जाम से निपटने को नाकाफी इंतजाम

## समर सीजन ने पकड़ी रफ्तार, भुंतर से मणिकर्ण व बंजार से लेकर तीर्थन तक घंटों तक थम रहे वाहनों के पहिए

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** जिले में समर सीजन ने रफ्तार पकड़ ली है। पर्यटक वाहनों की आमद भी दो गुना बढ़ने लगी है। रोजाना जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों में हजारों की संख्या में पर्यटक वाहन पहुंच रहे हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या गहरा गई है।

आलम यह है कि ट्रैफिक जाम के कारण अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल से लेकर मनाली तक जाम लग रहा है। वहीं, भुंतर- मणिकर्ण सड़क पर भी यही हालात रोजाना देखने को मिल रहे हैं और कई-कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। उधर, बंजार से लेकर जिभी व तीर्थन घाटी तक कई-कई घंटों तक जाम के कारण वाहनों के पहिए थम रहे हैं, जिस कारण पर्यटकों सहित आम जनता को भी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। ऐसे में जिला पुलिस-प्रशासन की ओर से समर सीजन के चलते ट्रैफिक समस्या से निपटने को लेकर किए गए इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। वहीं, पर्यटन नगरी मनाली में समर सीजन में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने को 100 होम गार्ड व 100 अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात किए जाते थे, लेकिन इस बार एक भी अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात नहीं है, जबकि होम गार्ड भी 100 में से 50 ही तैनात किए गए हैं। बढ़ती पर्यटक वाहनों की संख्या के आगे मनाली की सड़कें छोटी पड़ रही है। पुलिस जवान न होने से यह समस्या और गंभीर हो गई है। जवानों की कमी के कारण जगह-जगह चालक ओवर टेक कर मनमानी कर रहे हैं, जिस कारण भारी ट्रैफिक जाम लग रहा है। माता हिडिंबा मंदिर व क्लब हाउस की ओर से टैम्पो-ट्रेवलर बंद करने से जाम की समस्या कम हुई है, लेकिन रांगड़ी से मनाली, प्रीणी अलेउ से मनाली और मनाली से पलचान तक ट्रैफिक जाम की भारी समस्या गहरा गई है। पलचान से रोहतांग दर्रे तक भी जाम लग रहा है। दर्रे में जाम लगने से पर्यटक परेशान हो रहे हैं।

मनाली से नेहरूकुंड तक सुबह के समय कोट बूट की दुकानों के आगे वाहन बेतरतीव ढंग से खड़े हो रहे हैं, जिस कारण ट्रैफिक की समस्या उतपन्न हुई है। पुलिस जवानों की कमी के कारण इन वाहन चालकों पर शिकंजा नहीं कसा जा रहा है। उझी घाटी के निवासी डोले राज, पूर्ण चंद, वेद राम, तुला, गोकल व सुरेंद्र का कहना है कि पर्यटक वाहन बढ़ते ही मनाली में पुलिस जवानों की कमी खल रही है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि होम गार्ड की संख्या बढ़ाई जाए और अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात किए जाएं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि 100 में से 50 होम गार्ड ही सेवाएं दे रहे हैं, जबकि कोई भी अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात नहीं है। बावजूद इसके पुलिस देर रात तक सेवाएं दे रही है और ट्रैफिक को सुचारु रखने के हर संभव प्रयास कर रही है। लिहाजा, कुल्लू-मनाली-मणिकर्ण व बंजार घाटी के विभिन्न पर्यटन स्थलों में जहां पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं, ट्रैफिक समस्या भी इस कारण गहरा गई है, लेकिन इस समस्या से निपटने को लेकर सरकार, प्रशासन व पुलिस गंभीर नहीं दिख रहे, जिसका खामियाजा पर्यटकों सहित आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।


भुंतर-मणिकर्ण सड़क मार्ग पर ट्रैफिक जाम के कारण लगी वाहनों की लंबी कतारें।


अटल-टनल के अंदर लगी वाहनों की लंबी कतारें।

# एनएच-305 की हालत जल्द सुधारी जाए : गुमान सिंह

**अनंत ज्ञान, बंजार।** हिमालय नीति अभियान के संयोजक गुमान सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-305 की हालत दयनीय बनी हुई है। इस कारण जहां हमेशा हादसों का खौफ सता रहता है। वहीं, ट्रैफिक जाम की स्थिति भी लगातार बन रही है। उन्होंने कहा कि समर सीजन के चलते इस मार्ग में हजारों की संख्या में पर्यटक गाड़ियां पहुंच रही हैं, जिस कारण यहां जाम की स्थिति बन रही है। उन्होंने कहा कि सड़क पर कई सालों से न तो टारिंग का काम हुआ है और न ही इसकी चौड़ीकरण का काम किया गया, जबकि यह सड़क वर्ष 2012 से राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित है। सड़क की दयनीय हालत को देखते हुए स्थानीय जनता ने विरोध प्रदर्शन भी किया था, लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी उस समस्या को गंभीरता से लें और इस सड़क की स्थिति सुधारे। वहीं, उन्होंने चेताया है कि यदि जल्द सड़क की हालत नहीं सुधरी, तो जनता आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

# सीएम साहब! दुग्ध सोसायटियों को जल्द जारी किया जाए बजट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सीएम साहब! कुल्लू जिले के दुग्ध उत्पादकों को जल्द मासिक बजट जारी करने के निर्देश जारी करें।

यह मांग जिला कुल्लू दुग्ध उत्पादकों की है, जिन्हें पिछले पौने दो माह से अभी तक मासिक बजट नहीं मिल पाया है। सनद रहे कि दुग्ध सोसायटियों को पिछले पौने दो माह से मासिक बजट जारी नहीं हुआ है। इस कारण जिला कुल्लू की दुग्ध सोसायटियों से जुड़े दुग्ध उत्पादकों को दिक्कत झेलनी पड़ रही हैं। बजट नहीं मिलने के कारण जिले के दुग्ध उत्पादक पशुओं के लिए चारा और फीड की व्यवस्था भी नहीं कर पा रहे हैं। सनद रहे कि जिला कुल्लू से 200 से अधिक दुग्ध सोसायटियां दूध का कारोबार कर रहीं हैं और मिल्क फेडरेशन को रोजाना 40,000 लीटर दुध उपलब्ध करवाती हैं। इन सोसायटियों का पिछले पौने दो माह से छह करोड़ का बजट लंबित चल रहा है, जिस कारण सोसायटियों के संचालन में परेशानी आ रही है। वहीं, इन सोसायटियों के माध्यम से दूध को बेचकर आर्थिक स्थिति को सुधारने में लगे पशुपालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही

**जिले** के पशुपालक रामलाल, आलम चंद, सोमा देवी, निहारणू देवी, शांति, अशोक, बुधराम, सूरत राम, मोहर सिंह, अनिल, वेदप्रकाश, गुड्डू राम ने कहा कि पिछले पौने दो माह से सोसायटियों की ओर से उन्हें उनके दूध की कीमत नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि सोसायटियों के अधिकारी का इस संबंध में कहना है कि उन्हें मिल्क फेडरेशन ने बजट जारी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि दूध की कीमत न मिलने से आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा पशुओं के चारे के अलावा फीड आदि का इंतजाम करने में भी दिक्कत आ रही है। उन्होंने मांग की है कि जल्द फेडरेशन बजट जारी करें।

> **सोसायटियों** और पशुपालकों को परेशानी न आए। इस बात का ध्यान रखा जाएगा। बजट क्यों जारी नहीं हुआ है। इसकी रिपोर्ट फेडरेशन के अधिकारियों से मांगी जाएगी।
>
> **बुद्धि सिंह ठाकुर, चेयरमैन मिल्क फेडरेशन हि.प्र.।**

# कुल्लू अस्पताल में मास्क पहनना अनिवार्य

**भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाने से लोग करें परहेज**

**स्वास्थ्य विभाग ने सोशल डिस्टेंसिंग व नियमित हैंडवॉश करने की अपील की**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पूरे देश भर में कोरोना वायरस वेरिएंट एनबी 1.8.1 और एलएफ-7 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश सरकार की तरफ से सभी स्वास्थ्य संस्थानों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है।

इसी कड़ी में कुल्लू जिला क्षेत्रीय अस्पताल में अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अस्पताल परिसर में मास्क लगाना अनिवार्य किया गया है और लोगों के लिए कोविड गाइडलाइन जारी की गई है कि लोग दो गज दूरी रखें और नियमित हैंड वॉश करें, भीड़भाड़ वाले स्थान पर जाने से परहेज रखें।। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ताराचंद ने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा कोविड को लेकर, जो गाइड लाइन जारी की गई है। उसकी पालना करते हुए अस्पताल में मास्क लगाना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि मरीज और तीमारदार के साथ-साथ सभी स्टाफ के कर्मचारियों को गाइडलाइन का पालन करने के लिए आदेश दिए गए हैं।

कोविड के नए वेरिएंट के बाद क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क जरूरी किया गया है। गाइडलाइन के हिसाब से लोगों को दो गज दूरी, नियमित हाथों की सफाई और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में न जाने के लिए गाइडलाइन जारी की गई हैं। क्षेत्रीय स्तर कुल्लू में कोविड के इलाज के लिए पीपीई किट, दवाइयां, ऑक्सीजन सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में हैं। ऐसे में अस्पताल में कर्मचारियों को भी आदेश दिए गए हैं कि कोई भी सर्दी, जुकाम से पीड़ित व्यक्ति संदेह के घेरे में है, तो उसका रेपिड टेस्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी मरीज सर्दी, जुकाम इंफ्लूएंजा से पीड़ित है, उनका टेस्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। आने वाले समय में आरटीपीसीआर टेस्ट भी करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल पर्याप्त मात्रा में हमारे पास कोविड से संबंधित सभी उपकरण उपलब्ध हैं और उच्च अधिकारियों को भी जरूरी उपकरणों के लिए पत्राचार किया गया है। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले में अभी तक कोविड के नए वेरिएंट का कोई भी मामला नहीं है।

# मेडिकल बिलों व पेंशन एरियर की लंबित राशि का जल्द करें भुगतान : टीडी ठाकुर


हिमाचल पेंशनर्स महासंघ नग्गर खंड की बैठक के दौरान पदाधिकारी व सदस्य।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

हिमाचल पेंशनर्स महासंघ नग्गर खंड की विशेष बैठक रविवार को आयोजित हुई।

बैठक में जहां पेंशनर्स से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं, बैठक में सभी सदस्यों के द्वारा प्रदेश पेंशनर महासंघ के नवनिर्वाचित महासचिव टीडी ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान पूर्ण देव शर्मा तथा अन्य सदस्यों को कुल्लवी टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रदेश महासचिव टीडी ठाकुर ने प्रदेश सरकार से पेंशनर्स की डीए एरियर की सभी किस्तों, मेडिकल बिलों तथा पेंशन एरियर की लंबित राशि का जल्द भुगतान करने की मांग की। इस अवसर नग्गर खंड के उपप्रधान ओम प्रकाश शर्मा, शिकायत निवारण समिति के चेयरमैन जय गोपाल शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार नारायण सिंह ठाकुर, खंड सचिव अजीत स्नेही, प्रेस सचिव हीरालाल ठाकुर, कोषाध्यक्ष निर्मल चंद, हरबंस शर्मा, तेज सिंह, धनीराम, अनूप ठाकुर, टशी पाल्मो, त्रिप्ता गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रकृति से जुड़ाव व ध्यान का अभ्यास किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

ब्रह्माकुमारी मेडिटेशन सेंटर कुल्लू और कृषि अपडेट्स की ओर से रविवार को नेचर पार्क मोहल में नेचर ट्रेल्स का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रतिभागियों ने प्रकृति से जुड़ाव किया, ध्यान का अभ्यास किया और स्थिरता पर विचार किया। सत्र की शुरुआत प्रतिभागियों के बीच बातचीत और एक-दूसरे को जानने के साथ हुई, जिसके बाद ब्रह्माकुमारी बीके किरण बहन द्वारा राजयोग का अभ्यास कराया गया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने खड़े होकर 20 मिनट तक प्रकृति की सैर की। इस दौरान प्रत्येक प्रतिभागी ने करुणा के साथ प्रकृति के कंपन को महसूस किया और हर चीज के लिए प्रकृति को धन्यवाद दिया। इस दृष्टिकोण का उद्देश्य प्रकृति और उसके तत्वों के साथ परस्पर जुड़ाव बनाना था और सभी को यह समझने का अवसर प्रदान करना था कि हमारा लालच किस तरह प्रकृति को प्रभावित कर रहा है। सत्र के अंत में सभी प्रतिभागी नेचर पार्क के एक केंद्रीय स्थल पर एकत्रित हुए, सत्र के दौरान अपने अनुभवों पर विचार किया तथा नेचर एवं उसके सभी तत्वों के संरक्षण की शपथ ली। सत्र में लगभग पचास (50) प्रतिभागियों ने भाग लिया और अंत में सभी ने भविष्य में ऐसे और सत्र आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की। कृषि अपडेट्स डिजिटल कृषि मॉडल प्राकृतिक के प्रति करुणा और सिस्टम थिंकिंग (अंतरनिर्भरता की समझ) विकसित करके, एक निष्पक्ष और अधिक सामंजस्यपूर्ण हिमालयी समुदायों की ओर ले जाने वाले परिवर्तन को प्रेरित करता है। इसे प्राप्त करने के लिए, कृषि अपडेट्स सामाजिक शिक्षण नेटवर्क विकसित करता है, सहकर्मी से सहकर्मी सीखने की सुविधा प्रदान करता है और समुदायों को आवश्यकता आधारित मिश्रित प्रशिक्षण प्रदान करता है, ताकि टिकाऊ पर्वतीय कृषि के लिए समाधान तैयार किया जा सके।


नेचर पार्क मौहल में आयोजित नेचर ट्रेल्स के दौरान गणमान्य लोग।

# बंजार घाटी का युवक महिला की ठगी का शिकार

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू के बंजार में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, यहां पर एक महिला ने घाटी के एक युवक को प्रेम के जाल में फंसाकर उसके साथ चौथी शादी की और उसके कुछ महीनों बाद पैसे व सोना-चांदी लेकर फरार हो गई। घाटी का यह युवक शादी और विश्वास के नाम पर बड़ी ठगी का शिकार हो गया है। जानकारी के अनुसार एक शातिर महिला ने चौथी बार दुल्हन बनकर कुछ ही महीनों में अपने पति को बड़ा बिजनेसमैन बनाने का सपना दिखाया और उसकी 18 बिस्वा पुश्तैनी जमीन बेचकर करीब अढ़ाई लाख रुपए अपने खाते में डलवाकर हड़प लिए। इसके बाद वह 20 हजार रुपए नकद और सोने-चांदी के गहने लेकर फरार हो गई। पतलीकूहल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दुल्हन को धर-दबोचा है और उसे थाने लाया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक ने बताया कि उसने वर्ष 2024 में बालीचौकी क्षेत्र की एक महिला से शादी की थी। यह शादी महिला के भाई की सिफारिश पर हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही महिला ने पीड़ित युवक को उसकी पुश्तैनी 18 बिस्वा जमीन बेचने के लिए उकसाना शुरू कर दिया, जब जमीन बिक गई, तो उसने 2.50 लाख रुपए अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित युवक ने बताया कि जब भी वह अपनी पत्नी से पंचायत में उसका नाम दर्ज करवाने की बात करता, तो वह हर बार टालमटोल करती रहती थी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि अप्रैल 2025 में उसकी पत्नी अचानक घर से 20 हजार रुपए नकद और अन्य कीमती आभूषण लेकर गायब हो गई। बाद में उसे पता चला कि जिस महिला से उसने शादी की थी, उसकी पहले भी तीन शादियां हो चुकी थीं और यह उसकी चौथी शादी थी। उधर, डीएसपी केडी शर्मा ने पुष्टि की है कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भागी हुई दुल्हन को पकड़ लिया है। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है, ताकि इस ठगी के पीछे की पूरी साजिश का खुलासा हो सके और अन्य संभावित पीड़ितों का पता लगाया जा सके।


कुल्लू में मौसम खुलते ही गेहूं की कटाई शुरू हो गई है। गेहूं पीठ पर उठाकर ले जाते हुई महिला।

# देवताओं की विदाई के साथ राई जाच मेला संपन्न

**अनंत ज्ञान आनी**

निरमंड खंड के अरसु का दो दिवसीय राई जाच मेला रविवार को देवी-देवताओं की भावभीनी विदाई के साथ धूमधाम से संपन्न हो गया। मेले के समापन पर आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मेले के दौरान खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

इसमें क्रिकेट, वालीबॉल, महिला रस्साकशी, लोक नृत्य, एक गान और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन फ्रेंड्स स्पोर्ट्स क्लब द्वारा किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का भी विधिवत समापन मेले के समापन के साथ हुआ। मेले में कोट के देवता माटी सिंह, बाड़ी की दुर्गा माता, राई के नाग देवता और जाहरु के नाग देवता ने शिरकत की। दो दिवसीय मेले के दौरान पारंपरिक वेशभूषा में ग्रामीणों ने मेले में लोकनृत्यों, खेलकूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद उठाया। मेले के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं का भी आयोजन किया गया।

इसमें लोक गायकों अमर राठौर, टीआर कश्यप, बिट्टू राज आदि ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मेले हमारी प्राचीन एवं गौरवमयी संस्कृति के प्रतीक हैं। इस ग्रामीण मेले के आयोजन में स्थानीय जनता और देव समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने मेले और खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर विधायक ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है, न तो सरकार के पास किए गए कामों और कल्याणकारी योजनाओं को देने के लिए धन है, न ही गारंटियों को पूरा कर पा रही है। सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित रह गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने आनी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को हाशिये पर धकेल दिया है। विकास को मानो ब्रेक जी लग गई है। उन्होंने आनी और निरमंड क्षेत्र की जनता, खासकर युवा वर्ग से नशे से दूर रहने और नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया है।


आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार महिला को सम्मानित करते हुए।

# नोर, झलैर, बागा सराहन में किसानों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, आनी।** विकसित भारत-2047 के तहत चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत निरमंड खंड के तीन गांव नोर, झलैर और बागा सराहन में जागरूकता शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य किसानों को बागवानी और पशुपालन के उन्नत वैज्ञानिक तरीकों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा, कुल्लू से आए विशेषज्ञ डॉ. रमेश राणा और डॉ. सुरेंद्र कुमार ने किसानों को खेती और पशुपालन से जुड़ी नई तकनीकों की जानकारी दी। डॉ. राणा ने जलवायु अनुकूल फसलों का चयन, कीट प्रबंधन और कटाई उपरांत तकनीकों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. सुरेंद्र कुमार ने दुग्ध उत्पादन, पशुओं के पोषण और बीमारियों की पहचान जैसे विषयों पर किसानों को प्रशिक्षित किया। शिविरों में लगभग 300 किसानों ने भाग लिया। किसानों के सवालों के उत्तर विशेषज्ञों द्वारा दिए गए और उन्हें पेंपलेट व प्रशिक्षण सामग्री भी वितरित की गई। कृषि विभाग, निरमंड के अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर किसानों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने में मददगार हैं। कार्यक्रम में कृषि विकास अधिकारी करम चंद, खंड तकनीकी प्रबंधक संजय कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक अनिल कुमार व ग्राम पंचायत नोर सराहन के किसान भी उपस्थित रहे।

**आयोजन** एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना में मनाया पर्यावरण दिवस

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर वैश्विक टूगेदर वी कैन बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन के अंतर्गत परियोजना की विभिन्न साइटों पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

परियोजना प्रमुख रणजीत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जीवन शैली तथा ऊर्जा संरक्षण पर जोर देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, परियोजना के विभिन्न स्थलों पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पार्बती नगवाई कार्यालय परिसर में परियोजना प्रमुख रणजीत सिंह, द्वारा पौधरोपण किया गया। साजन मोईद्दीन, महाप्रबंधक(यांत्रिक), पवन कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (सिविल), सुशील कुमार, महाप्रबंधक(सिविल), आरएस रावत, उपमहाप्रबंधक (वित्त), अरविंद कौशिक, उपमहाप्रबंधक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। हरित पहल को आगे बढ़ाते हुए, राजीव, अनुज शर्मा, महाप्रबंधक (सिविल), विजय कृष्ण, महाप्रबंधक (सिविल), राहुल खन्ना, महाप्रबंधक (भू-विज्ञान) द्वारा परियोजना के बांध साइट, मणिकर्ण परिसर में पौधरोपण किया गया। के शाजी, महाप्रबंधक (बिजली) प्रभारी-पावर हाउस, प्रवीण कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), संतोष कुमार, महाप्रबंधक (बिजली) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा परियोजना के पावर हाउस साइट, सैंज में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में एंजेलो जया शीली डोमाथोती, वरिष्ठ प्रबंधक (पर्यावरण) ने इस वर्ष की वैश्विक थीम के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कार्मिकों के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो कि पर्यावरणीय विषय पर केंद्रित थी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बचपन से ही बच्चों में पर्यावरण के बारे में जागरूकता सृजित करना था।


पार्बती नगवाई कार्यालय में परियोजना प्रमुख रणजीत सिंह सहित अन्य पौधरोपण करते हुए।

# किसान संघ का लक्ष्य देश के 6 लाख गांव तक पहुंचना : पैना राम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारतीय किसान संघ कुल्लू खंड द्वारा एक किसान प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में जैविक कृषि और संगठन के विस्तार से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड के अध्यक्ष पैना राम और खंड मंत्री फतेह सिंह ने की। इसमें किसानों को प्रशिक्षण वर्ग के बारे में विवरण बताया गया।

यह प्रशिक्षण वर्ग 50 से अधिक किसानों के लिए आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में जैविक कृषि और संगठन के विस्तार के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। पैना राम ने किसानों को बताया कि भारतीय किसान संघ देश का सबसे बड़ा किसान संगठन है। किसान संघ का लक्ष्य देश के 6 लाख गांवों तक पहुंचना है और कहा कि किसान संघ की नीतियों के बारे में जानकारी दी। इस प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य किसानों को जैविक कृषि के बारे में जानकारी देना था। किसानों को संगठन के विस्तार के बारे में जानकारी देना और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास करना और किसानों को प्रदेश भर में आ रही समस्याओं के बारे में अवगत करवाना था। इस दौरान बीते वर्ष में भारतीय किसान संघ ने कहां-कहां प्रदेश में और क्या-क्या उपलब्धियां हासिल की, इसके बारे में जानकारी दी और खंड में चलने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया गया।


भारतीय किसान संघ के आयोजित किसान प्रशिक्षण वर्ग के दौरान संघ के सदस्य।

## नेहरू युवा मंडल धाराबाग ने खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

# मढ़ेलू युवा मंडल भदराल बना वॉलीबाल चैंपियन

**अनंत ज्ञान, निरमंड**

युवा सेवा एवं खेल विभाग जिला कुल्लू के सौजन्य से नेहरू युवा मंडल धाराबाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस दौरान वॉलीबाल, कबड्डी और खो- खो के मैच करवाए गए। मुख्यातिथि चमन राव (वन मंडल अधिकारी लुहरी) द्वारा देवदार का पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि के साथ अन्य अतिथियों में विनोद नेगी (वन परिक्षेत्र अधिकारी निरमंड), रणजीत ठाकुर (उपप्रधान ग्राम पंचायत जुआगी), दयाराम और रोशन लाल ( सेवानिवृत्त बीओ वन विभाग) डोला राम (बीओ अर्सू) दिनेश कुमार (रोगी कल्याण समिति सदस्य) ग्राम पंचायत जुआगी के सचिव और सभी वार्ड सदस्य इसके अलावा वन विभाग की पूरी टीम उपस्थित रही। मुख्यातिथि वन मंडल अधिकारी चमन राय द्वारा सभी प्रतिभागियों को नशे से दूर रहने और खेलों की ओर प्रेरित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी सामाजिक संस्थाओं को पहल करनी चाहिए। यदि जंगल होंगे, तभी हमें स्वच्छ हवा, शुद्ध पानी और निर्मल वातावरण मिल सकता है। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जंगलों को आग से बचाने और वन्य प्राणी के संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए। इस दौरान युवा मंडल प्रधान मुकेश मेहरा द्वारा इस माह आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोध दिवस के संदर्भ में सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता में पहला स्थान मढ़ेलू युवा मंडल भदराल और दूसरा स्थान युवा मंडल जुआगी ने प्राप्त किया, जबकि कबड्डी में युवा मंडल शील ने पहला स्थान, जबकि नेहरू युवा मंडल धाराबाग ने दूसरा स्थान झटका।

खो-खो प्रतियोगिता में पहले स्थान पर युवा मंडल बाहचा, तो दूसरे स्थान पर युवा मंडल प्रांगचा रहा। इस प्रतियोगिता में युवा मंडल भदराल, प्रांगचा, जुआगी, धाराबाग, बाहचा , शील और महिला मंडल धाराबाग, प्रांगचा, बाहचा के साथ अमृत कलश एनजीओ की टीम ने हिस्सा लिया। विभाग द्वारा विजेता टीम और सभी प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।


नेहरू युवा मंडल धाराबाग के आयोजित कार्यक्रम के दौरान नृत्य करती महिलाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### आधुनिक, वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सराहां।** नारग में गिरि गंगा परियोजना के तहत किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से एक किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बायर कंपनी के सब्जी बीज अनुभाग सेमिनिस के सौजन्य से आयोजित शिविर में संजय धर रिजनल बिजनस मैनेजर ने बताया कि नारग में आयोजित इस किसान जागरूकता शिविर में लगभग 150 किसानों ने भाग लिया। इसमें महिलाओं की सहभागिता अधिक रही, जो अपने आप में इस बात का संकेत है कि अब इस क्षेत्र की महिलाएं कृषि में अपनी रूचि दिखा रही हैं। इस शिविर में विशेष रूप से पोल की खेती पर विस्तार से चर्चा की गई, जैसे बिजाई से पहले खेत की तैयारी, बिजाई का समय, खाद व कीट नाशकों को डालने का समय व फसल के तैयार होने के बाद उसके तुड़ान व मार्केट तक पहुंचाने तक की जानकारी दी गई। ऐसे शिविरों का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी देकर उन्हें आदर्श किसान बनाना है, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके और किसान आत्मनिर्भर बन सके। उनका कहना था कि हिमाचल में सिरमौर जिला व सोलन सबसे बड़े सब्जी उत्पादक जिले हैं और आज इस जागरूकता शिविर में यहां किसानों को कंपनी से आए कृषि विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। सभी विशेषज्ञों का कहना था कि आज के समय में बाजार में किसान का उत्पाद जितना अधिक गुणवत्ता पूर्ण होगा, उतना अधिक मूल्य किसान को मिलेगा।

### टैक्सी ऑपरेटर यूनियन ने लगाया भंडारा



**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल टैक्सी यूनियन सोलन का 36वां विशाल भगवती जागरण व भंडारा रविवार को ओल्ड बस स्टैंड सोलन में संपन्न हुआ। टैक्सी यूनियन ने शनिवार शाम को ज्वालाजी से अखंड ज्योत माता के पंडाल में प्रज्वलित की। स्थानीय कलाकारों ने देर रात तक भजन-कीर्तन किया, जिसमें मंत्रमुग्ध होकर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। जागरण के दौरान बाहर से आमंत्रित भजन मंडलियों ने विभिन्न प्रकार की झांकियां प्रस्तुत की, जिसका दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। सुबह करीब 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया। इसमें सोलन नगर व आसपास के स्थानीय क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यूनियन के प्रधान कमल कुमार, कोषाध्यक्ष नीतीश शर्मा, उपप्रधान मदन लाल, सचिव अमरदीप पांजा, अतिरिक्त सचिव कमलजीत, वरिष्ठ ओपरेटर शालगी राम, इसके अलावा यूनियन के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं का ध्यनवाद किया।

### कृषि उपज मंडी समिति को एफएसएसएआई प्रमाणन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कृषि उपज मंडी समिति पांवटा साहिब को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा प्रमाणित कर दिया गया है। यह उपलब्धि मंडी समिति को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सिफारिश के बाद मिली है। मंडी समिति ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरा उतरकर यह प्रमाणन हासिल किया है। मंडी समिति की सचिव रश्मि भटनागर ने बताया कि अप्रैल और मई के दौरान एफएसएसएआई की टीम ने पांवटा साहिब मंडी का निरीक्षण किया और विभिन्न खाद्य सामग्री के सैंपल लिए। सभी सैंपल मानकों पर खरे उतरे, जिसके बाद 29 मई को मंडी समिति को आधिकारिक रूप से प्रमाणित कर दिया गया। प्राप्त प्रमाणन 29 मई 2027 तक वैध रहेगा। सचिव रश्मि भटनागर ने इसे मंडी के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि इससे खाद्य सुरक्षा को लेकर मंडी की विश्वसनीयता और अधिक बढ़ेगी।

### जमीन मालिकों को मिलेगा उचित मुआवजा

**अशीष, अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सब उपमंडल पंचायत सुधार सभा दाड़लाघाट की महत्वपूर्ण बैठक में उच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण फैसले पर चर्चा की गई। महासचिव प्रेम केशव ने बताया कि उच्च न्यायालय ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को भूमि अधिग्रहण के मामलों में राइट टू फेयर कंपनसेशन एंड ट्रांसपेरेंसी एक्ट-2013 के तहत मुआवजा देने के आदेश जारी किए। सरकार ने एक अप्रैल 2015 को एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण मुआवजे में फैक्टर वन लागू किया गया था। उच्च न्यायालय के फैसले से अब जमीन मालिकों को 2013 के भूमि अधिग्रहण नियम के तहत डबल फैक्टर में मुआवजा दिया जाएगा। बैठक में सभा ने उच्च न्यायालय के इस महत्वपूर्ण जनहित फैसले की सराहना की और कहा कि इससे जमीन मालिकों को उनके हक में उचित मुआवजा मिलेगा। इस फैसले से उन जमीन मालिकों को फायदा होगा, जिनकी भूमि विभिन्न योजनाओं में अधिग्रहित की गई है। दिला राम ठाकुर, खजाना राम, प्यारे लाल, मनोज शर्मा, गुलाबा राम, तुलसी राम, रोशन, प्रेम केशव आदि लोगों ने फैसले का स्वागत किया। महासचिव प्रेम केशब ने बताया कि इससे प्रभावित लोगों को न्याय मिलेगा।

### डॉ. आईडी राही बने प्रधान, दिनेश जिला महासचिव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** स्कूल प्रवक्ता संघ सिरमौर की आम सभा डाइट नाहन में हुई। आमसभा में वर्तमान प्रधान सुरेंद्र पुंडीर को राज्य कार्यकारिणी में चेयरमैन बनने से खाली हुए पद को लेकर चुनाव हुए। सर्वप्रथम वरिष्ठ उपप्रधान ओम प्रकाश शर्मा ने सभा में उपस्थित सभी चुनाव अधिकारियों और प्रवक्ता साथियों का स्वागत किया और पूरे सदन की ओर से सुरेंद्र पुंडीर को राज्य स्तर पर चेयरमैन बनने पर बधाई दी। उसके बाद लगभग दो दर्जन प्रवक्ता साथियों ने अपनी बात रखी। जिला प्रधान सुरेंदर पुंडीर ने अपना त्याग पत्र सौंपा, महासचिव डॉ. आईडी राही, वित्त सचिव एवं विजय वर्मा ने भी अपना त्यागपत्र सौंपा, जिन्हें सदन द्वारा स्वीकार किया गया। उसके बाद डॉ. आईडी राही पूर्व जिला महासचिव ने बैठक के मुख्य एजेंडे जिले की नई कार्यकारिणी के गठन को सबके सामने रखा। इस आम सभा के अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक पूर्व राज्य उपाध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य नरेंद्र नेगी की देख-रेख में नए अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया हुई। इसमें जिला अध्यक्ष और महासचिव पद के लिए नाम मांगे गए। इसमें डॉ. आईडी राही को सर्वसम्मति से जिला प्रधान, दिनेश शर्मा को जिला महासचिव नियुक्त किया गया, जबकि लाल सिंह ठाकुर को कोषाध्यक्ष और ओम प्रकाश शर्मा को वरिष्ठ उपप्रधान मनोनीत किया गया।

# परिसीमन से बदलेंगे राजनीतिक समीकरण

## 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन में 8 वार्डों में आंशिक बदलाव

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन नगर निगम में हाल ही में हुए परिसीमन से 17 में से आठ वार्डों की जनसंख्या में मामूली बदलाव हुआ है।

इससे आने वाले निकाय चुनाव में राजनितिक समीकरण बदलने की संभावना है। इसको लेकर कांग्रेस समर्थित स्थानीय नेताओं के एक वर्ग ने आपत्ति जताई है। नगर निगम चुनावों से पहले अनिवार्य इस प्रक्रिया ने संभावित पार्षदों के बीच चिंता पैदा कर दी है क्योंकि उन्हें इस बात की चिंता है कि इसका उनकी चुनावी संभावनाओं पर क्या असर पड़ेगा। परिसीमन के मुताबिक शहर के तीन वार्डों-कथेड़, ठोडो ग्राउंड और शिल्ली रोड-में जनसंख्या में कमी आई है, जहां कुछ क्षेत्रों को आस-पास के वार्डों में पुन: आवंटित किया गया है। इसके विपरीत, पांच वार्डों में आस-पास के इलाकों को जोड़ने के कारण जनसंख्या में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। इनमें चंबाघाट सलोगड़ा, लोअर बाजार, जवाहर पार्क, चौंरीघाटी और मधुबन कॉलोनी शामिल हैं। शेष 9 वार्डों-देऊघाट, सपरून, रेलवे स्टेशन, डिग्री कॉलेज, सनी साइड, कलीन, हाउसिंग बोर्ड, तहसील पातरार, रबौन, आंजी और बसाल पट्टी कथेड़ की जनसंख्या के आंकड़ों में कोई बदलाव नहीं देखा गया है। यह पुनर्गठन 2020 में शुरू किए गए परिवर्तनों का ही एक हिस्सा है, जब आठ पंचायतों को सोलन एमसी में मिलाकर, इसे नगर निगम में अपग्रेड किया गया था। युक्तिकरण प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, अधिकारियों ने कुछ ब्लॉकों के हिस्सों को पड़ोसी वार्डों में स्थानांतरित कर दिया है, जिससे जनसंख्या के आंकड़ों में तदनुसार बदलाव किया गया है। परिसीमन के बाद, सनी साइड वार्ड की जनसंख्या अब सबसे कम 2,512 है, जबकि लोअर बाजार की जनसंख्या सबसे अधिक 3,068 है। जनवरी 2026 में अगले नगर निकाय चुनाव होने हैं, इसलिए इस फेरबदल ने स्थानीय राजनीतिक उम्मीदवारों के बीच चिंता पैदा कर दी है, जिनमें से कुछ कथित तौर पर संशोधित सीमाओं और मतदाता गतिशीलता को लेकर रातों की नींद हराम कर रहे हैं।



### 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर किया परिसीमन

**सोलन** की एसडीएम डॉ. पूनम बंसल ने बताया कि 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन किया गया है क्योंकि तब से कोई नई जनगणना नहीं हुई है। हालांकि, यह वर्तमान जनसांख्यिकीय परिदृश्य को नहीं दर्शाता है, लेकिन अधिकारियों को उपलब्ध आंकड़ों पर ही निर्भर रहना पड़ा। परिसीमन का मसौदा 28 मई को प्रकाशित किया गया था और जनता से इसके प्रकाशन के सात दिनों के भीतर आपत्तियां दर्ज कराने को कहा गया है। अपने मतदाता आधार के प्रभावित होने की चिंता में कई राजनीतिक नेताओं ने पहले ही आपत्तियां दर्ज कराना शुरू कर दिया है।

## भारतीय डाक सेवा फेडरेशन का सोलन में 5 और 6 जुलाई को राष्ट्रीय सम्मेलन



भारतीय डाक सेवा फेडरेशन के पदाधिकारी पत्रकार वार्ता करते हुए।

अनंत ज्ञान, सोलन

भारतीय डाक सेवा फेडरेशन की बैठक सोलन में आयोजित हुई। इसमें राष्ट्रीय महासचिव आनंद कुमार पाल विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आगामी 5, 6 जुलाई को सोलन में भारतीय डाक फेडरेशन का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

इसमें देश भर की राज्यों की फेडरेशन के करीब एक हजार डेलिगेट शामिल होंगे। इसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी का चयन होगा। यह कार्यकारिणी तीन वर्ष की होगी। पाल ने कहा कि यह एक गैर-राजनीतिक संस्था है, जो भारतीय मजदूर संघ से संबंधित है। फेडरेशन समय-समय पर डाक कर्मचारियों की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखती है। बैठक में डाक विभाग कर्मचारियों को आ रही समस्याओं बारे गहन चर्चा की गई। पाल ने कहा कि फेडरेशन की मुख्य मांगों में 8वां वेतन आयोग लागू करना, फील्ड और ग्रामीण क्षेत्र के डाक खानों में काम करने वाले डाक सेवकों को पेंशन का प्रावधान करने की मांग है। डाक विभाग हमेशा लोगों की सेवा में तत्पर रहा है, जब देश में कोरोना महामारी फैली, तो डाक कर्मी मैदान में डटे रहे। सरकार ने पोस्टर सेवा एक्ट में संशोधन कर इसका आधुनिकरण किया है। इसके तहत पिन नंबर का डिजिटाइजेशन, लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम को लागू करने जा रहा है। इसी तरह डाक बैंकिंग सहित पार्सल और कोरियर सेवा शुरू करने के लिए 15 घंटे सेवा भी शुरू होने वाली है।

## दिल्ली जैसे होने वाला कांग्रेस का 2027 के विधानसभा चुनाव में हाल : रावत

अनंत ज्ञान, नाहन



संगड़ाह नोहराधार भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार तीन विधानसभा चुनाव में भी एक सीट तक नहीं जीत पाई, अब हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस पार्टी का 2027 के विधानसभा चुनाव में यही हाल होने वाले है।

रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने झूठ का सहारा लेकर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाई है। सरकार विकास करने के लिए बनाई जाती है, विनाश करने के लिए नहीं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने मुख्यमंत्री का पद संभालते ही प्रदेश में जनता की सुविधा के लिए खोले गए हजारों सरकारी संस्थान बंद कर दिए, जिससे प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। रावत ने बताया कि जब से प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी है, तब से प्रदेश में विकास के पहिए थम गए हैं, जबकि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने दो साल के कार्यकाल में तीस हजार करोड़ रुपए का कर्जा लिया है, लेकिन उसके उपरांत भी प्रदेश में विकास कार्य बंद पड़े हैं। रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू यह पैसा विकास करने की बजाय अपने मित्रों पर लूटा रहे हैं क्योंकि उनको पता है कि आगे हिमाचल में भी कांग्रेस पार्टी की सरकार कम से कम 15 साल तक नहीं बननी है इसलिए सरकारी खजाने को जमकर लूटना चाहिए। रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने प्राकृतिक आपदा वाले पैसे को भी दोनों हाथों से लूटा है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

## हिंदी के चारों कौशल से परिचित कराया

### हिंदी विषय पर सोलन में कार्यशाला का हुआ आयोजन

अनंत ज्ञान, सोलन




कार्यशाला में हिस्सा लेने विभिन राज्यों से पहुंचे शिक्षक।

सीबीएसई के प्रशिक्षण केंद्र सीओई पंचकूला के सौजन्य से हिंदी विषय पर आधारित (कोर्स बी) कार्यशाला का आयोजन एमआरए डीएवी पब्लिक स्कूल सोलन में किया गया। कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित पंजाब, हरियाणा एवं उत्तराखंड जैसे पड़ोसी राज्यों से आए 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यशाला के समापन पर विद्यालय की प्राचार्या मासूमा सिंघा ने सीओई पंचकूला, दोनों विशेषज्ञों तथा सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह, समर्पण और रचनात्मक सहभागिता के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। कार्यशाला का उद्देश्य माध्यमिक स्तर पर हिंदी शिक्षण को अधिक प्रभावी, रचनात्मक एवं नवाचार से युक्त बनाना था। इसमें विशेष रूप से पाठ योजना निर्माण, वैकल्पिक मूल्यांकन तथा सतत विकास लक्ष्यों जैसे विषयों को हिंदी शिक्षण से एकीकृत करने के तरीके प्रस्तुत किए गए।

मुख्य संसाधन व्यक्तियों के रूप में डॉ. चित्रा आनंद एवं जोशना देवी ने प्रतिभागियों को हिंदी के चारों कौशल (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना) के समन्वय के साथ-साथ संवाद शैली, नाट्य रूपांतरण और विद्यार्थियों की भागीदारी पर केंद्रित शिक्षण तकनीकों से परिचित कराया। कार्यशाला की एक आकर्षक गतिविधि के अंतर्गत प्रतिभागियों ने निर्धारित वाक्यों एवं संवादों के आधार पर मौलिक कहानिया रचीं, जिन्हें उन्होंने समूहों में प्रस्तुत किया। इस रचनात्मक लेखन गतिविधि ने शिक्षकों में कल्पनाशीलता और समूह सहयोग की भावना को प्रोत्साहित किया।

## भंडारे में सेवाएं दे रहे व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने से मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सीएचसी धर्मपुर से पुलिस थाना धर्मपुर में सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति को कुमारहट्टी से मृत अवस्था में धर्मपुर लाए हैं। इस सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस थाना धर्मपुर की टीम तुरंत सीएचसी धर्मपुर पहुंची, जहां पर एक व्यक्ति स्ट्रेचर पर मृत अवस्था में पाया गया। तस्दीक करने पर मृतक की पहचान विनोद कुमार पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गांव पड़गयानी डाखा कुमारहट्टी तह. व जिला सोलन हिप्र उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई। निरीक्षण के दौरान उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट/खरोंच आदि के निशान न पाए गए। जांच/तस्दीक करने पर पाया गया कि 6 जून को पिकअप यूनियन कुमारहट्टी द्वारा कुमारहट्टी चौक पर भंडारे का अयोजन किया जा रहा था, जिसमें मृतक विनोद कुमार भी अपनी सेवाएं दे रहा था, जब वह भंडारे में काम कर रहा था, तो वह अचानक से काम करते हुए बेहोश हो गया, जिस पर उक्त भंडारे में मौजूद लोग उसे उपचार के लिए जल्द सीएचसी धर्मपुर ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अभी तक की जांच पर मृतक विनोद की मृत्यु पर उसके परिजनों व अन्य लोगों ने किसी भी प्रकार का शक शुबा जाहिर न किया है तथा अभी तक की जांच पर यही पाया जा रहा है कि मृतक की मृत्यु दिल का दौरा पड़ने या अन्य किसी बिमारी के कारण हुई है, फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

## वाल्मीकि समाज से जुड़े मुद्दों पर हुआ मंथन

अनंत ज्ञान, नाहन



वाल्मीकि धर्मशाला नाहन में वाल्मीकि समाज की एक विशेष बैठक आयोजित की गई।

इसमें राज्य कार्यकारिणी के सदस्य विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस बैठक में वाल्मीकि समाज से जुड़ी समस्याओं पर मंथन किया गया, जिन्हें सरकार के समक्ष रखा जाएगा। मीडिया से बात करते हुए वाल्मीकि समाज के राज्य कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल खोसला ने बताया कि आज वाल्मीकि धर्मशाला नाहन में वाल्मीकि समाज के बुद्धिजीवी लोगों के साथ विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वाल्मीकि समाज से जुड़े अलग-अलग विषयों पर मंथन किया गया। इसमें शिक्षा, रोजगार, आर्थिक व्यवस्था, सामाजिक व्यवस्था और धार्मिक व्यवस्था आदि शामिल हैं। इसके अलावा वाल्मीकि समाज के उत्थान के लिए किस तरह के कदम उठाए जा सकते हैं। इस पर भी विचार-विमर्श किया जा रहा है और एक दस्तावेज तैयार किया जा रहा है, जिसे आने वाले समय में वाल्मीकि समाज के होने जा रहे राज्य स्तरीय सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष रखा जाएगा, ताकि इनका समाधान हो सके। बैठक के बाद वाल्मीकि सभा नाहन के उपाध्यक्ष प्रदीप सहोत्रा ने वाल्मीकि समाज से जुड़े लोगों को वार्ड नंबर-11 और 13 में सब्जियों के पौधे वितरित किए। उन्होंने कहा कि आजकल वन महोत्सव चल रहा है और इसी कड़ी में ऑर्गेनिक सब्जियों के पौधे वितरित किए गए हैं, ताकि लोग अपने घरों में ऑर्गेनिक सब्जियां उगा सकें।

## दुग्ध की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, सराहां।** दुग्ध अभिशीतन केंद्र सराहां में सहकारी सभा के सचिवों की बैठक रविवार को सराहां केंद्र के प्रभारी अशोक शर्मा की अध्यक्षता व आरके मोदगिल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में सोसायटी द्वारा लोगों को प्रदान किए जाने वाले दुग्ध की गुणवत्ता को बढ़ाने व दुग्ध अभीशितन केंद्र सराहां में दुग्ध की बिक्री को बढ़ाने के लिए उचित कदम उठाने पर चर्चा की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्लास्टिक की बोतलों व डिब्बों में किसी से भी दुग्ध नहीं लिया जाएगा। 3,.3.7.3 से कम का दुग्ध किसी भी कीमत पर नहीं लिया जाएगा। बैठक में इंदिरा महिला एमपीसीएस सिरमौरी मंदिर के मुख्य सलाहकार धर्म सिंह ठाकुर, सहित सभी सोसायटीयों के सचिव मौजूद थे।

## पूजा-अर्चना के साथ सिद्ध बाबा मेला शुरू

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** प्रदेश के प्राचीन मेलों की पहली पंक्ति में आने वाला पर्यटन नगरी चायल का तीन दिवसीय सिद्ध बाबा मेला रविवार को पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ।



ऐतिहासिक सिद्ध बाबा मेले के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यातिथि व अन्य।

उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व राजयसभा सांसद बिमला कश्यप बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही। चायल बाजार से पंचायत प्रधान उषा शर्मा की अध्यक्षता में कई वर्तमान और पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बाबा सिद्ध की ध्वज यात्रा निकाल कर करीब दो किलोमीटर दूर सिद्ध बाबा मंदिर पहुंची। इस यात्रा में मुख्यातिथि पूर्व राजयसभा सांसद इसमें शामिल हुईं। उन्होंने पूजा-अर्चना के साथ ध्वजारोहण कर इस मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल देव भूमि है। देव संस्कृति हमारी पहचान है। प्रदेश में देवी- देवताओं के नाम पर आयोजित होने वाले मेले व उत्सव इस संस्कृति का दर्पण है। उन्होंने आह्वान किया कि इस संस्कृति को संजोए रखना हम सब दायित्व है। पूर्व सांसद ने कहा कि चायल पर्यटन नगरी के रूप में विख्यात है और यहां के धार्मिक स्थान सिद्ध बाबा मंदिर चायल और काली का टिब्बा स्थानीय लोगों की अटूट आस्था के साथ धार्मिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र हैं। सिद्ध बाबा में मेले के उद्घाटन और विशाल भंडारे के बाद चायल बाजार में वॉलीबाल प्रतियोगिता और बलजीत सिंह मेमोरियल पेंटिंग प्रतियोगिया शुरू। मेले में आगामी दो दिनों तक खेलकूद मुकाबले और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मेले के दूसरे दिन प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। मंगलवार को मेले के समापन समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, राजयसभा सांसद हर्ष महाजन, पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक गायक दलीप सिरमौरी, अजय चौहान, पंकज ठाकुर और एआर भारद्वाज दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। सोमवार को कंडाघाट उपमंडल में इस मेले पर स्थानीय अवकाश रहेगा।

## श्रीमद्भागवत कथा सुनने से प्राणी के सभी दुख हो जाते हैं दूर : आचार्य



श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन आरती करते भक्तजन।

अनंत ज्ञान, सोलन

श्रीमद्भागवत कथा सुनने से प्राणी के सभी दुख दूर हो जाते हैं। भगवान के चरणों में जितना समय बीत जाए, उतना अच्छा है।

इस संसार में एक-एक पल बहुत कीमती है, इसलिए जीवन को व्यर्थ में बर्बाद नहीं करना चाहिए। ये बातें कथावाचक आचार्य श्याम शरण दास ने सोलन के वार्ड-14 स्थित हाउसिंग कॉलोनी के महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कही। गुप्ता परिवार की तरफ से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हाजिरी भरी। अंतिम दिन प्रभु लीलाओं को सुन भक्तजन भाव-विभोर हो गए। आचार्य श्याम शरण दास ने कहा कि भागवत प्रश्न से प्रारंभ होती है और पहला ही प्रश्न है कि कलयुग के प्राणी का कल्याण कैसे होगा। इस संसार में जो भगवान का भजन न कर सके, वह सबसे बड़ा भाग्यहीन है। भगवान इस धरती पर बार-बार इसलिए आते हैं, ताकि हम कलयुग में उनकी कथाओं में आनंद ले सकें और कथाओं के माध्यम से अपना चित्त शुद्ध कर सकें। व्यक्ति इस संसार से केवल अपना कर्म लेकर जाता है इसलिए अच्छे कर्म करो। आचार्य ने कृष्ण और सुदामा मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने मित्र सुदामा का उद्धार किया। मित्रता निभाते हुए सुदामा की स्थिति को सुधारा। इस प्रसंग को सुन हर कोई भाव विभोर होकर भक्ति रस में डूब गया।

**आयोजन** नई पेंशन योजना कर्मचारी संघ जिला सिरमौर की बैठक नाहन में आयोजित

# एनएसडीएल में फंसी कर्मियों की पूंजी वापस करे केंद्र

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश नई पेंशन योजना कर्मचारी संघ जिला सिरमौर की बैठक डाइट नाहन में आयोजित हुई। इसमें केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों के हजारों करोड़ रुपए वापस करने का निवेदन किया गया।



बैठक में हिस्सा लेते पेंशन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पुंडीर, जिला उपाध्यक्ष जगदीश परमार, उपाध्यक्ष जगमोहन सिंह, खंड अध्यक्ष नाहन संदीप कश्यप, खंड अध्यक्ष पांवटा साहिब बीआर सिंगटा, जिला महिला विंग सचिव कुमारी संध्या चौहान, शिलाई के पूर्व खंड अध्यक्ष सुरेश सिंगटा, नोहरा खंड प्रतिनिधि शशिपाल चौहान, संगड़ाह से राजेंद्र झामटा एवं लाल सिंह ठाकुर, सुरेश चौहान, सी एंड वी शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष यशपाल ठाकुर, सराहां खंड से चेतन शर्मा आदि ने बैठक में भाग लेकर कहा कि हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली के उपरांत एनएसडीएल को कर्मचारियों की जमा निधि को जारी रखने का अधिकार नहीं है। लगभग 10 हजार करोड़ की इस राशि में 10 प्रतिशत कर्मचारियों का तथा 14 फीसदी हिमाचल सरकार की भागीदारी है। बैठक में चर्चा की गई कि हिमाचल सरकार ओपीएस के स्थान पर यूपीएस बदलने के दबाव के बावजूद भी जिस प्रकार से हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू तथा संपूर्ण मंत्रिमंडल ने जिस प्रकार अपनी गारंटी के अनुरूप पुरानी पेंशन को जारी रखने का निर्णय लिया, संघ उसके लिए सरकार तथा मंत्रिमंडल का आभार व्यक्त करता है। संघ जिला अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि विभिन्न राज्य उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालयों ने भी पुरानी पेंशन को सरकार का उत्तरदायित्व माना है न की बोझ। संघ अध्यक्ष ने पुरानी पेंशन के नाम पर भ्रमित करने वाली सभी अफवाहों का पुरजोर खंडन करते हुए कहा कि किसी भी विभाग में किसी भी पद के सृजन से पूर्व इस पद पर नियुक्ति से सेवानिवृत्ति तक के संपूर्ण खर्च के अनुमान के बाद ही पद को सृजित किया जाता है। अत: अचानक से सेवानिवृत्ति के उपरांत के लाभ को आर्थिक बोझ तथा अन्य विकासात्मक कार्यों में बाधा बताना गलत है। यदि कर्मचारियों से संबंधित आंकड़ों को एकत्र किया जाए, तो वर्तमान में एवं आगामी कई वर्षों तक भी यूपीएस से बेहतर विकल्प है, जहां यूपीएस में प्रति माह कर्मचारियों के वेतन पर सरकार को 18 फीसदी अधिक राशि नियोक्ता के रूप में जमा करवानी होगी। वहीं, कर्मचारियों के वेतन का 10 फीसदी हिस्सा भी एनएसडीएल में जमा होगा तथा यह संपूर्ण राशि शेयर मार्केट में निवेश होगी, जो पूरी तरह से जोखिम से भरा है। साथ ही कर्मचारियों द्वारा जीपीएफ में जमा किया जा रहा 30 से 50 फीसदी प्रतिशत वेतन का प्रावधान भी यूपीएस से बंद हो जाएगा। संघ के नेताओं ने निवेदन किया कि कर्मचारियों के मसलों पर सरकार द्वारा लिए जा रहे निर्णयों में कर्मचारियों के हितों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। तथा कर्मचारियों के प्रतिनिधियों की भागीदारी भी अवश्य सुनिश्चित को जानी चाहिए ताकि वह किसी भी योजना को बेहतर समझ सके तथा सरकार की नीतियां परस्पर सामंजस्य से व्यहारिक रूप से लागू हो सके।

## खुशियों का बैंक माजरा बच्चों में बांट रहा खुशियां



अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान

**पांवटा साहिब।** मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के सौजन्य से संचालित खुशियों का बैंक माजरा में निशुल्क ट्यूशन क्लास में पढ़ने वाले बच्चों के साथ समाजसेवी द्वारा खुशियां बांटी गई।

मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के सौजन्य से माजरा में खुशियों का बैंक खोला गया है, जहां पर रोज शाम को आसपास के बच्चों को निशुल्क ट्यूशन क्लास में पढ़ाया जाता है। बच्चों को सामान्य ज्ञान के साथ-साथ खेल, प्राणायाम, योग, आध्यात्मिक गतिविधियों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों की जाती है। समय-समय पर खुशियों के माजरा में समाजसेवियों द्वारा अपने बच्चों का जन्मदिन शादी की सालगिरह आदि के अवसर पर इन बच्चों के साथ अपनी खुशियां बांटी जाती हैं, जिससे खुशियां बढ़ जाती हैं। आप सब भी खुशियों का बैंक में अपनी खुशियां बांट सकते हैं, यह सब बच्चे भी बस्ती में रहते हैं, उनकी पढ़ाई संबंधी जरूरत के लिए भी आप मदद कर सकते हैं। इसके अलावा मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के सौजन्य से खुशियों का सहारा योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न सरकारी स्कूल के लगभग 27 जरूरतमंद बच्चों को गोद लिया गया है। इन बच्चों की पढ़ाई सभी जरूरतें संस्था द्वारा आप सबके सहयोग से पूरी की जा रही हैं। खुशियों का बैंक माजरा में आपके घर में जो भी गैर जरूरतन समान जैसे कपड़े, बर्तन, बिस्तर, किताबें जूते असदि हैं, तो आप यहां जमा करवा सकते हैं अथवा कोई जरूरतमंद आपके आसपास हो तो वह यह सामान खुशियों का बैंक माजरा से लेकर जा सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पानीपतः राहगीरों को लूटने के आरोप में चार काबू

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत पुलिस ने राहगीरों को लूटने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से दो वारदातों का खुलासा हुआ है। इंस्पेक्टर राकेश ने रविवार को बताया कि पुलिस टीम को शनिवार देर शाम गश्त के दौरान सूचना मिली कि चार युवक पीडीआर के नजदीक लोहा पुल के पास किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर चारों युवकों को हिरासत में लिया। आरोपी की पहचान श्रीनिवास निवासी सेक्टर 6, मोहित, जगजीत, मोहित निवासी कच्चा कैंप पूरेवाल कॉलोनी के रूप में बताई। पूछताछ करने पर चारों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर 5 जून को एक युवक से 6 हजार रुपए नगदी लूटने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। इसके अतिरिक्त 2 फरवरी को बाद दोपहर लोहा पुल पर एक अन्य युवक से 20 हजार रुपए लूटने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। लूट की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में अभियोग दर्ज है। प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया गिरोह का मास्टरमाइंड आरोपी श्रीपाल है। चारों आरोपी नशा करने के आदि है। आरोपियों ने 5 जून को लूटी 6 हजार की नकदी में से ज्यादातर पैसे खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बचे 2 हजार रुपए बरामद कर रविवार को पूछताछ के बाद चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। तथा वारदात में शामिल फरार आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रोहतक में दो युवतियां हुई लापता, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अनहोनी की आशंका के चलते इस संबंध में पुलिस में शिकायते दर्ज करवाई है। पुलिस के अनुसार गांव गढ़ी सांपला निवासी युवक ने बताया कि उसकी बेटी घर से रोहतक डीसी आफिस में आधार कार्ड बनवाने के लिए गई थी, लेकिन शाम तक वह घर नहीं लौटी। युवती की कई जगह तलाश की गई, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। वहीं गांव रुड़की निवासी युवक ने बताया कि उसकी बहन रोहतक में कंप्यूटर सेंटर पर गई थी, लेकिन शाम तक वह घर नहीं लौटी है। इसके बाद परिजन पुलिस के पास पहुंचे और इस बारे में अवगत कराया। पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि युवतियों की तलाश के लिए संबंधित स्थानो पर दबिश दी जा रही है, जिन्हें जल्द तलाश कर लिया जाएगा।

### 'सेल्फी विद डॉटर' मुहिम बनी ग्लोबल अभियान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़** हरियाणा के जींद जिले के गांव बीबीपुर से 9 जून 2015 से शुरू हुई 'सेल्फी विद डॉटर' मुहिम भारत का इकलौता ग्लोबल अभियान है, जिसकी स्वीकार्यता विश्वभर में है। इस अभियान से विश्व के हर सेलिब्रिटी या साधारण व्यक्ति में बेटियों के प्रति एहसास पैदा किया है। इन दस वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां दस बार अपने कार्यक्रम मन की बात तथा अमेरिका समेत कई देशों में सार्वजनिक मंच के दौरान इस अभियान की प्रशंसा की है। वहीं यह अभियान पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय प्रणब मुखर्जी के भी दिल के बेहद करीब रहा है। इस अभियान के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोमवार को रोहतक में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र व जम्मू-कश्मीर समेत कई राज्यों की लड़कियां भाग ले रही हैं। 'सेल्फी विद डॉटर' फाउंडेशन के संस्थापक सुनील जागलान ने बताया कि 9 जून 2015 को उन्होंने अपनी बेटी नंदिनी के जन्म के अवसर पर सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर डाली। यहीं से उनके मन में बेटियों के सम्मान में यह अभियान चलाने का विचार आया। आज सेल्फी विद डॉटर अभियान इस दशक में भारत का सबसे चर्चित अभियान बन गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में आठ बार और अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर दो बार इस अभियान की प्रशंसा की है। सेल्फी विद डॉटर अभियान को अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्था ओईसीडी के अलावा इकोनॉमिक सर्वे ऑफ़ इंडिया के अलावा देश विदेश के अनेक संस्थानों ने भारत ही नहीं वरन विश्व का बेटियों के प्रति प्रेम दर्शाने का प्रभावशाली अभियान बताया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की विशेषता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब तक बॉलीवुड, हॉलीवुड के अभिनेताओं, विश्व के प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधियों समेत 80 देशों से सात लाख 67 हजार सेल्फी ऑनलाइन म्यूजिम में अपलोड हो चुकी है। इस वर्ष में अब तक 70 हजार सेल्फी अपलोड की जा चुकी हैं।

### कनाडा में खालिस्तानियों का पत्रकार पर हमला

**एजेंसी, टोरंटो।** कनाडा में रविवार को खालिस्तानी समर्थकों ने एक पत्रकार मोचा बेजिरगन पर हमला कर दिया। मोचा ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि हमलावरों में एक शख्स शामिल था, जो पिछले एक साल से उनका पीछा कर रहा था और उसकी गतिविधियों पर ऑनलाइन निगरानी कर रहा था। मोचा ने कहा कि मैं वैंकूवर में था जब यह घटना हुई। कई खालिस्तानी मुझे धमकाने लगे और मेरा फोन छीन लिया, मारपीट की। यह सब पुलिस के सामने हुआ। यह सिर्फ 2 घंटे पहले की बात है और मैं अभी भी कांप रहा हूं। मोचा ने बताया कि यह हमलावर ब्रिटेन का नागरिक है। साथ ही लंबे समय से मोचा को परेशान कर रहा था और उसके खिलाफ गंदी भाषा का भी इस्तेमाल कर रहा था। मोचा पिछले एक साल से कनाडा, अमेरिका, यूके और न्यूज़ीलैंड में खालिस्तानी प्रदर्शनों को कवर कर रहे हैं। मोचा के मुताबिक उनकी रिपोर्टिंग से नाराज कुछ लोग उन्हें खरीदने और धमकाने की कोशिश करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिकी नागरिकों को नहीं मिलेगा चाड का वीजा

**एजेंसी, एन जामेना।** चाड के राष्ट्रपति महामत इदरीस डेबी ने घोषणा की कि उनका देश अब अमेरिकी नागरिकों को वीजा जारी नहीं करेगा। यह फैसला तब लिया गया, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चाड के नागरिकों के अमेरिका आने पर प्रतिबंध लगाया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को अपने पहले कार्यकाल की एक प्रमुख नीति को फिर से लागू कर दिया, जिसके तहत 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका आने पर पाबंदी लगा दी गई। इनमें चाड भी शामिल है। ट्रंप का आरोप है कि इन देशों में सुरक्षा जांच की प्रक्रिया कमजोर है और ये देश अपने उन नागरिकों को वापस लेने से इनकार करते हैं, जो अमेरिका में रहने की अवधि समाप्त होने के बाद भी वहां ठहर जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान में गुर्जर समाज के लोगों ने रोकी ट्रेन



**एजेंसी, भरतपुर।** राजस्थान में गुर्जर महापंचायत खत्म होने के बाद समाज के लोगों ने भरतपुर के पीलूपुरा में ट्रेन रोक दी। भीड़ पटरियों पर पहुंची और कोटा-मथुरा पैसेंजर को रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने पटरी उखाड़ने की भी कोशिश की। ट्रैक महापंचायत स्थल से मात्र डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर है। ट्रेन को रोकने के बाद वहां मौजूद युवकों ने पटरियों को भी नुकसान पहुंचाया। ट्रेन को रोकने के बाद वहां मौजूद युवकों ने पटरियों को भी नुकसान पहुंचाया। इससे पहले आरक्षण समेत कई मांगों को लेकर भरतपुर के बयाना इलाके के कारवारी शहीद स्मारक (पीलूपुरा) पर रविवार को हुई महापंचायत में सरकार की ओर से मांगों को लेकर ड्राफ्ट भेजा था। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने लोगों को वह पढ़कर सुनाया। समाज की सहमति के बाद महापंचायत को समाप्त कर दिया। गुर्जर समाज की ओर से सरकार को रविवार दोपहर तक का अल्टीमेटम दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

# नगर निगम ने हटाईं अवैध झुग्गियां

## नगर निगम आयुक्त के निर्देशों पर हुई यह कार्रवाई



**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** अवैध अतिक्रमण हटाने और सार्वजनिक भूमि को पुनः प्राप्त करने के अभियान को आगे बढ़ाते हुए, नगर निगम चंडीगढ़ ने आज निरंकारी भवन, मौली लिंक रोड, मनीमाजरा के पास स्थित अवैध झुग्गियों को हटाने की कार्रवाई की।

नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार, एमसीसी की संयुक्त प्रवर्तन एवं इंजीनियरिंग टीम ने यह अभियान चलाया। इस दौरान पॉकेट नंबर 6, मनीमाजरा में स्थित कई अवैध झुग्गियों-झोपड़ियों को तोड़ा गया। ये अतिक्रमण न केवल आम जनता की आवाजाही में बाधा उत्पन्न कर रहे थे, बल्कि क्षेत्र में सुरक्षा, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे को लेकर भी गंभीर समस्याएं पैदा कर रहे थे। यह कार्रवाई पुलिस और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई। अभियान के दौरान सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए थे। आयुक्त ने दोहराया कि नगर निगम शहरभर में किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करता रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है ताकि उसका उपयोग योजनाबद्ध विकास और जनकल्याण के लिए किया जा सके।

### पटेल मार्केट में किए 52 चालान

**शहर** के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने संयुक्त आयुक्त सुमीत सिहाग को निर्देश दिए हैं कि वे स्वयं अचानक निरीक्षण करें, अवैध गतिविधियों की जांच करें और सार्वजनिक व्यवस्था बहाल करें। इन निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए सुमीत सिहाग ने रविवार शाम सेक्टर 15 पटेल मार्केट और आस-पास के रेहड़ी स्थल का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई अवैध विक्रेता सार्वजनिक रास्तों और बाजार की जगह पर कब्जा करते पाए गए, जिससे पैदल चलने वालों को परेशानी और खरीदारों व दुकानदारों को असुविधा हो रही थी। निरीक्षण के परिणामस्वरूप, अवैध अतिक्रमण के लिए कुल 52 चालान मौके पर ही जारी किए गए। संयुक्त आयुक्त ने प्रवर्तन कर्मचारियों और क्षेत्रीय पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि वे सख्त निगरानी बनाए रखें और सुनिश्चित करें कि ऐसे उल्लंघन दोबारा न हों। नगर निगम चंडीगढ़ सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ, सुरक्षित और सभी के लिए सुलभ बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न बाजार क्षेत्रों में नियमित प्रवर्तन अभियान जारी रहेंगे और बार-बार उल्लंघन करने वालों पर सख्त जुर्माना लगाया जाएगा ताकि सार्वजनिक स्थानों में अनुशासन और व्यवस्था बनी रहे।

# सांसद तिवारी ने ग्रीन बेल्ट पार्क और सीसीटीवी कैमरों का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने रविवार को सेक्टर 30-ए में नव विकसित ग्रीन बेल्ट पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपमहापौर जसबीर सिंह बंटी, उपमहापौर एवं क्षेत्रीय पार्षद तरुणा मेहता, मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा, अन्य पार्षदगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं शहर के प्रमुख नागरिक उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए तिवारी ने कहा कि इस पार्क का विकास शहर में समावेशी, सुलभ एवं पर्यावरण अनुकूल मनोरंजन स्थलों को उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह ग्रीन बेल्ट पार्क लगभग 3.5 एकड़ में फैला हुआ है और इसे विभिन्न फंडिंग स्रोतों के तहत 77.65 लाख रुपए से अधिक की लागत से पुनः विकसित किया गया है।

ग्रीन बेल्ट की विशेषताओं की जानकारी देते हुए तरुणा मेहता ने बताया कि वार्ड विकास निधि के तहत एक 1,250 मीटर लंबा सीमेंट कंक्रीट वॉकिंग और जॉगिंग ट्रैक बनाया गया है, साथ ही एक आधुनिक सार्वजनिक शौचालय ब्लॉक भी निर्मित किया गया है।

वहीं, सेक्टर 41ए, चंडीगढ़ में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास (एमपीएलएडी) योजना के अंतर्गत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद हरदीप सिंह बुटरेला, नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और क्षेत्र के प्रमुख निवासी उपस्थित रहे। इस परियोजना के तहत, क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कुल 22 उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले सीसीटीवी कैमरे रणनीतिक रूप से लगाए गए हैं, ताकि लोगों की आवाजाही की निगरानी की जा सके और समग्र सुरक्षा को बेहतर बनाया जा सके। इस प्रणाली को 5 डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) से जोड़ा गया है।

# माउंट एवरेस्ट फतह करने वाले नवदीप सूद का चंडीगढ़ में सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



सूद सभा चंडीगढ़ ने रविवार को एक कार्यक्रम में नवदीप सूद को माउंट एवरेस्ट फतह करके भारत का झंडा लहराने की साहसिक उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। सूद ने यह उपलब्धि इसी वर्ष 19 मई को हासिल की। यहां सेक्टर 44 तीर्थ सूद भवन में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में सूद सभा चंडीगढ़ के अध्यक्ष अमित सूद तथा अन्य पदाधिकारी ने गले में फूलों का हार डालकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर सूद सभा चंडीगढ़ के पैटर्न उमेश सूद, सुधीर सूद, खुशविंद्र सूद व अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर नवदीप सूद का साथ उनकी पत्नी सरिता सूद, उमेश सूद, वाइस प्रेसिडेंट भाजपा पंचकूला, पूर्व अध्यक्ष जिला परिषद पंचकूला तथा काउंसलर सोनिया सूद उपस्थित थे। इस मौके पर अश्वनी सूद ने कहा कि नवदीप सूद की यह उपलब्धि न सिर्फ उनके लिए बल्कि पूरी सूद बिरादरी तथा पूरे भारत के लिए एक गर्व की बात है। उन्होंने यह भी फैसला किया कि इस साल होने वाले वार्षिक सूद मिलन दिवस के कार्यक्रम में नवदीप सूद सम्मानित किया जाएगा।

# कैथल पुलिस ने गांजे समेत युवक दबोचा

**अनंत ज्ञान, कैथल।** पुलिस ने एक नशा तस्कर को 914 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। चौकी पूंडरी पुलिस प्रभारी एस आई बहादुर सिंह के अनुसार शनिवार को उनकी टीम गश्त के दौरान आहुवालिया चौक पूंडरी के पास मौजूद थी। उन्हें सूचना मिली कि फतेहपुर निवासी अनिल कुमार गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करता है। जिसके घर पर दबिश देकर उसे गांजा फूल पत्ती सहित काबू किया जा सकता है। पुलिस टीम द्वारा फतेहपुर निवासी अनिल कुमार के मकान पर दबिश देकर उसे काबू कर लिया गया। मौके पर पहुंचे एईटीओ कैथल रोहित कुमार के समक्ष नियमानुसार ली गई तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से पॉलीथिन से 914 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना पूंडरी में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई रणधीर सिंह द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का रविवार को अदालत से एक दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया।



# आध्यात्मिक प्रगति को निखारने का अवसर गुरु पूर्णिमा महापर्व : सुधांशु महाराज

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**



पंचकूला जिले में स्थित मोरनी हिल पर निर्मित शिवधाम आश्रम में रविवार को हजारों गुरु भक्त उपस्थित हुए। सभी भक्त अपने पाप-ताप को प्रायश्चित के लिए गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर पंजाब एवं हरियाणा सहित देश के अन्य राज्यों से भी गुरु भक्त आए हैं।

सुधांशु जी महाराज ने उपस्थित भक्तों को कहा कि गुरु पूर्णिमा पर्व पर अपनी पाप-ताप प्रायश्चित करने, जीवन में नया नियम धारण करने, नया दृष्टि पाने के लिए तथा अपनी दिनचर्या व्यवस्थित हो, इसके लिए भक्त अपने सद्गुरु के पास जाकर खुद का नवीनीकरण का अवसर ढूंढता है, उसके जीवन में नित्य निरंतर मजबूती आती है। महाराज ने कहा कि जब हम दीपावली का पर्व आने के एक महीना पूर्व घर की साफ सफाई आंतरिक एवं बाह्य रूप से करते हैं, उसी तरह भक्त भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव भी एक महीना पूर्व गुरुदेव के दर्शन करके खुद को तरोताजा एवं पारिवारिक खुशहाली की कामना करता है और सद्गुरु उन्हें आशीष देते हैं।

## देश-विदेश

# जनता ने राहुल को नकारा : फडणवीस

## कहा, लोकतंत्र की छवि बिगाड़ने के लिए ईवीएम को दे रहे दोष

**एजेंसी, मुंबई**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिसे जनता ठुकरा देती है, वह जनादेश को ही ठुकरा देता है। फडणवीस ने रविवार को एक मराठी अखबार में लिखा, 'राहुल की नीति है कि अगर लोगों को समझा नहीं सकते, तो उन्हें उलझा दो।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है, इसलिए अब वो लोकतंत्र की छवि बिगाड़ने के लिए ईवीएम को दोष दे रहे हैं। अब तो विपक्षी दलों की ये आदत बन गई है कि हर चुनाव में ईवीएम पर सवाल उठाते हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट में इनसे जुड़ी सारी याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं।

फडणवीस ने ये आर्टिकल राहुल के आर्टिकल के जवाब में लिखा है, जिसमें उन्होंने 2024 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को 'मैच-फिक्सिंग' बताया था। गौर रहे कि राहुल ने शनिवार को एक आर्टिकल के जरिए नवंबर 2024 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा पर सीधा आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की गई थी, जिसमें पहले से भाजपा की जीत तय करने की पूरी कोशिश की गई।

वहीं, एक दिन पूर्व इलेक्शन कमीशन ने राहुल गांधी के दावों को निराधार करार दिया। आयोग ने कहा, 'चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद ऐसे आरोप लगाना बेतुके हैं। 24 दिसंबर 2024 को ही कांग्रेस को भेजे अपने जवाब में ये सभी तथ्य सामने रखे थे, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ऐसा लगता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते हुए इन सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है।' (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में 9 साल की बच्ची से रेप!

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के नेहरू विहार इलाके में शनिवार रात सूटकेस में गंभीर रूप से घायल बच्ची मिली। बच्ची अर्धनग्न हालत में थी। बच्ची के परिवार का आरोप है कि रेप के बाद उसकी हत्या का प्रयास किया गया। बच्ची की उम्र नौ साल बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि बच्ची के पिता उसे अस्पताल ले जा रहे थे। तब बच्ची बेहोश थी, अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बच्ची के पिता ने बताया कि बेटी शनिवार शाम दादी के घर बर्फ देने गई थी। काफी देर तक जब वह वापस नहीं आई, तो तलाश शुरू की। पीड़ित परिवार ने कॉलोनी में ही रहने वाले नौशाद पर रेप के बाद हत्या का आरोप लगाया है। आरोपी घटना के बाद से फरार है। (अनंत ज्ञान)

# लॉस एंजिल्स में हिंसक प्रदर्शन

## पुलिस पर फेंके पटाखे-पत्थर, ट्रंप ने 2000 नेशनल गार्ड्स भेजे

**एजेंसी, लॉस एंजिल्स**




अमेरिका के लॉस एंजिल्स में प्रदर्शनकारियों को काबू करते नेशनल गार्ड्स।

अमेरिका के लॉस एंजिल्स में अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के विरोध में दो दिन से जारी प्रदर्शन हिंसक हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने भारतीय समयानुसार रविवार सुबह पुलिस पर पत्थर और पटाखे चलाए।

इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों और इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इन्फोर्समेंट पर आंसू गैस और पैट्रोल बम दागे। साथ ही हाथों में मेक्सिको का झंडा लेकर 'ICE लॉस एंजिल्स से बाहर जाओ' जैसे नारे भी लगाए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हालात को काबू करने के लिए 2000 नेशनल गार्ड्स को भेजा है। लॉस एंजिल्स में 6-7 जून को सरकार ने अवैध अप्रवासियों के खिलाफ एक अभियान चलाया गया था। इसी का विरोध हो रहा है। हर दिन करीब 1600 अवैध अप्रवासियों को पकड़ा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई का विरोध**

# बेंगलुरु भगदड़ केस में नया खुलासा पुलिस अफसर ने मांगी थी एक्स्ट्रा फोर्स

**एजेंसी, बेंगलुरु।** बेंगलुरु भगदड़ केस में रविवार को नया खुलासा हुआ है। एक समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक, DCP एमएन करिबासवना गौड़ा ने 4 जून को विक्ट्री परेड से पहले राज्य सरकार को लेटर लिखकर चेतावनी दी थी। इसमें उन्होंने कहा था कि आरसीबी की फैन फॉलोइंग पूरे देश में है। अगर चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रोग्राम होता है तो लाखों लोग वहां पहुंच सकते हैं। हमारे पास पर्याप्त पुलिस बल नहीं है, जिससे सुरक्षा इंतजाम करना मुश्किल होगा। इस लेटर के सामने आने के बाद सरकार पर सवाल उठ रहे हैं कि जब पहले से ही खतरे की जानकारी थी, तो इतने बड़े आयोजन की इजाजत क्यों दी गई। (अनंत ज्ञान)

# नौ दिन में कोरोना से 58 मौतें, 3423 मामले भी बढ़े

## देश में एक्टिव केस 6000 के पार, अकेले केरल में 1950 मरीज; स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शनिवार को 378 नए केस मिले हैं। इस तरह एक्टिव केसों की संख्या 6133 हो गई है। केरल में सबसे ज्यादा 1950 केस हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 9 दिन में 3423 कोरोना केस बढ़े, जबकि 58 लोगों ने जान गंवाई है। 30 मई तक देश में 2710 एक्टिव केस और 7 मौतें हुई थीं। शनिवार को केरल में 3, कर्नाटक में 2 और तमिलनाडु में कोरोना से एक मौत हुई है। इधर, राज्य में तेजी से बढ़ रहे केसों के बीच गुजरात सरकार ने कहा कि हम कोविड से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अस्पतालों में बेड, वेंटिलेटर और आईसीयू बेड की व्यवस्थाएं कर ली हैं। स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने कहा कि मौजूदा वैरिएंट ओमिक्रॉन वायरस कोविड परिवार का ही है, लेकिन यह इतना गंभीर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# आंध्र प्रदेश के मंत्री ने गुस्से में जिलाधिकारी पर फेंका बुके

**एजेंसी, अमरावती**

आंध्र प्रदेश की पिछड़ा वर्ग मंत्री सविता एस ने जिलाधिकारी पर गुस्सा करते हुए बुके (गुलदस्ता) फेंक दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना तीन दिन पहले की है। हालांकि इसका वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, मंत्री सविता पेंशन वितरण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी प्रभावती से पूछा कि पहले फेज में कितने फ्री गैस सिलेंडर बांटे गए। जिलाधिकारी इस सवाल का सही जवाब नहीं दे सकीं। इससे नाराज होकर मंत्री ने बुके फेंक दिया जो कुछ देर पहले ही प्रभावती ने दिया था। इस विवाद पर मंत्री और जिला प्रशासन की ओर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर मंत्री के व्यवहार को लेकर बहस छिड़ गई है। कुछ लोगों ने मंत्री के गुस्से को गलत बताया तो कुछ ने अफसर की तैयारी पर सवाल खड़े किए। कई यूजर्स ने लिखा कि एक कैबिनेट मंत्री को सार्वजनिक कार्यक्रम में संयम बरतना चाहिए, भले ही जवाब न मिले। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि मंत्री की नाराजगी को जायज है। प्रशासन को योजनाओं के बारे में जानकारी होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## ग्रोथ | सबसे ज्यादा 30,786 करोड़ रुपए बढ़ा रिलायंस का मार्केट कैप

# टॉप-10 कंपनियों में 4 की वैल्यू 1 लाख करोड़ बढ़ी

**एजेंसी, मुंबई**

मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की टॉप-10 कंपनियों में से 4 की वैल्यू बीते हफ्ते में 1 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज गेनर रही। कंपनी का मार्केट कैप 30,786 करोड़ रुपए बढ़कर 19.53 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। एचडीएफसी बैंक की वैल्यू 26,668 करोड़, बजाज फाइनेंस की 12,322 करोड़ और आईसीआईसीआई बैंक की 9,790 करोड़ बढ़ी है।

उधर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की वैल्यू 28,510 करोड़ रुपए कम होकर 12.24 लाख करोड़ रुपए पर आ गई है। बता दें कि आरबीआई के ब्याज दरों में कटौती के बाद बाजार में तेजी देखने को मिली थी। (अनंत ज्ञान)



### क्या होता है मार्केट कैप?

**मार्केट** कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, उनकी वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की कुल संख्या को उनकी कीमत से गुणा करके किया जाता है।

### अडानी को इस वित्त वर्ष 10.41 करोड़ रुपए सैलरी मिली



**भारत** के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अडाणी को वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 10.41 करोड़ रुपए सैलरी मिली है। अडाणी को ये सैलरी समूह की 10 लिस्टेड कंपनियों में से सिर्फ दो कंपनियों से मिली। ये कंपनियां अडानी एंटरप्राइजेज और अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन हैं। अडानी एंटरप्राइजेज से उन्हें 2.26 करोड़ रुपए सैलरी और 28 लाख रुपए भत्तों के रूप में मिले, वहीं अडानी पोर्ट्स से 1.8 करोड़ रुपए सैलरी और 6.07 करोड़ रुपए कमीशन मिला।

# ज्योति व जसबीर की सपोर्ट में आया आईएसआई एजेंट

**एजेंसी, चंडीगढ़**



पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार रोपड़ (पंजाब) के यूट्यूबर जसबीर सिंह के पक्ष में अब आईएसआई एजेंट नासिर ढिल्लों आया है। उसने दावा किया है कि जसबीर सिंह बेकसूर है। इसके साथ ही उसने यह भी कहा कि वह ज्योति मल्होत्रा से कभी नहीं मिला। उसने कहा कि आरोप लगाया जा रहा है कि मैंने पाकिस्तान में सेना के अधिकारियों से ज्योति और जान महल को मिलाया, लेकिन ऐसी कोई बात नहीं है, क्योंकि मैं वहां नहीं था। मैं जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं। मेरे दोनों मोबाइल की जांच कर लो। हालांकि, ढिल्लों ने कहा कि व्हाट्सऐप पर उसकी जसबीर सिंह से बातचीत हुई। उसने यह भी माना है कि उसने कुछ समय पहले हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति का पॉडकास्ट किया था। बता दें कि नासिर ढिल्लों पर आरोप है कि वह पूर्व पुलिसकर्मी है और आजकल आईएसआई एजेंट के रूप में काम करता है। (अनंत ज्ञान)

**नासिर बोला-दोनों बेकसूर, इनसे कभी नहीं मिला**

## स्पोर्ट्स विंडो

### अनमोल किंग्स हलार ने जीता एसपीएल का पहला मैच

**एजेंसी, राजकोट।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट की अगुवाई वाली अनमोल किंग्स हलार ने यहां सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग (एसपीएल) के उद्घाटन मैच में आर्यन सोरथ लायंस को छह विकेट से हरा दिया। आर्यन सोरथ लायंस ने कप्तान प्रेरक मांकड़ के 44 गेंदों पर 66 रन की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 162 रन बनाए। अनमोल किंग्स हलार ने चार विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अनमोल किंग्स की तरफ से सिद्धांत राणा ने 38 गेंदों पर तीन चौकों और छह छक्कों की मदद से 68 रन जबकि पार्श्वराज राणा ने 38 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 58 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

### विथ्या, रोहित, पूजा और कृष्ण ने ताइवान ओपन एथलेटिक्स में जीता सोना

**एजेंसी, ताइपे सिटी।** तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा और कृष्ण कुमार ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते, जिससे



भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके, लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। कृष्ण कुमार ने पुरुषों के 800 मीटर फाइनल में भी गोल्ड जीता है। (अनंत ज्ञान)

### बांद्रा ब्लास्टर्स टी20 : मुंबई लीग के सेमीफाइनल में पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई।** सुवेद पारकर और विक्रांत औती की अर्द्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की बदौलत बांद्रा ब्लास्टर्स ने रविवार को यहां एमएससी मराठा रॉयल्स को आठ विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ब्लास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी और अंतिम टीम है। ईगल थाणे स्ट्राइकर्स, सोबो मुंबई फाल्कन्स और एमएससी मराठा रॉयल्स ने पहले ही अंतिम चार का टिकट पक्का कर लिया है। ब्लास्टर्स ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर जीत के लिए मिले 151 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। पारकर और औती ने पहले विकेट के लिए 64 गेंद में 118 रन की आक्रामक साझेदारी कर ब्लास्टर्स को मजबूत शुरुआत दिलाई। पारकर ने 37 गेंद की पारी में 76 रन की पारी के साथ इस साझेदारी में बड़ा योगदान दिया। औती ने 56 रन का योगदान दिया। इससे पहले एमएससी मराठा रॉयल्स ने साहिल जाधव के 50 और आदित्य धूमल के 30 रन की मदद से आठ विकेट पर 150 रन बनाए थे। (अनंत ज्ञान)

### लौरा वोल्वार्ट खूबसूरत अंदाज में

**दक्षिण अफ्रीकी।** दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ट जितनी अपने खेल में माहिर हैं, उतनी ही खूबसूरती के मामले में भी आगे हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल हो जाती हैं।



## एफआईएच प्रो-लीग : नीदरलैंड के खिलाफ आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा भारत को

# भारत-नीदरलैंड के बीच आज होगा महामुकाबला

**एजेंसी, एम्सटलवीन**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो-लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा। भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है।

नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो-लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले



विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

नीदरलैंड के खिलाफ पहले मैच में भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। नीदरलैंड ने हालांकि शानदार वापसी की तथा थिज वान डैम के दो गोल की मदद से जीत हासिल की। डैम के गोल में 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। भारत ने इस साल की शुरुआत में प्रो लीग का घरेलू चरण भुवनेश्वर में खेला था, जहां उसने आठ मैचों में पांच जीत के साथ 15 अंक हासिल किए थे। (अनंत ज्ञान)

### नीदरलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं : कोच

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने मैच के बाद कहा, ''हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। चौथे क्वार्टर में हमने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद पर कब्जा करने में सफल रहे, लेकिन हम गोल पर कोई शॉट नहीं लगा पा रहे थे।'' उन्होंने कहा, ''इस तरह से हारना दुर्भाग्यपूर्ण था, क्योंकि मुझे लगा था कि हम ड्रॉ के लिए प्रयास कर सकते हैं। हम विशेष कर नीदरलैंड जैसी टीम के खिलाफ जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।'' अगले वर्ष होने वाले विश्व कप में स्थान पक्का करने के लिए भारत का लक्ष्य शेष मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना तथा अपने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अधिकतम अंक हासिल करना होगा।

# इंग्लैंड को हराने के लिए टीम इंडिया ने मैदान में बहाया पसीना



**एजेंसी, लंदन**

### रोहित विराट के संन्यास के बाद गिल को बनाया 37वां टेस्ट कप्तान

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की। जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया।

रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुवाई कर रहे हैं, जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतना है।

सीरीज हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्प्टन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# दीक्षा तीसरे दौर के बाद भी शीर्ष 10 में

**एजेंसी, टेनेरिफ (स्पेन)**

भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां अबामा गोल्फ में टेनेरिफ महिला ओपन के तीसरे दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेलकर शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा। दीक्षा का तीन दिन के बाद स्कोर पांच अंडर है और वह अकेले नौवें स्थान पर हैं। वह तीसरे दौर के बाद एकल बढ़त हासिल करने वाली सारा कोसकोवा (69) से तीन शॉट पीछे हैं।

टेनेरिफ में कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीय अवनि प्रशांत ने तीसरे दौर में इवन पार का कार्ड खेला और अब वह 43वें स्थान पर हैं। चेक गणराज्य की सारा कोसकोवा ने तीसरे दिन तीन अंडर 69 के स्कोर के साथ बढ़त हासिल की और अब एक स्ट्रोक से आगे चल रही हैं। (अनंत ज्ञान)



### सप्तक तलवार का स्विटजरलैंड में अच्छा प्रदर्शन जारी



**एजेंसी, ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड)।** भारत के सप्तक तलवार ने अंतिम पांच होल में चार बर्डी के साथ तीसरे दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 16वें स्थान पर पहुंच गए। तलवार ने पहले दो दिन 69-69 का स्कोर बनाया था। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर सात अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के टोबियास जोनसन से छह शॉट पीछे हैं, जिन्होंने तीसरे दिन 67 का स्कोर बनाया था। गोल्फ सेम्पाच में तलवार ने 13वें होल में दिन की एकमात्र बोगी की। इसके बाद उन्होंने हालांकि, शानदार वापसी करते आखिरी पांच होल में चार बर्डी लगाई। उन्होंने 14वें और 15वें होल और फिर 17वें और 18वें होल में भी लगातार बर्डी लगाई। (अनंत ज्ञान)

# इंग्लैंड ने एंडोरा को 3-0 से हराया

**एजेंसी, बार्सिलोना**

इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल के यूरोपीय क्वालीफाइंग मैच में एंडोरा पर 1-0 से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने इस जीत से हालांकि, अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं और वह ग्रुप के में शीर्ष पर काबिज है।

इंग्लैंड की टीम विश्व में 173वें स्थान पर काबिज टीम के सामने तब तक गोल नहीं कर सकी जब तक कि 50वें मिनट में नोनी मदुके के पास को केन ने गोल में नहीं बदल दिया। केन का इंग्लैंड की तरफ से यह 106 मैच में 72वां गोल था।

केन ने कहा, ''हमें निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह ऐसा प्रदर्शन नहीं है जिसे बहुत से लोग याद रखेंगे। हमें खुशी है कि हम तीन अंक हासिल करने में सफल रहे।'' अल्बानिया और सर्बिया के बीच कड़ी सुरक्षा के बीच मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। अल्बानिया तीन मैचों के बाद चार अंकों के साथ ग्रुप के में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)



# फ्रेंच ओपन : ग्रैनोलर्स-जेबालोस ने पुरुष युगल का खिताब जीता



**एजेंसी, पेरिस।** मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस ने अपनी उम्र को धता बताकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता।

स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी लेकिन वह पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवीं वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7 (5), 7-5 से हराया।

ग्रैनोलर्स और जेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे। सैलिसबरी और स्कूप्स्की ओपन युग में ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी थी। (अनंत ज्ञान)

### टैगर-मैकडोनाल्ड ने जीत फ्रेंच ओपन जूनियर खिताब

**एजेंसी, पेरिस।** ऑस्ट्रिया की लिली टैगर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों का एकल खिताब जीता। पहली बार फ्रेंच ओपन के जूनियर वर्ग में खेल रही 17 वर्षीय टैगर ने शनिवार को फाइनल में ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त हन्ना क्लुगमैन को 6-2, 6-0 से हराया। टैगर ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए तथा 19 विनर्स लगाए। वह फ्रेंच



ओपन में जूनियर एकल खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी हैं। किसी बड़े टूर्नामेंट में उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना था।

लड़कों के एकल वर्ग के फाइनल में नील्स मैकडोनाल्ड ने जर्मनी के हम वतन खिलाड़ी मैक्स शोनहॉस के खिलाफ तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-7 (5), 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। मैकडोनाल्ड 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जूनियर खिताब जीतने वाले अलेक्जेंडर जेवरेव के बाद जर्मनी के पहले ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लड़कों का एकल खिताब जीता। (अनंत ज्ञान)

# 8 साल की शीशा ने की अकेले पैराग्लाइडिंग

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

साहस और कौशल का अद्भुत परिचय देते हुए 8 वर्षीय शीशा ने हिमाचल प्रदेश के विश्वप्रसिद्ध स्थल बीड़ बिलिंग में दो बार सफलतापूर्वक अकेले (सोलो) पैराग्लाइडिंग कर एक नया कीर्तिमान रचा। यह स्थान दुनियाभर में पैराग्लाइडिंग के लिए शीर्ष गिनती में आता है।



इस अद्वितीय उपलब्धि की शुरुआत तब हुई जब शीशा के पिता ने पैरामाउंटेन बीड़ बिलिंग टीम से संपर्क किया और बताया कि उनकी बेटी पहले ही कर्जत, मुंबई में एक सोलो उड़ान भर चुकी है। इसके बाद प्रशिक्षित और अनुभवी प्रशिक्षकों ने शीशा की आत्मविश्वास, नियंत्रण और मानसिक तैयारी का गहन मूल्यांकन किया।

सभी सुरक्षा मानकों और प्रशिक्षण के बाद उसे उड़ान भरने की अनुमति दी गई। शीशा ने दो बार सुरक्षित टेकऑफ और लैंडिंग करते हुए यह साबित कर दिया कि साहस उम्र का मोहताज नहीं होता। इस सफलता में पैरामाउंटेन बीड़ बिलिंग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्होंने सुरक्षित उड़ान, विशेषज्ञ प्रशिक्षण और बच्चों के लिए उपयुक्त माहौल उपलब्ध करवाया। (अनंत ज्ञान)

# कुसाले और इलावेनिल की टीम में वापसी

**एजेंसी, म्यूनिख**

### म्यूनिख विश्व कप में भारतीय चुनौती की करेंगे अगुवाई





वापसी कर रहे पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और इलावेनिल वलारिवान मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के तीसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। विश्व कप में कई अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेंगे। कुसाले ने घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) स्पर्धा में वापसी की।

दो बार की ओलंपियन इलावेनिल पेरिस के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नजर आएंगी। हालांकि वह आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक) निशानेबाज के तौर पर ब्यूनस आयर्स और लीमा नहीं गई थीं। महिला एयर पिस्टल में एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक की भी टीम में वापसी हुई है। हाल ही में महिला एयर राइफल राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू जैसे कुछ निशानेबाज विश्व कप में पदार्पण करेंगे।

पुरुष एयर पिस्टल में आदित्य मालरा और निशांत रावत के रूप में दो नए चेहरे होंगे क्योंकि भारत इस साल के अंत में बड़ी चुनौतियों से पहले इन दो स्पर्धाओं में अपनी गहराई को परखने की कोशिश करेगा। विश्व कप में 78 देशों के ओलंपिक और विश्व चैंपियन तथा खेल के दिग्गजों सहित कुल 695 निशानेबाज भाग लेंगे। इस सत्र की शुरुआत दक्षिण अमेरिका में दो प्रतियोगिताओं के साथ हुई थी जिसमें भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते जिससे टीम अंक तालिका में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही।

हालांकि, म्यूनिख चरण में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों की मौजूदगी को देखते हुए काफी कड़ी चुनौती होगी। चीन के दिग्गज निशानेबाज ली यूहोंग और 20 साल के शेंग लिहाओ प्रतियोगिता में चुनौती पेश करेंगे। यूहोंग मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में तीन बार के ओलंपिक पदक विजेता हैं। लिहाओ मौजूदा ओलंपिक, विश्व और एशियाई चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। शुरुआती दो चरण का विजेता चीन अपने पुरुष एयर पिस्टल ओलंपिक चैंपियन शेड यू को 22 सदस्यीय टीम में लेकर आया है।

मेजबान जर्मनी ने अपने दिग्गज पिस्टल निशानेबाज और पूर्व ओलंपिक तथा विश्व चैंपियन क्रिश्चियन रिट्ज के नेतृत्व में 27 सदस्यीय मजबूत टीम उतारी है। टीम की महिला एयर राइफल क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड धारक अन्ना यानसेन भी घरेलू सरजमीं पर चुनौती पेश करेंगी। (अनंत ज्ञान)

## सगाई : रिंग पहनकर रो पड़ीं प्रिया सरोज; अखिलेश-डिंपल, जया बच्चन भी रहे मौजूद

# क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की हुई सगाई

**एजेंसी, लखनऊ**

क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी लखनऊ के 'द सेंट्रम' होटल में हुई। रिंकू और प्रिया एक-दूसरे का हाथ पकड़कर हॉल में पहुंचे। स्टेज पर रिंकू ने प्रिया को रिंग पहनाई, तो वह भावुक हो गईं और फफक कर रो पड़ीं। रिंकू ने उन्हें संभाला।



इसके बाद दोनों ने हाथ उठाकर प्यार का इजहार किया और सेरेमनी में आए लोगों को थैंक्यू कहा। इस दौरान प्रिया ने पिंक लहंगा पहना हुआ था, जबकि रिंकू व्हाइट शेरवानी में नजर आए। बैकग्राउंड में शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' का गाना ओ माही, ओ माही बज रहा था।

रिंग सेरेमनी के बाद रिंकू और प्रिया ने केक काटा और एक दूसरे को खिलाया। इससे पहले, रविवार सुबह रिंकू होटल में अपने परिवार के साथ ब्रेकफास्ट कर रहे थे, तभी प्रिया सरोज पहुंचीं। रिंकू ने उन्हें 'हैलो' कहा और वेटर से अपने रूम का एक्सेस कार्ड दिलवाया। प्रिया रिंकू के कमरे में गईं। वहां रिंकू का कोट-पैंट रखकर लौट आईं। प्रिया ने रिंकू को कोलकाता से मंगवाई गई डिजाइनर रिंग पहनाई, जबकि रिंकू ने प्रिया को मुंबई से खरीदी गई डिजाइनर रिंग पहनाई। दोनों अंगूठियों की कीमत 2.5 लाख रुपए है।

प्रिया का लहंगा दिल्ली की मशहूर फैशन डिजाइनर महिमा महाजन ने और रिंकू की शेरवानी मुंबई के एक डिजाइनर ने तैयार की। रिंग सेरेमनी के बाद स्टेज पर अखिलेश, डिंपल, जया बच्चन, शिवपाल यादव समेत 20 सांसद पहुंचे और बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### 6 महीने बाद ताज होटल में होगी शादी

प्रिया सरोज और रिंकू सिंह की शादी 18 नवंबर 2025 को वाराणसी के ताज होटल में होगी। आयोजन पारंपरिक और शाही अंदाज में किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इसमें देशभर से राजनेता, क्रिकेट खिलाड़ी, फिल्मी सितारे और समाजसेवी शामिल होंगे। शादी के लिए ताज होटल का पिकॉक लॉन और दरबार हॉल बुक कर लिया गया है। वीआईपी मेहमानों के ठहरने के लिए नदेसर पैलेस में कमरे आरक्षित किए गए हैं।

### सगाई में ये हस्तियां हुईं शामिल



**रिंग** सेरेमनी के बाद स्टेज पर अखिलेश यादव, डिंपल यादव, जया बच्चन, शिवपाल यादव, इकरा हसन समेत 300 वीआईपी गेस्ट शामिल हुए। अखिलेश ने दोनों के साथ फोटो खिंचवाई और काफी देर तक बातचीत की। समारोह में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, पूर्व क्रिकेटर पीयूष चावला और प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे। इसके अलावा, गेंदबाज यश दयाल भी समारोह में पहुंचे, जिनकी गेंदों पर रिंकू ने लगातार 5 छक्के लगाकर क्रिकेट में स्टारडम हासिल किया था। इधर, प्रिया के विधायक पिता तूफानी सरोज ने सभी मेहमानों का वेलकम किया। उन्होंने सपा नेताओं को नसीहत दी कि यह कोई पार्टी का कार्यक्रम नहीं है, इसलिए फोटो खिंचवाने के लिए धक्का-मुक्की न करें।